हैप्पी धनतेरस

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 18 अक्तूबर 2025 | 3 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 291, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:26 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

शिमला	12 न्यू	24 अधि
धर्मशाला	17 न्यू	26 अधि

बाजार

सेंसेक्स	83,952.19
निफ्टी	25,709.85
सोना	1,29,584
चांदी	1,69,230

न्यूज शॉर्ट्स

केदार रुद्रनाथ धाम के कपाट हुए बंद

एजेंसी, चमोली। चमोली में स्थित चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 17 अक्तूबर को बंद कर दिए गए। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। कपाट बंद होने के बाद भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल गोपीनाथ मंदिर, गोपेश्वर के लिए रवाना हो गई। अब शीतकाल के दौरान भगवान रुद्रनाथ की पूजा और आराधना इसी गोपीनाथ मंदिर में संपन्न होगी। (अनंत ज्ञान)

सबरीमाला गोल्ड चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम। केरल के पठानमथिट्टा की रणनी कोर्ट ने शुक्रवार को सबरीमाला गोल्ड चोरी केस के मुख्य आरोपी उन्निकृष्णन पोट्टी को एसआईटी ने वीरवार रात 2:30 बजे हिरासत में ले लिया। शुक्रवार सुबह 14 घंटे से ज्यादा पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने उसे 30 अक्तूबर तक एसआईटी के रिमांड पर भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- डॉक्टर की प्रतिष्ठा को सोशल मीडिया पर लगाया दांव पर -पेज 2
- खेलों से खिलेंगी बालिकाओं की प्रतिभा: रोहित ठाकुर -पेज 3
- राज मिस्त्रियों की ट्रेनिंग के साथ श्रमिकों को मिलेगी दिहाड़ी -पेज 4
- हत्या के प्रयास मामले में दोषी को 5 साल की सजा -पेज 9
- मनाली में हुआ ड्रिफ्ट किंग ऑफ इंडिया सनम सेखों का शोकेस इवेंट -पेज 11

प्रदेश कांग्रेस को दिवाली के बाद मिलेगा नया अध्यक्ष

कुलदीप राठौर पद के प्रबल दावेदार, रोहित ठाकुर का नाम भी चर्चा में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

दिवाली के बाद प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष के नाम पर अंतिम फैसला हो सकता है। ठियोग से विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप राठौर का नाम प्रबल दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। संगठन चलाने का अनुभव और होलीलॉज गुट के समर्थन के चलते हाईकमान भी राठौर को दोबारा जिम्मेदारी सौंपने के पक्ष में माना जा रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री सुक्खू की पसंद को भी तरजीह दी जाएगी। बताया जा रहा है कि सुक्खू ने दिल्ली में अपनी पसंद के नाम भी रखे हैं और अब हाईकमान अंतिम निर्णय लेगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। अगर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है, तो सुक्खू सरकार कैबिनेट में क्षेत्रीय संतुलन साधने में सफल हो सकती है। वर्तमान में 11 सदस्यीय कैबिनेट में शिमला संसदीय क्षेत्र से पांच और शिमला जिला से तीन मंत्री हैं। इसके कारण मंडी संसदीय क्षेत्र को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। इसलिए माना जा रहा है कि रोहित के अध्यक्ष बनने पर सुक्खू कुल्लू से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बना सकते हैं।

दिल्ली में हाईकमान से मंथन कर वापस लौटे मुख्यमंत्री सुक्खू

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे के बाद शिमला लौट आए हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ संगठनात्मक मामलों और नए प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर लंबी चर्चा की। इस दौरे के साथ ही हिमाचल कांग्रेस में हलचलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक,

कांगड़ा को मिल सकता है एक और मंत्री

कैबिनेट में फिलहाल एक पद खाली है। इस पर कांगड़ा जिले से किसी विधायक को शामिल करने की संभावना जताई जा रही है। कांगड़ा से विधायक संजय रत्न और आशीष बुटेल के नाम इस दौड़ में हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिल्ली में कैबिनेट विस्तार को लेकर भी पार्टी नेतृत्व से चर्चा की है, ताकि क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

भुल्लर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

एजेंसी, चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और उनके बिचौलिए कृष्नु को शुक्रवार को चंडीगढ़ की स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस दौरान भुल्लर ने रुमाल से चेहरा ढका हुआ था। इस पर जज ने कहा कि अपने चेहरे से रुमाल हटाइए। वहीं, मीडिया के पूछने पर भुल्लर केवल इतना ही बोले- कोर्ट इंसाफ करेगा। भुल्लर के वकील एचएस धनोआ ने कहा कि भुल्लर को करीब 11:30 बजे हिरासत में लिया गया, मगर गिरफ्तारी रात 8 बजे डाली है। भुल्लर के घर 21 घंटे तक सीबीआई की रेड चली। उनके चंडीगढ़ के सेक्टर-40 स्थित घर से 7 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। इसके अलावा 15 से ज्यादा प्रॉपर्टी, ऑडी व मर्सिडीज की चाबी, लग्जरी घड़ियां, विदेशी शराब, 3 हथियार भी मिले। (अनंत ज्ञान)

गुजरात में 26 मंत्रियों की नई कैबिनेट

हर्ष संघवी डिप्टी सीएम, पिछली कैबिनेट के 6 मंत्री ही अपना पद बचा सके

एजेंसी, गांधीनगर

गुजरात में भाजपा ने महज 3 साल में सीएम भूपेंद्र पटेल के अलावा लगभग पूरी सरकार बदल दी। पार्टी ने वीरवार को 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया और शुक्रवार को 26 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में 19 नए चेहरे हैं, जबकि पिछली बार के 6 मंत्री ही अपना पद कायम रख पाए हैं। मंत्रियों में 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं हैं। मुख्यमंत्री समेत 8 मंत्री पटेल समाज से हैं। शुक्रवार को सबसे पहले हर्ष संघवी ने शपथ ली। उन्हें डिप्टी सीएम बनाया गया है। वहीं, क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा को भी मंत्री बनाया गया है। खास बात यह है कि हटाए गए मंत्रियों पर न तो कोई आरोप था और न कोई कानूनी केस। बावजूद इसके सरकार में बड़े फेरबदल को गुजरात में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

कैबिनेट में फेरबदल की 5 बड़ी वजहें

स्ट्रेटेजिक रीसेट : पार्टी ने भूपेंद्र पटेल के सभी 16 मंत्रियों से इस्तीफा देने को कहा, ताकि नया मंत्रिमंडल बनाने के लिए पूरी आजादी मिले।

कमजोर परफॉर्मेंस: कई मंत्रियों का प्रदर्शन कमजोर था। पार्टी लीडरशिप उनकी जगह नए चेहरे लाकर सरकार का कामकाज बेहतर करना चाहती थी।

जातीय समीकरण: पिछली कैबिनेट में सीएम भूपेंद्र पटेल के साथ कुल 16 मंत्री थे। भाजपा गुजरात की पटेल कम्युनिटी को मंत्रिमंडल में ज्यादा जगह देना चाहती थी।

लोकल इलेक्शन: गुजरात में अगले कुछ महीनों में लोकल बॉडी चुनाव होने हैं। पिछले महीने बिसावदर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की हार के बाद भाजपा नए चेहरों को मौका देना चाहती है।

ज्यादा नेताओं की हिस्सेदारी: गुजरात विधानसभा में 182 सीटें हैं। नियम के मुताबिक कुल सीटों के 15% तक मंत्री हो सकते हैं। इस हिसाब से गुजरात में मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इससे ज्यादा नेताओं को सरकार में शामिल किया जा सकता है।

एचआरटीसी ने चलाई दिवाली स्पेशल बसें

निगम की आज 106 और कल 54 अतिरिक्त बसें चलाने की योजना

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। दिवाली पर घर लौट रहे हिमाचलियों के लिए एचआरटीसी ने बड़ी राहत दी है। निगम ने शनिवार को 106 और रविवार को 54 अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। ये बसें दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी से हिमाचल के विभिन्न जिलों के लिए संचालित होंगी। त्योहारी भीड़ को देखते हुए निगम ने अपने सभी डिपुओं को अलर्ट कर दिया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर और बसें तुरंत चलाई जा सकें। इससे बाहरी राज्यों में कामकाज कर रहे लोगों को अपने घर तक पहुंचने में आसानी होगी। दिवाली को लेकर दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी से बसों की अग्रिम बुकिंग शुरू कर दी गई है। यात्री अब अपने जिले या क्षेत्र के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। एचआरटीसी प्रबंधन ने बताया कि दिल्ली से 44, चंडीगढ़ से 54 और बद्दी से 8 बसें शनिवार को रवाना होंगी, जबकि रविवार को दिल्ली से 6 और चंडीगढ़ से 48 बसें चलेंगी। निगम की यह विशेष सेवा 17 अक्तूबर से शुरू की गई है और 19 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

दिवाली के दिन शाम पांच बजे से लेकर अगले दिन सुबह आठ बजे तक लोकल रूटों पर बस सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। हालांकि लंबी दूरी की बसें नियमित रूप से चलेंगी ताकि यात्रियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

हेल्पलाइन व पूछताछ नंबर भी किए जारी

एचआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन और पूछताछ नंबर भी जारी किए हैं। हिमाचल के बाहर से जानकारी के लिए 1800-180-8185 और प्रदेश के भीतर के लिए 1100 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा शिमला, चंडीगढ़, दिल्ली अड्डों पर चौबीसों घंटे पूछताछ सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। निगम के चीफ जनरल मैनेजर पंकज ने कहा कि दिवाली पर हर यात्री सुरक्षित और सहज यात्रा कर सके, इसके लिए सभी डिपो को पूरी तैयारी के साथ तैनात किया गया है।

डिजिटल अरेस्ट आम अपराध नहीं : कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। देश में बढ़ती डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। अदालत ने खुद पहल करते हुए केंद्र सरकार और सीबीआई से इन मामलों में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह कोई आम अपराध नहीं है। दरअसल, ठगों ने हरियाणा के अंबाला जिले में 73 साल के बुजुर्ग दंपती से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए ठग लिए थे। उन्होंने दंपती को सुप्रीम कोर्ट और जांच एजेंसियों के नकली आदेश और जजों के फर्जी साइन दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया था। (अनंत ज्ञान)

उपलब्धि देश की 500 से ज्यादा कंपनियों ने मिलकर बनाया फाइटर जेट

स्वदेशी 'तेजस' ने भरी पहली उड़ान

एजेंसी, नासिक

भारतीय वायुसेना को मार्क-1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में तेजी लाने के मकसद से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र के नासिक में तीसरी प्रोडक्शन लाइन शुरू कर दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। एचएएल इस प्रोडक्शन लाइन के जरिए वायुसेना को 2032-33 तक 180 तेजस विमानों की आपूर्ति करने में मदद करेगी। यहां अभी आठ फाइटर जेट बनाए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 10 किया जा सकता है।

नासिक के ओझर की इस फेसिलिटी में बने पहले लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने शुक्रवार को पहली उड़ान भरी। इसका प्रोडक्शन देश की 500 से ज्यादा घरेलू कंपनियों ने मिलकर किया है, इसलिए इसे स्वदेशी तेजस भी कहा जा रहा है। वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही एचएएल को सितंबर में ही अमेरिका ने इसका चौथा इंजन भेजा था। इस फाइटर जेट की खूबियों में से एक है कि इसके विंग्स (पंखों) में 9 जगह मिसाइलें फिट होती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हर तेजस मार्क-1ए की औसत कीमत 600 करोड़ रुपए है। फाइटर जेट रफ्तार 2205 किमी/घंटा यानी ध्वनि से भी करीब दोगुनी तेज है। दरअसल, मार्क-1ए एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

रक्षामंत्री राजनाथ ने किया प्रोडक्शन यूनिट का उद्घाटन

यहां हर साल 8 तेजस जेट बनाए जाएंगे

एचएएल से 97 तेजस खरीदेगी वायुसेना

केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को वायुसेना को 97 तेजस फाइटर जेट खरीदने की हरी झंडी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को 25 सितंबर को कॉन्ट्रैक्ट दिया था। केंद्र ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क-1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं।

न्यूज ब्रीफ

न्यायिक परिसर में लैंगिक संवेदीकरण समिति का पुनर्गठन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश भुवनेश अवस्थी ने जिला न्यायिक परिसर में लैंगिक संवेदीकरण सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु स्थानीय समिति (जीएसआईसीसी) का पुनर्गठन किया है। यह समिति लैंगिक संवेदीकरण और यौन उत्पीड़न निषेध विनियम 2013 के तहत गठित की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार सिविल जज टीना मल्होत्रा को समिति की अध्यक्ष, जबकि वरिष्ठ शेरिस्तेदार सुषमा कुमारी को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अधिवक्ता भागिश शर्मा, केसी भाटिया, निशा वर्मा, अनिता कुमारी और सुशीला शर्मा को समिति में सदस्य बनाया गया है। यह समिति दो वर्षों तक कार्य करेगी और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय तथा अधीनस्थ न्यायालयों में महिला अधिकारों की रक्षा और यौन उत्पीड़न की रोकथाम से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला में दिखी रचनात्मकता

अनंत ज्ञान, जाहू। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दो ग्रुप (ए कक्षा 5-7, बी: कक्षा 8-12) के एक दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। ए ग्रुप में ईशिता शर्मा प्रथम, बी ग्रुप में ईशा शर्मा प्रथम रहीं। प्रधानाचार्य देशराज कमल ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए ऊर्जा संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि सतलुज जल विद्युत निगम द्वारा ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता व जागरूकता बढ़ती है। प्रतियोगिता में अन्य विद्यार्थियों की भी सराहनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक से दी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में ईको क्लब एवं बोस बॉटनिकल सोसायटी द्वारा ये है हमारी दीवाली-प्रकृति वाली, स्वदेश वाली विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने हरित व स्वदेशी दीपावली मनाने का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने पटाखों और चीनी उत्पादों के बहिष्कार व स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. कल्पना भंडारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. विजय ठाकुर, डॉ. विजय कुमार व डॉ. प्रमोद सिंह पाटियाल उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

अंशिका शर्मा का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

अनंत ज्ञान, धनेटा। डॉ. वाईएस परमार राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धनेटा (हमीरपुर) की प्रतिभावान छात्रा अंशिका शर्मा ने अंडर-17 टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से छात्रा ने विद्यालय, क्षेत्र और जिला का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार सिंह ने लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन विनोद धीमान और जतिंदर कुमार के साथ मिलकर छात्रा को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस टीम के कोच विनोद धीमान रहे। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य ने अंशिका को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है, इसलिए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा और खेल दोनों में संतुलन बनाकर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने यह भी घोषणा की कि विद्यालय में इस वर्ष ग्रीन दिवाली-स्वच्छ दिवाली अभियान मनाया जाएगा, जिसमें पर्यावरण के अनुकूल दिवाली मनाने का आग्रह किया गया। विद्यालय स्टाफ और छात्रों ने अंशिका की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेवा, अनुशासन व पर्यावरण संरक्षण का मिला संदेश

अनंत ज्ञान, भोरंज। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमारी मुख्य अतिथि और भूतपूर्व सैनिक मदन चंदेल विशेष अतिथि रहे। प्रधानाचार्य प्रकाश चंद ने बताया कि अंतिम दिन आंवला और हरड़ के औषधीय पौधे लगाए गए, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम है। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम और रिसोर्स पर्सन वार्ताएं आयोजित कीं। रिसोर्स पर्सन के रूप में जगदीश चंद्र शर्मा, डॉ. कुसुम, डॉ. तिलक राज, अंजलि डांडिया और कुलबीर चंदेल शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी जीवन शर्मा व हनी वनियाल की देखरेख में शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी रोहन चंदेल और मीनाक्षी चुने गए। बेस्ट कलरिस्ट का खिताब कीर्ति चंदेल व शिवानी चंदेल को मिला। समापन पर प्रधानाचार्य ने अनुशासन व सेवा भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

29 से शुरू होंगी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 29 से 31 अक्तूबर तक गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का शेड्यूल जारी कर सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों को टीमें भेजने के लिए सूचित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को 28 अक्तूबर सायं 5 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। इस वर्ष छात्र व छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, जूडो, शतरंज, कैरम बोर्ड, टेबल टेनिस और पिकलबॉल जैसे खेल शामिल किए गए हैं।

भूमि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों की सुनवाई 24 को

अनंत ज्ञान, नादौन। तहसील नादौन के गांव सेरी में पर्यटन परिसर के निर्माण के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु 24 अक्तूबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय नादौन में जनसुनवाई की जाएगी। एडीसी हमीरपुर और सेरी गांव के भूमि अधिग्रहण प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य के प्रशासक अभिषेक गर्ग ने सेरी गांव के प्रभावित परिवारों से इस जनसुनवाई में भाग लेकर अपना पक्ष रखने की अपील की है।

विशेष कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत की तैयारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में अभिभावक-अध्यापक बैठक का सफल आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने की। इसमें प्राचार्य, शिक्षक और लगभग 550 अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, विशेषकर बौद्धिक क्षमता पर आधारित परीक्षाओं के परिणामों का विश्लेषण किया गया। कक्षा 10वीं से 12वीं तक की द्वितीय सत्र की परीक्षाओं पर विशेष चर्चा हुई। आगामी माह से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और बच्चों की प्रगति हेतु सुझाव दिए।

कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देने पर जताई सहमति

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बोर्ड के मुख्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोर्ड के निदेशक मंडल की 52वीं बैठक की अध्यक्षता भी की। इस बैठक में बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार, अन्य अधिकारियों तथा निदेशक मंडल के गैर सरकारी सदस्यों ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। बैठक में कामगारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। निदेशक मंडल ने बोर्ड के कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर भी सहमति जताई।

विशेष रूप से सक्षम बच्चों को दिए दिवाली के उपहार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने पहचान संस्था के विशेष रूप से सक्षम बच्चों के स्कूल में जाकर इन बच्चों के साथ दिवाली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने स्कूल के बच्चों को मिठाई, फल व उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर पहचान संस्था की अध्यक्ष व प्रधानाचार्य चेतना शर्मा ने नरदेव सिंह कंवर और बोर्ड के अन्य अधिकारियों का स्वागत किया तथा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के साथ दिवाली की खुशियां साझा करने व उपहार प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बोर्ड के सेक्शन ऑफिसर विनय कुमार, एसीएफ संजीव कुमार, अन्य अधिकारी तथा पहचान संस्था के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्य बाजार में आज से बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। दिवाली पर्व के मद्देनजर हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार में भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने एक आदेश जारी करके गांधी चौक स्थित सोहारू कांप्लेक्स से लेकर सब्जी मंडी तक के क्षेत्र में 18 से 20 अक्तूबर तक सभी वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतः रोक लगा दी है। एंबुलेंस, अग्निशमन और ड्यूटी पर तैनात पुलिस वाहनों, दूध, रसोई गैस और कचरा उठाने वाले वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। डीसी ने बताया कि आम लोगों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी लोगों से सहयोग की अपील की है।

डॉक्टर की प्रतिष्ठा को सोशल मीडिया पर लगाया दांव पर

चिकित्सकों पर 24 से 36 घंटे तक लगातार ड्यूटी का दबाव, लंबी ड्यूटी से चिकित्सकों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

हमीरपुर। हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक डॉ. राजेश राणा अध्यक्ष हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इसमें राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य व विभिन्न जिला के पदाधिकारियों ने भाग लिया। हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन अध्यक्ष व हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा महासचिव डॉ. रनौत ने हमीरपुर संघ की तरफ से कडा विरोध जताया है और कहा हाल ही में चंबा के नागरिक अस्पताल तीसा में कार्यरत चिकित्सक को सोशल मीडिया पर प्रताड़ित किए जाने के विषय में गहन वार्ता हुई। किसी भी व्यक्ति की सच्चाई की गहन जांच को किए बिना उसे सोशल मीडिया पर प्रताड़ित करना मानवीय अधिकारों का खंडन है। इस घटना में एक महिला ने चिकित्सक की संपूर्ण प्रतिष्ठा को सोशल मीडिया

हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा।

में दांव पर लगा दिया है। संघ यह बताना चाहता है कि उस महिला के साथ चिकित्सक की कोई भी आमने-सामने वार्ता नहीं हुई है, जिस महिला ने चिकित्सक के बारे में बिना जांच के ही जो आरोप लगाए हैं, वह उसके सोशल मीडिया में फैन फॉलोइंग बढ़ाने के लिए भी किया गया पब्लिसिटी स्टंट भी हो सकता है। क्योंकि यह महिला अक्सर सोशल मीडिया में आए दिन रिल्स डालती रहती हैं और अपनी इसी आदत के चलते और अपनी फैन फॉलोइंग बढ़ाने के लिए यह एक सोची समझी साजिश भी हो सकती है। जब तक इस संदर्भ में एक निष्पक्ष जांच सामने नहीं आती है तब तक यह सोशल मीडिया में चिकित्सक की प्रताड़ना को शीघ्र अति शीघ्र रोका जाना चाहिए। महिला के द्वारा चिकित्सा के ऊपर बार-बार इल्जाम लगाना और सोशल मीडिया में यह कहना कि चिकित्सक ने उसकी एफआईआर को अपना प्रभाव दिखाकर रोक रखा है। इस संदर्भ में भी एक निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए और महिला के द्वारा बार-बार चिकित्सक की छवि को सोशल मीडिया में खराब करने के प्रयास को रोका जाना चाहिए। मीडिया बाइट में जिस व्यक्ति विशेष ने चिकित्सक को थप्पड़ मारने की धमकी दी है, उसकी भी संघ ने निष्पक्ष जांच मांगी है क्योंकि, किसी को भी कोई भी दंड देना न्यायालय या कोई एक्शन लेना जांच कमेटी के दायरे में आता है और इस तरह से धमकाया जाना एक सभ्य समाज के लिए खतरा है। इस प्रकरण की संघ जांच कमेटी की रिपोर्ट और न्यायिक जांच चाहता है।

प्रदेश में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों का बहुत अभाव चल रहा है जैसा की नागरिक अस्पताल तीसा में 17 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं और अभी पांच ही चिकित्सक वहां कार्यरत हैं, जिन्हें 24 से लेकर 36 घंटे तक लगातार ड्यूटी देनी पड़ रही है यदि वहां पर 17 चिकित्सक उपलब्ध होते तो इस तरह की घटना होने की कोई संभावना भी नहीं होती। यही हाल प्रदेश के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का है जहां कई स्वास्थ्य संस्थानों पर कोई भी चिकित्सक कार्यरत नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और नागरिक अस्पतालों में कई चिकित्सकों के पद इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के अनुरूप स्वीकृत नहीं है और अधिकांश में चिकित्सकों का अभाव चल रहा है। ऐसे में चिकित्सकों को सामान्य 8 घंटे को छोड़कर दिन-रात 12 से 36 घंटे तक कार्य करना पड़ रहा है।

संघ यह भी बताना चाहता है कि हिमाचल के चिकित्सकों को छुट्टी लेते समय ड्यूटी एडजस्ट करना और रविवार तथा सरकारी छुट्टियों में भी अपनी ड्यूटी एडजस्ट करते हुए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों का कई जगह पर तो इतना अभाव है कि चिकित्सकों को लगातार ही 24×7 ड्यूटी करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में चिकित्सकों को बहुत ही मानसिक प्रताड़ना और कार्य का अत्यधिक भार होने से स्वास्थ्य संतुलन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। सोशल मीडिया में बिना तथ्यों की जांच किए हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों को जिस तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है उससे उनके मनोबल को भारी ठेस पहुंच रही है और मानसिक संतुलन में डिप्रेशन का सामना करना पड़ रहा है। संघ की यह भी मांग रहेगी कि चिकित्सकों के ड्यूटी हॉर्स को शीघ्र डिफाइन किया जाए।

भीड़भाड़ वाले बाजारों में पटाखों के भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। दिवाली के पर्व के दौरान आग की घटनाओं को रोकने के लिए जिला के भीड़भाड़ वाले बाजारों में पटाखों के भंडारण एवं बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने जिला के मेन बाजारों हमीरपुर, नादौन, सुजानपुर, भोरंज, भोटा, बड़सर, जाहू, भरेड़ी, गलोड़ और बिझड़ी में पटाखों के भंडारण एवं बिक्री पर पाबंदी लगाई है। उन्होंने बताया कि जिला के सभी उपमंडलों के प्रमुख बाजारों में पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के लिए पहले ही स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। इन क्षेत्रों के सभी दुकानदार इन्हीं स्थानों पर ही पटाखों की दुकानें लगाएं। संबंधित एसडीएम भी पटाखों की बिक्री के लिए स्थान निर्धारित कर सकते हैं। जिलाधीश के आदेश के अनुसार 20 अक्टूबर की रात को 8 से 10 बजे तक केवल ग्रीन पटाखे चलाने की ही अनुमति होगी। 125 डेसिबल से अधिक ध्वनि वाले पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। स्वास्थ्य संस्थानों, शिक्षण संस्थानों और अन्य साइलेंस जोन के आस-पास भी पटाखे चलाने पर पाबंदी लगाई गई है।

सौरव को भाजपा युवा मोर्चा हमीरपुर के उपाध्यक्ष की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा हमीरपुर के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता सौरव शर्मा को संगठन ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। सौरव शर्मा पिछले कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने संगठन के हर स्तर पर युवाओं को जोड़ने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत, ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी उच्च नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के उपरांत सौरव शर्मा ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान और प्रेरणा का क्षण है। मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करूंगा।

जिले के मुख्य बाजारों में पटाखों की बिक्री के लिए स्थान चिन्हित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिले के सभी मुख्य बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में त्योहारी सीजन के दौरान आग की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने इन बाजारों में पटाखों की बिक्री व भंडारण के लिए अलग से स्थान चिह्नित किए हैं।

इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर शहर में ट्राला यूनियन, टौणी देवी में अरमान टेलर शॉप के सामने गायत्री माता मंदिर के पास, उहल में स्कूल के पीछे व जंदडू सड़क पर, अवाह देवी में पुलिस चौकी के पास व पैट्रोल पंप से 300 मीटर की दूरी पर, कक्कड़ बाजार में मंदिर के पास, लंबलू में मेला मैदान और गांव खनेउ के खसरा नंबर 927/1-983, सुजानपुर के चौगान में और गांव चबूतरा के खसरा नंबर 1378/1273 में पटाखों की बिक्री की जा सकेगी। मैहरे में बिजली बोर्ड के मैदान में, बड़सर में न्यायिक परिसर के पास मैदान में, बिझड़ी में ताल स्टेडियम, भोटा में बीएसएनएल कार्यालय के सामने, सलौणी में पटवार सर्कल के निकटवर्ती मैदान, चकमोह के पंचवटी चौक, भरेड़ी के चैंथ खड्ड, जाहू के खेल मैदान, भोरंज में बैलग और सम्मू ताल, सुलगवान में सुनैहल खड्ड के पुल के पास, नादौन में रामलीला मैदान, गलोड़ में मेन बाजार की पार्किंग और कांगू में ग्राम पंचायत मालग के मैदान में पटाखों की बिक्री की जा सकती है। इन स्थानों पर एक क्लस्टर में 50 से अधिक दुकानें नहीं होनी चाहिए। डीसी ने सभी दुकानदारों से चिह्नित स्थानों पर ही पटाखों की बिक्री व भंडारण करने की अपील की है, ताकि दिवाली के पर्व को उल्लासपूर्वक व सुरक्षित ढंग से मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास व लंबित मांगों पर चर्चा

अनंत ज्ञान, बड़सर

हिम आंचल पेंशनर्ज संघ बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक शुक्रवार को सेन भक्त मंदिर परिसर मैहरे में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान नरेन्द्र सिंह बन्याल ने की, जबकि संचालन खंड महासचिव तोता राम जंजुआ ने किया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, प्रदेश वित्तसचिव शम्भू राम जस्वाल, संरक्षक परस राम ठाकुर, सुरेश बन्याल, केवल कृष्ण सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पेंशनर उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों की प्रमुख समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। सरकार द्वारा 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने और अप्रैल से सितम्बर 2025 तक छह महीने का एरियर दिवाली से पहले बैंक खातों में जमा करने पर सरकार का आभार प्रकट किया गया। वहीं, जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों के लंबित ग्रैच्युटी, कम्युटेशन, लीव-एनकैशमेंट आदि की संशोधित बकाया राशि का भुगतान न होने और

हिम आंचल पेंशनर्ज संघ बिझड़ी की मासिक बैठक में मौजूद पेंशनर्स।

पेंशनरों के लंबित चिकित्सा बिलों के विभागों में लंबित रहने पर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया गया। प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम और वित्त सचिव शंभू राम जस्वाल ने संघ की गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपस्थित सदस्यों को दीं। केसी गौतम ने बताया कि पेंशनरों की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को हाल ही में एक मांग पत्र भेजा गया है, जिसमें लंबित महंगाई भत्ते की किस्तें जारी करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि संघ सरकार से महंगाई भत्ते को केंद्रीय पैटर्न के अनुसार 4 प्रतिशत करने की भी मांग कर रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास किया जा रहा है ताकि पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा हो सके। बैठक में बिगड़ी खंड के सदस्य जगदीश चंद शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बालकृष्ण जसवाल, ताराचंद वर्मा, जगन्नाथ धीमान, सुरेंद्र कुमार, परसोत्तम शर्मा, राजेंद्र गुलेरिया, रमेश चंद धीमान, रोशन लाल शर्मा, राम कृष्ण, मोहिंद्र सिंह, मिल्खी राम, चंदरोनी, देश राज वन्याल, फूलां रानी, शकुंतला देवी, शीला देवी, चरण दास, बालक राम शर्मा, रणजीत सिंह गुलेरिया, रिखी राम कलसी, कांशीराम, मोहिंद्र जसवाल, उत्तम सिंह, के सी सोनी, पृथ्वी सिंह, प्रेमचंद, सुदेश कुमार सहित कई अन्य पेंशनर भी उपस्थित रहे।

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फेयरवेल पार्टी के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाई डीएलएड द्वितीय वर्ष की फेयरवेल पार्टी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मिस फेयरवेल कनन शर्मा मिस्टर बने मोहित शर्मा

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन जोल सप्पड़ हमीरपुर में डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों ने द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों को फेयरवेल पार्टी दी।

कॉलेज के अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब रंग जमाया। इस दौरान द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण से विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। इसके आधार पर मिस फेयरवेल कनन शर्मा, मिस ब्यूटीफुल दिशा शर्मा, मिस पर्सनेलिटी शिवानी कौंडल तथा मिस्टर फेयरवेल मोहित शर्मा, मिस्टर हैंडसम शिवेश, मिस्टर पर्सनेलिटी रोहित चैधरी को चुना गया। डीएलएड के एचओडी सरिता वर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों को आने वाले भविष्य के लिए प्रेरणा दी ,इस समारोह में प्रवक्ताओं सहित डीएलएड प्रथम तथा डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

हिम अकादमी समूह के दोनों विद्यालयों ने रचा कीर्तिमान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर और हीरा नगर हमीरपुर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में दोनों कैंपस को राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है। हीरा नगर कैंपस ने दिवसीय विद्यालय श्रेणी में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे प्रधानाचार्य शशि बाला एवं नीता सिंह ने ग्रहण किया। वहीं, विकास नगर कैंपस ने दिवसीय सह-आवासीय विद्यालय श्रेणी में लगातार आठवीं बार अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। यह पुरस्कार विनीता गुप्ता और मनीषा मरवाह ने प्राप्त किया। यह रैंकिंग भारत के 8500 से अधिक शिक्षा विशेषज्ञों और अभिभावकों के साक्षात्कारों पर आधारित होती है, जिसे विश्व का सबसे विश्वसनीय स्कूल मूल्यांकन सर्वेक्षण माना जाता है। 14 अक्तूबर को गुरुग्राम के द पुलमैन होटल में आयोजित भव्य समारोह में यह

सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उत्तर भारत में नैतिक शिक्षा, अनुशासन, परीक्षा परिणामों और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण व्यवस्था के लिए प्रसिद्ध हिम अकादमी समूह ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि दूरदर्शी नेतृत्व और सतत परिश्रम से शिक्षा में नए मानक स्थापित किए जा सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के समर्पण, गैर-शिक्षण स्टाफ के सहयोग, अभिभावकों के विश्वास और विद्यार्थियों के अनुशासन को देते हुए उत्कृष्टता और मूल्य-आधारित शिक्षा को निरंतर बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

हिमाचल गो सेवा समीति द्वारा समाज सेवक और गो भगत सुख देव शास्त्री को उनके निवास भड़ोली भगोर में समानित किया और उनके अच्छे स्वस्थ की कामना के साथ उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

शुभम ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल जीता

अनंत ज्ञान, बड़सर। बाबा बालक नाथ मॉडल स्कूल चकमोह में एक बार फिर से उत्सव का माहौल रहा। इस उत्सव की वजह रहा खिलाड़ी शुभम, जिसने अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो में दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ये प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में 15 अक्तू बर से 16 अक्तूबर तक का संपन्न हुई। इसमें डिस्कस थ्रो में शुभम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस खिलाड़ी छात्र का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कि धर्मशाला में संपन्न होगी। इस अवसर पर बाबा बालक नाथ मॉडल स्कूल चकमोह में उत्साह व खुशी का माहौल रहा। स्कूल के मुख्य अध्यापक राजेंद्र सिंह ने खिलाड़ी छात्र के साथ समस्त अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी तथा बाबा बालक नाथ जी का तथा न्यास प्रशासन का विशेष धन्यवाद किया।

विशाल कुमार का तीन खेलों में राज्यस्तर पर चयन

अनंत ज्ञान, गलोड़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर हडेटा के छात्र विशाल कुमार पुत्र जगदीश चंद का चयन राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-14 में वॉलीबाल, हाईजंप शाट पुट में चयन हुआ। स्कूल के दो छात्र खिलाड़ियों ने वॉलीबाल में जिला स्तर पर नादौन ब्लॉक में खेलते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इसमें वॉलीबाल में विशाल कुमार का चयन राज्य स्तर पर हुआ। इसके बाद जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विशाल कुमार ने ऊंचीकूद में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा शाटपुट में द्वितिय स्थान प्राप्त करके सिल्वर मेडल प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-19 में मधु शमी ने डिस्कस थ्रो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य त्रिलोक चंद शम्मी और स्कूल प्रबंधन समिती के अध्यक्ष संतोष कुमार और अन्य सभी अध्यापकों ने बच्चो को समानित किया और बधाई दी।

मांग पेंशन व वित्तीय लाभ न मिलने पर दिया था एक माह का नोटिस

संयुक्त कार्रवाई समिति ने सरकार को घेरा

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) द्वारा शुक्रवार को हमीरपुर के गांधी चौक पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश के 18 विभागों के पेंशनरों द्वारा बनाई गई पेंशनर्स संयुक्त कार्रवाई समिति ने यह धरना-प्रदर्शन किया। समिति ने मुख्य सचिव के माध्यम से राज्य सरकार को 16 सितंबर को एक माह के समयबद्ध नोटिस दिया था। उस नोटिस पर कोई कार्रवाई न होने पर पेंशनरों ने सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया। रैली के समापन के पश्चात, जिला संयुक्त कार्रवाई समिति ने डीसी हमीरपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री पेंशनर्स संगठनों का साझा मांग-पत्र सौंपा। समिति के मांग पत्र के अनुसार संशोधित वेतन, पेंशन संबंधी लाभ, जैसे ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, अवकाश नकदीकरण और संशोधित पेंशन, 1 जनवरी, 2016 से 31 जनवरी, 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए सभी

गांधी चौक पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते पेंशनर्स।

पेंशनभोगियों को प्रदान किए जाएं। वर्तमान में, ये लाभ केवल 31, जनवरी,2022 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को ही प्रदान किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पहले से

न्यूज ब्रीफ

युवक के साथ मारपीट का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। पुलिस थाना चिड़गांव में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत सुरेंद्र सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी जारसा की शिकायत पर पुलिस में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि 16 अक्तूबर शाम जब वह अपनी गाड़ी से चिड़गांव से रोहड़ू की ओर आ रहा था, तभी नायरा पेट्रोल पंप सीमा के पास रबिन पुत्र ज्ञान सिंह निवासी टिपरोली ने उसे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी व उसके खिलाफ जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणियां कीं। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में आगे की जांच के आदेश प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी से पत्राचार किया गया है।

भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारी किए घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भाजपा ने शुक्रवार को अपने तीन प्रमुख संगठनात्मक मोर्चों महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। पार्टी ने यह नियुक्तियां संगठन में नई ऊर्जा लाने और आगामी चुनावी रणनीति को मजबूत करने के उद्देश्य से की हैं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उषा ठाकुर ने प्रदेशभर में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से विमर्श के बाद अपनी टीम की घोषणा की। नई टीम में विभिन्न जिलों से अनुभवी और युवा चेहरों को स्थान मिला है। उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, प्रवक्ता और आईटी संयोजक समेत करीब पचास पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। डॉ. ठाकुर ने कहा कि यह टीम महिला सशक्तिकरण और संगठन विस्तार के लक्ष्यों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएगी। वहीं, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी उप्पल ने भी अपनी कार्यकारिणी घोषित की। इस नई टीम में पार्टी ने युवाओं को बड़ी संख्या में अवसर दिए हैं। उपाध्यक्ष, महामंत्री, मीडिया प्रभारी, आईटी संयोजक और कार्यसमिति सदस्य जैसे पदों पर विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए युवा नेताओं को शामिल किया गया है। सन्नी उप्पल ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और यह टीम आने वाले समय में भाजपा की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेगी। इसी तरह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने भी अपनी टीम का ऐलान किया। प्रदेशभर से चुने गए प्रतिनिधियों को उपाध्यक्ष, सचिव, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता और सोशल मीडिया संयोजक के रूप में जिम्मेदारी दी गई है।

शिमला में 17वां रोजगार मेला 24 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में 24 अक्तूबर को 17वां रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला देशभर में केंद्र सरकार की ओर से एक साथ लगाए जा रहे रोजगार मेलों की श्रृंखला का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सीपीआरआई परिसर में होगा, जहां केंद्रीय मंत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और विभिन्न विभागों में चयनित युवाओं को नियुक्तिपत्र प्रदान करेंगे। जानकारी के अनुसार अब तक देश में ऐसे 16 रोजगार मेलों का सफल आयोजन किया जा चुका है। केंद्र सरकार की यह पहल रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इन मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तिपत्र दिए जा चुके हैं। रोजगार मेला न केवल युवाओं को अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को भी मजबूत बना रहा है। पिछला 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नई नियुक्तियां हुईं। इस बार भी युवाओं को रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य, डाक, वित्तीय सेवाओं, श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित कई अन्य विभागों में अवसर मिलेंगे।

खेलों से खिलेंगी बालिकाओं की प्रतिभा : रोहित ठाकुर

चौपाल में 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका खेल प्रतियोगिता का समापन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

चौपाल में पीएम श्री स्कूल में स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना की नींव रखते हैं।

शिक्षा मंत्री शुक्रवार को चौपाल में पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। वॉलीबॉल में जिला शिमला ने प्रथम और सिरमौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में सोलन प्रथम और शिमला द्वितीय रहा। खो-खो में हमीरपुर प्रथम तथा मंडी द्वितीय स्थान पर रहा। कुराश में सोलन ने प्रथम, जबकि कुल्लू और शिमला ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ठोड़ा में मंडी प्रथम और शिमला द्वितीय रहा, जबकि मार्च पास्ट में मंडी ने बाजी मारी। ऑलराउंडर विजेता जिला सोलन रहा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 583 बालिकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता से 107 छात्राओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने शिक्षा मंत्री का स्वागत किया और क्षेत्र की विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा।

शिक्षा मंत्री ने नेरवा के वीर चक्र शहीद श्याम सिंह भिक्टा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण कार्य 2 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने चौपाल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खद्दर के नए भवन की आधारशिला भी रखी।

शिमला एम्स के डॉक्टरों ने फूड पाइप में फंसा सिक्का निकाला

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला के चमियाना स्थित एम्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की टीम ने 15 साल पहले एक लड़की द्वारा निगला सिक्का शुक्रवार को सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया है।

15 साल पहले लड़की ने निगला था सिक्का

यह सिक्का लंबे समय से उसकी फूड पाइप में फंसा हुआ था। इससे लड़की जब खाना खाती थी तो कई बार खाना फूड पाइप में फंस जाता था। लड़की ने पहले कई अस्पतालों में उपचार कराया, लेकिन सिक्का नहीं निकल पाया था। लड़की की उम्र 23 साल बताई जा रही है। जब वह दूसरी कक्षा में पढ़ती थी, तब उसने यह सिक्का निगल दिया था। छोटी उम्र में लड़की ने मुंह में सिक्का डाला और गलती से निगल गई, जिससे सिक्का फूड पाइप में फंस गया। एम्स चमियाना के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की टीम में शामिल एचओडी डॉ. बृज शर्मा, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. विशाल बोध और डॉ. आशीष चौहान ने लड़की का ऑपरेशन किया। इसमें करीब एक घंटे का वक्त लगा।

राज्यपाल ने नारी सेवा सदन और बालिका आश्रम में मनाई दीपावली

राज्यपाल नारी सेवा सदन में बालिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

दीपावली उत्सव से पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शुक्रवार को अपनी पत्नी एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ला के साथ मशोबरा स्थित नारी सेवा सदन और बालिका आश्रम का दौरा किया। उन्होंने आश्रम में रह रही महिलाओं और बालिकाओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा मिठाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर राज्यपाल दंपति ने सभी से आत्मीय बातचीत की और उनके जीवन से जुड़ी बातों को सुना।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बालिकाओं से कहा कि शिक्षा जीवन को आकार देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने और आत्मनिर्भर बनने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और यहां के त्यौहार हमारी समृद्ध देव संस्कृति और परंपराओं से जुड़े हैं। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित किया कि वे सदैव अपने उत्साह को बनाए रखें और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे संस्थानों में रह रहे बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के समान अवसर दिए जाने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि उन्हें सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए ताकि वे अपने कौशल और आत्मविश्वास को बेहतर ढंग से विकसित कर सकें। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

सर्वपल्ली प्रशिक्षण संस्थान उत्कृष्ट शिक्षा और अनुशासन का प्रतीक

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड प्रशिक्षण संस्थान नोगली में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट शिक्षक प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है। पिछले दो दशकों से यह संस्थान समाज को निष्ठावान और कर्तव्यपरायण शिक्षक प्रदान कर रहा है, जो शिक्षा जगत में नई ऊंचाइयां स्थापित कर रहे हैं। संस्थान की पढ़ाई के दौरान प्रशिक्षुओं को टीईटीएवं सीटीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाती है तथा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षुओं को नकद प्रोत्साहन राशियां दी जाती हैं। संस्थान को अपनी उपलब्धियों और शैक्षिक गुणवत्ता के लिए प्रक्सिस मीडिया द्वारा नेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने इस सत्र में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 31,000, 21,000, 11,000 और 5,100 रुपए तक के नकद पुरस्कार घोषित किए हैं। साथ ही बीपीएल परिवार एवं एक ही परिवार से एकाधिक प्रशिक्षुओं को विशेष शुल्क छूट देने की घोषणा भी की गई है।

त्योहारों में भी पेंशनर्स का सड़कों पर होना सरकार की नाकामी : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि धनतेरस और दीपावली जैसे त्योहारों के बीच पेंशनर्स का अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना बेहद दुखद और सरकार की पूर्ण नाकामी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बुजुर्ग पेंशनर्स वर्षों की सेवा के बाद अपने हक की मांग को लेकर बार-बार धरनों और प्रदर्शनों पर मजबूर हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्री एक-दूसरे पर आरोप मढ़ने में व्यस्त हैं जबकि पेंशनर्स के मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों के मेडिकल बिलों का तीन-तीन साल तक भुगतान न होना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि हिम केयर का पैसा रोककर सरकार गरीबों को इलाज से वंचित कर रही है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। जयराम ठाकुर ने सरकार से आग्रह किया कि पेंशनर्स की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर तुरंत समाधान किया जाए। नेता प्रतिपक्ष ने धनतेरस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की कृपा सभी पर बनी रहे।

यूथ फेस्टिवल में सीमा कॉलेज के स्टूडेंट्स ने चमकाया नाम

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

सीमा कालेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल के दौरान प्रतिभागी।

रोहड़ू। राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय नहान में आयोजित 13 से 15 अक्तूबर तक यूथ फेस्टिवल ग्रुप-1 रचनात्मकता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय के प्रिंस धांटा व अर्चिता नेगी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता अंग्रेजी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि रिया सरान ने भाषण प्रतियोगिता अंग्रेजी में तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति और रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

नेरवा में घास काटते खाई में गिरी महिला, मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के नेरवा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव धनाड़ा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला घास काट रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार सीता देवी (45) पत्नी ललित मोहन निवासी गांव धनाड़ा डाकघर भराणु तहसील नेरवा वीरवार शाम कोअपनी घासनी में घास काट रही थीं। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह लगभग सौ फीट गहरी खाई में लुढ़क गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सीता देवी को खाई से बाहर निकाला और उन्हें नेरवा अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

कशिश और रोनी राणा ने वाद विवाद प्रतियोगिता में मारी बाजी

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नाहन कॉलेज में संपन्न अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-1 में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। कशिश और रोनी राणा ने प्रदेश भर के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की।

प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने कहा कि यह पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों सहित युवा महोत्सव समिति को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे प्रदर्शन से संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गुणवत्ता राज्य स्तर पर नई पहचान बना रही है।

नए पंचायत घरों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे : अनिरुद्ध

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में एक और मील का पत्थर जुड़ा, जब ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मांजू डाबरी और कोहलू जुब्बड़ (तारापुर) में नए पंचायत घरों का लोकार्पण किया। मांजू डाबरी का पंचायतघर एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बना है, जिसमें पुस्तकालय, बैठक हॉल, सम्मेलन हॉल, प्रधान कक्ष, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, मनरेगा सहायक, रसोई और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

मंत्री अनिरुद्ध सिंह लोगों को संबोधित करते हुए।

इसी अवसर पर उन्होंने गुम्मा-कंडा सड़क का शिलान्यास भी किया।

मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में जहां भी नए पंचायत घर बन रहे हैं, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहे। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि पंचायत के सभागारों का उपयोग शादी समारोह या सामाजिक कार्यक्रमों के लिए करें, पर पंचायत इसके लिए नाममात्र का शुल्क तय करे ताकि आय का स्रोत भी बन सके। उन्होंने नए पंचायत घर के लिए डेढ़ लाख रुपए फर्नीचर हेतु देने की घोषणा की और श्मशानघाट तक रास्ते के निर्माण के लिए दो लाख रुपए स्वीकृत किए। उन्होंने कहा कि कंडा-क्यालू सड़क पर तुरंत मशीनरी तैनात की जाएगी। कुई क्षेत्र में पेयजल टैंक निर्माण की मांग को भी स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि पंचायत जैसे ही भूमि चयनित करेगी, जल शक्ति विभाग टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतघर के पास की भूमि पर खेल मैदान विकसित किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके। मंत्री ने रामनगरी से कटली मार्ग का शिलान्यास और कोहलू जुब्बड़ पंचायत के नए पंचायतघर का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पहले यह पंचायत ढली पंचायत में चल रही थी, लेकिन अब अपना भवन बन जाने के बाद दिवाली के बाद से यहीं से पंचायत कार्य होगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 150 से अधिक पंचायत घर बन रहे हैं, जिन पर प्रत्येक पर लगभग 1.14 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कोहलू जुब्बड़ में पटवार सर्कल स्थानांतरित करने की घोषणा की और टिककरी से क्यार कोटी मार्ग के लिए दो लाख रुपए स्वीकृत किए।

निदेशक अजय शर्मा ने किया प्राचीन कोठी का शिलान्यास

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर

सामाजिक दायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसजेवीएन ने झाकड़ी क्षेत्र के ऐतिहासिक देवी साहिबा लाटी जाहरी, खड़काग मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 36,28,379 रूपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। शुक्रवार को एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने मंदिर परिसर में प्राचीन कोठी का शिलान्यास कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की।

मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के लिए कुल सहायता राशि का 40 प्रतिशत हिस्सा यानी 14,51,352 रूपये पहली किश्त के रूप में तत्काल जारी किया जा रहा है। शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि एसजेवीएन परियोजना क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि 2016-20 के दौरान भी एसजेवीएन ने इस मंदिर के विकास कार्यों के लिए 26,20,434 रुपए की सहायता प्रदान की थी। इससे मंदिर में इंटरलॉकिंग पेवर, चेन-लिंक बाड़, पक्के पथ निर्माण और धार्मिक मेलों के आयोजन जैसे कार्य संपन्न हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।

इसके अलावा निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन एवं अध्यक्ष, एसजेवीएन फाउंडेशन अजय कुमार शर्मा ने परियोजना प्रभावित व्यक्ति के माध्यम से परियोजना कार्यों के लिए भाड़े पर लिए गए एक ई.वी. वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एन.जे.एच.पी.एस. के परियोजना प्रमुख राजीव कपूर सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

मंदिर जीर्णोद्धार के लिए मिली 36 लाख रुपए की सहायता

बिहार में मंगलराज से जंगलराज की वापसी चाहता है महागठबंधन : अनुराग

बेतिया और रक्सौल में जनसभा को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

अनंत ज्ञान, शिमला

बेतिया और रक्सौल में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरजेडी और उसके सहयोगी बिहार को मंगलराज से वापस जंगलराज की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब आरजेडी आई, तबाही लाई। लालू-राबड़ी के राज में अपहरण, नरसंहार, अंधेरा और अराजकता ही बिहार की पहचान थी।

अनुराग ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में सुशासन और कानून का राज स्थापित किया। उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए पूछा कि जो लोग रोजगार देने की बात करते हैं, पहले बताएं कि रेलवे भर्ती घोटाले में कितनों से जमीनें हड़पी गईं? उन्होंने कहा कि लालू परिवार ने बिहार की तीन पीढ़ियों को पीछे धकेला, मगर न कोई अफसोस है न माफी। महिलाओं के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लालटेन राज में सबसे ज्यादा अत्याचार महिलाओं पर हुए। आज डबल इंजन सरकार में लड़कियां सेना-पुलिस में जगह बना रही हैं। बिहार को फिर उस अंधेरे में नहीं जाने देंगे।

घरायना में कॉलेज एनएसएस इकाई ने चलाई जनजागरूकता मुहिम

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय डिग्री कॉलेज, सुन्नी की एनएसएस इकाई ने शुक्रवार को अपने गोद लिए गए गांव घरायना में एकदिवसीय सेवा और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य प्रो. अंजलि ने कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन, मतदाता जागरूकता और स्वच्छता का संदेश दिया। गांव पहुंचने पर स्वयंसेवकों ने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाया, लोगों को ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने का संदेश दिया तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व पर चर्चा की। पल्यार स्कूल में पौधारोपण और सफाई अभियान चलाकर हरित परिसर विकास की पहल की गई।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत पंचायत भवन के आसपास प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर उसका उचित निपटान किया गया। पंचायत प्रधान संजय भारद्वाज ने कॉलेज प्रशासन और छात्रों के प्रयासों की सराहना की, जबकि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन ने कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में नेतृत्व, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।

पारदर्शी की राहत पर ऑटो यूनियन

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

उपमंडल रामपुर में बुशैहर ऑटो ऑपरेटर यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को प्रधान गोपाल सिंह की अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय रामपुर में संपन्न हुई। बैठक में 5 जून की आम सभा के कोरम पूर्ण न होने पर उसे अमान्य मानते हुए संबंधित प्रस्ताव रद्द कर दिया गया।

यूनियन संचालन में पारदर्शिता के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया तथा महासचिव मस्तराम को आय-व्यय के समाधान व कानूनी सलाह लेने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में तय किया गया कि यूनियन से लाभ उन्हीं सदस्यों को मिलेगा जो संगठन नियमों का पालन व समय पर चंदा जमा करेंगे। तीन माह तक चंदा न देने वालों को सभी सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग का आग्रह किया है।

न्यूज ब्रीफ

रंगोली स्पर्धा में ऋग्वेद व यजुर्वेद सदन प्रथम

अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा। रोजमेरी पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस रंगोली मेकिंग कंप्टीशन एवं तोरण मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी सृजनशीलता और कला कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में ऋग्वेद सदन और यजुर्वेद सदन ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी साझा की। वहीं, तोरण मेकिंग प्रतियोगिता में ऋग्वेद सदन और अथर्ववेद सदन ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्रों को दी हरित दीपावली मनाने की प्रेरणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला द्वारा दीपावली के अवसर पर राजकीय उच्च पाठशाला चटैहड़ (योल) एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में पर्यावरणीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के दौरान विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला के सहायक पर्यावरण अभियंता, ई. वरुण गुप्ता द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर ई. वरुण गुप्ता ने विद्यार्थियों को दीपावली के महत्त्व के बारे में जानकारी दी एवं सभी से हरित दीपावली मनाने तथा पटाखों का उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदूषण मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

रंगोली स्पर्धा में एपीजे अब्दुल कलाम सदन प्रथम

अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां। डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, नगरोटा सूरिया में आज में आज दीपावली का उत्सव बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीयों और फूलों से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना, राम धुन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। छात्रों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें गीत, कविताएं और नाटिकाएं शामिल थीं। बच्चों ने दीयों की रसेशनी से दूर करें अंधकार का संदेश देते हुए पर्यावरण के अनुकूल 'हरित दीपावली' मनाने का आग्रह किया। स्कूल के चार सदनों के बीच रंगोली कंपटीशन करवाया गया, जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम सदन प्रथम स्थान पर रहा, स्वामी दयानंद सदन दूसरे व महात्मा हंस राज सदन एवं महात्मा आनंद स्वामी सदन तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली प्रेम, सत्य और सद्भाव का त्योहार है। उन्होंने बच्चों को पटाखों से दूर रहने और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया।

विद्यार्थियों ने बनाईं रंग-बिरंगी रंगोलियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अवर ऑन इंग्लिश स्कूल, शाहपुर में दीपावली का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगी आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं, जिन्हें देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कार्वी वर्मा, सुहानी शर्मा, छवि, तमन्ना कोंडल, हरदीप और आदित्य की टीम को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पीयूष चौधरी, रुद्र प्रताप सिंह, कार्तिक, साहिल, अक्षित, अंतिम, सात्विक और वंशिका की टीम ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान सर्विक, वेदिका, अन्वेषा, स्नेहा, डोली और हर्षित की टीम को मिला। छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर और मनमोहक रंगोलियां बनाईं, जिससे वातावरण और भी रंगीन हो गया। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य रविंदा कुमारी और विद्यालय के प्रबंध निदेशक पारस अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के उपरांत बच्चों ने आतिशबाजी कर दीपावली उत्सव का आनंद लिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक पारस अवस्थी ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा बच्चों से सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने की अपील की।

श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह व कंस वध का वर्णन

शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर। सिद्धि विनायक गौशाला मूहल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर (गांव पाईसा, जिला कांगड़ा) ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के ऐसे प्रसंग सुनाए कि पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य भवानी शंकर ने इस अवसर पर भोलेनाथ द्वारा मां पार्वती को सुनाई गई रासलीला, गोपियों के विरह गीत, कंस वध तथा श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह के भावपूर्ण प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रासलीला केवल नृत्य नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है यह भक्त और भगवान के बीच प्रेम की चरम अभिव्यक्ति है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। जब श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मणी हरण और द्वारका में हुए भव्य विवाह का वर्णन हुआ, तो पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। गोशाला प्रबंधक सुशील शर्मा के सौजन्य से चल रही इस कथा में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है।

प्रागपुर स्कूल का फिर चमका नाम

अनंत ज्ञान, परागपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) प्रागपुर का नाम एक बार फिर चमका, जब इस स्कूल के पूर्व छात्र और वर्तमान में नायब तहसीलदार रक्कड रजनीश कुमार शुक्रवार सुबह अपने पुराने विद्यालय पहुंचे। कारण था उनके पुत्र आशुतोष की शानदार उपलब्धि, जिसने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है, वहीं उनकी पुत्री मानसी, जो वर्तमान में चंडीगढ़ में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, वह भी इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा हैं। गौरव की बात यह रही कि पिता, पुत्र और पुत्री तीनों ही इसी स्कूल के विद्यार्थी रह चुके हैं, जिसने अब पूरे प्रागपुर क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। विद्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार रजनीश कुमार ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों के बीच मिठाई बांटकर खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि मैंने भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की थी। आज मेरे बच्चे भी इसी स्कूल से नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, यह मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। इस अवसर पर विद्यालय में मेराथन दौड़ और सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा कौशल ने इस अवसर को विद्यालय के इतिहास का गौरवमयी क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता हमारे शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास का सुंदर परिणाम है। ऐसे क्षण न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

डाडासीबा में कृषि अधिकारी न होने से किसान परेशान

पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। डाडासीबा क्षेत्र के किसानों के लिए इस बार गेहूं की बुआई से पहले परेशानी बढ़ गई है। कारण यह है कि कृषि कार्यालय डाडासीबा में इस समय कोई अधिकारी तैनात नहीं है, जिसके चलते कार्यालय पूरी तरह बंद पड़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि प्रसार अधिकारी प्रागपुर सपन धीमान ने बताया कि डाडासीबा कृषि कार्यालय में अधिकारी न होने के कारण इस वर्ष गेहूं व अन्य फसलों का बीज वहीं से वितरित नहीं किया जा सकेगा। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीज वितरण की अस्थायी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अब किसान सरकारी सभा गुरनबाड़ और नंगल चौक से गेहूं और अन्य प्रमाणित बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय टीमों को निर्देश जारी किए गए हैं। किसानों ने मांग की है कि डाडासीवा कार्यालय में जल्द अधिकारी की तैनाती की जाए ताकि क्षेत्र के किसानों को दूसरे स्थानों के चक्कर न काटने पड़ें।

राज मिस्त्रियों की ट्रेनिंग के साथ मनरेगा श्रमिकों को मिलेगी दिहाड़ी

आरसेटी प्रदेश में 1150 को देगा ट्रेनिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संचालित होंगे प्रोग्राम

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

धर्मशाला। राज मिस्त्रियों की ट्रेनिंग के साथ मनरेगा श्रमिकों को दिहाड़ी भी दी जाएगी। रुरल सेल्फ इम्प्लायमेंट ट्रेनिंग इंस्टीटयूट (आरसेटी) ने प्रदेश भर में 1150 लोगों को राजमिस्त्री की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य तय किया है। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम आरसेटी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) द्वारा संचालित किए जाएंगे, जो कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित हैं। आरसेटी प्रदेश के 11 जिलों में गतिविधियां संचालित कर रहा है, ऐसे में 1150 राजमिस्त्री तैयार करने की पहल के चलते हर जिला को लगभग 150 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें उन मनरेगा मजदूरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके जॉबकार्ड बने होंगे। यही नहीं मनरेगा मजदूरों को दिहाड़ी से वंचित न होना पड़े, इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग के समय की दिहाड़ी भी दी जाएगी। ट्रेनिंग प्रोग्राम पीएमएवाई के तहत आयोजित किए जा रहे हैं, ऐसे में ट्रेनिंग में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को पीएमएवाई के तहत बन रहे भवनों में प्रेक्टिकल भी करवाया जाएगा। मनरेगा श्रमिक राजमिस्त्री कार्य की बारीकियां सीखने उपरांत निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करने के साथ अपनी आर्थिकी सुदृढ़ कर सकेंगे।

प्रमाणित ग्रामीण राज मिस्त्री पूरे भारत में दे सकेंगे ट्रेनिंग

आरसेटी की पहल के तहत जिला ऊना में दो दिवसीय ग्रामीण राज मिस्त्री प्रशिक्षक, प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए, जिन्हें ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित एवं प्रमाणित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात, ये प्रतिभागी प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में पूरे भारत में ग्रामीण राज मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण देने के पात्र होंगे।

ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स का उद्देश्य निर्माण एवं मिस्त्री कार्य क्षेत्र में दक्षता और गुणवत्ता में वृद्धि करते हुए ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षकों की सशक्त श्रृंखला तैयार करना है। आरसेटी के माध्यम से प्रदेश में 1150 लोगों को राजमिस्त्री कार्य में ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें जॉबकार्ड धारक मनरेगा श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें ट्रेनिंग के साथ दिहाड़ी देने का भी प्रावधान है तथा उन्हें पीएमएवाई के तहत बन रहे भवनों में प्रेक्टिकल भी करवाया जाएगा।

-डॉ. अंबिका साहू, राज्य नियंत्रक, आरसेटी हिमाचल प्रदेश

पठानकोट में डाउन-टाउन रेस्टोरेंट के बाहर हमला, पुलिस ने 3 दबोचे

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। पठानकोट के थाना सुजानपुर की पुलिस ने पठानकोट-जेएंडके नेशनल हाइवे स्थित डाउन-टाउन रेस्टोरेंट के बाहर हुई गुंडागर्दी और हमले के मामले में पांच में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार रात पार्किंग को लेकर हुए विवाद के दौरान युवक पवन, जो कि एसएसपी कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी है, पर तेजधार हथियारों से हमला किया गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को काबू कर लिया है।

फरार आरोपियों की तलाश जारी, हथियार बरामदगी अभी बाकी

पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर दो फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी युवराज निवासी सुजानपुर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बाकी दो आरोपियों को हाल ही में पकड़ा गया है। पुलिस अभी तक हमले में इस्तेमाल हुए हथियार बरामद करने में सफल नहीं हो सकी है और छापामारी जारी है। थाना प्रभारी मोहित टॉक ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीएसएनएल जल्द करेगा वापसी : भारद्वाज

निगम के दीपावली पर जारी आकर्षक प्लान को सांसद ने सराहा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि बीएसएनएल जल्द ही अपनी लय में लौटेगा। शुक्रवार को बीएसएनएल मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठक अध्यक्षता करते हुए सांसद एवं सलाहकार समिति अध्यक्ष डा. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में निसंदेह बीएसएनएल संघर्ष कर रहा था, परंतु केंद्र सरकार के परिणामोन्मुख दृष्टिकोण और बीएसएनएल को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक रूप से बेहतर नेटवर्क उपलब्ध करवाने के निरंतर प्रयासों के अनुरूप बीएसएनएल ऊंचाइयां छू रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि निकट भविष्य में भारतनेट जैसे प्रोजेक्ट बीएसएनएल सेवाओं में पंख लगाने वाले हैं । भारतनेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिला कांगड़ा व चंबा में प्रत्येक पंचायत तक फ़ाइबर बिछा कर घर-घर तक सस्ती और बेहतर हाई-स्पीड इंटरनेट की सेवाएं उपलब्ध करवाएगा। सांसद ने बीएसएनएल द्वारा हाल ही दिवाली के अवसर पर प्रारंभ की गई स्वदेशी 4 जी सेवा के अंतर्गत मात्र 1 रु के रीचार्ज में असीमित कॉल, 2 जीबी प्रतिदिन दर से 30 दिन के लिए डाटा तथा 100 निशुल्क एसएमएस जैसी योजना सचमुच सस्ती एवं आकर्षक है । उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित बीएसएनएल धर्मशाला के वरिष्ठ महाप्रबंधक, विपिन कुमार मौर्या जो कि टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य सचिव भी हैं, की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे बहुत उर्जावान अधिकारी हैं और मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में जिला कांगड़ा व चंबा में संचार सेवाएं सुदृढ़ होगी तथा दूरगामी ग्रामीण क्षेत्रों तक भी बेहतर संचार सेवाओं का संचालन होगा। उन्होंने समिति सदस्यों को भी निर्देश दिए कि उनके क्षेत्रों की संचार से सम्बंधित समस्याओं के निपटान के लिए बीएसएनएल अधिकारीयों से संपर्क कर उनका सहयोग लें ताकि उपभोक्तों को बेहतर संचार सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को भी आश्वस्त किया कि सरकार का दृष्टिकोण बीएसएनएल के प्रति सदैव सकारात्मक रहा है तथा उपभोक्ताओं को उच्च कोटि की संचार सेवाएं प्रदान करने में केंद्र सरकार से उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा और वे स्वयं भी इस के लिए तत्पर रहेंगे।

टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज।

एचआरटीसी वोल्वो बस के ड्राइवर और कंडक्टर के साथ हुई मारपीट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

उत्तर प्रदेश के चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

एचआरटीसी वोल्वो बस ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट के आरोप में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना वीरवार रात की है, जिसकी सूचना मिलने पर रानीताल पुलिस ने मौका पर पहुंचकर चारों युवकों को हिरासत में लिया था, जिनके खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार एचआरटीसी वोल्वो बस नंबर एचपी-63-8380 चंडीगढ़ से धर्मशाला आ रही थी व रात करीब 10.30 बजे देहरा के दरकाटा में उत्तराखंड नंबर की एक्सयूवी में सवार युवकों ने बीच सड़क पर गाड़ी लगाकर एचआरटीसी बस को रोका। इसके बाद युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही रानीताल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची व चारों युवकों को हिरासत में लिया।

उधर, डीएम एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला पंकज चड्ढा ने बताया कि पिछले कल यूके नंबर की गाड़ी में बैठे युवकों ने चंडीगढ़ से धर्मशाला आ रही बस को रोका और चालक-परिचालक के साथ मारपीट की, उसके तुरंत बाद एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने एसपी कांगड़ा को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बस के परिचालक ने युवकों के खिलाफ रानीताल पुलिस चौकी में एफआईआर दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि कानून के तहत युवकों पर कार्रवाई की जा रही है।

31 तक खुला रहेगा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा केंद्र सृजन, उन्नयन एवं पुनः मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 17 से 31 अक्तूबर तक पुनः खोल दिया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय अपने लॉगिन आईडी से आवेदन कर सकते हैं। यह संस्थाओं के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर है। इसके बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अध्यापिका का पर्स छीनने पर एक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, इंदौरा। पठानकोट से सुजानपुर की ओर स्कूटी पर जा रही एक अध्यापिका का पर्स दो स्नैचरों ने छीन लिया। युवती के चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने दोनों स्नैचरों का पीछा किया। राहगीर सुभाष ने बताया कि वे अपने मोटरसाइकिल पर सुजानपुर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि दो लुटेरे एक महिला की स्कूटी से पर्स छीन कर भाग रहे हैं। उन्होंने तुरंत उनका पीछा किया। थोड़ी दूरी पर रेलवे क्रासिंग का फाटक बंद हो गया, जिससे दोनों में से एक स्नैचर फरार हो गया, जबकि दूसरा लोगों के कब्जे में आ गया। पकड़े गए स्नैचर की जमकर पिटाई हुई और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्नैचर को लगभग 20 मिनट तक पकड़ कर रखा गया, लेकिन पुलिस तब तक मौके पर नहीं पहुंची। वहीं, पीड़ित महिला ने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी, जो जल्द ही मौके पर पहुंच गए। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है और फरार स्नैचर की तलाश जारी है।

डॉक्टर्स को जल्द जारी किया जाए नॉन प्रेक्टिसिंग अलांउस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन एचएमओए जिला कांगड़ा की सीईसी की बैठक जोनल अस्पताल धर्मशाला में आयोजित की गई। इस मौके पर एचएमओए के अध्यक्ष डा. उदय सिंह, महासचिव डा. अंकुश भडियाला सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान ऐसोसिएशन ने वर्ष भर किए गए विभिन्न कार्यों को लेकर समीक्षा की। एचएमओए के जिला अध्यक्ष डा. उदय सिंह व महासचिव अंकुश भडियाला ने बताया कि डाक्टरों को एनपीए नॉन प्रेक्टिसिंग अलांउस प्रदान नहीं किया जा रहा है, उसे जल्द से जल्द प्रदान किया जाए। साथ ही 4-9-14 को प्रदान करने की बात कही है, जिसे पड़ोसी राज्य पंजाब में भी प्रदान किया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि मेडिकल ऑफिसर को सेवाएं प्रदान करने पर जॉब ट्रेनी कहा जा रहा है, जो कि डाक्टरों को ठेस पहुंचा रहा है। एक साल की इंटर्नशिप के बाद भी ट्रेनी कहे जाने को विरोध करते हुए इस शब्द को सरकार से हटाने की मांग रखी है। डॉ. उदय ने कहा कि मेडिकल ऑफिसर के कई स्थानों पर पद खाली पड़े हुए हैं, जिन्हें जल्द से जल्द भरा जाए। कई स्थानों पर पदों के खाली होने पर डाक्टरों को लंबे-लंबे घंटे तक अपनी सेवाएं प्रदान की जा रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य व मानसिक हेल्थ पर भी असर पड़ रहा है। एचएमओए के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विशेषज्ञ डाक्टर एसआरशिप यानि सीनियर रेजिडेंट करके अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उनकी पदोन्नति नए मेडिकल कॉलेज में की जा रही है। जबकि अन्य स्थानों पर पद खाली पड़े हुए हैं, जिससे लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है, ऐसे विषय को सरकार को देखना चाहिए। डा. उदय सिंह ने कहा कि डाक्टरों के खिलाफ इन दिनों सोशल मीडिया ट्रायल चलाया जा रहा है, जोकि सही नहीं है। इसके स्थान पर उचित कार्रवाई के लिए हाईयर ऑथोरिटी के पास शिकायत की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए, जिससे लोगों को भी न्याय मिल सकें, और डाक्टरों को भी अपनी बात रखने का सही प्रकार से मौका मिल सकें।

अमरटैक्स मॉल में चोरी डीवीआर साथ ले गए चोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप बड़ोल स्थित अमरटैक्स मॉल में चोरों ने मॉल के ताले तोड़ कर चोरी के वारदात को अंजाम दिया है। यही नहीं चोर मॉल के डीवीआर भी साथ ले गए, जिससे कि घटना की सीसीटीवी फुटेज न मिल सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है । पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया था फोरेंसिक टीम ने भी मौके से सबूत इकट्ठे किए है। चोरी करने के बाद चोरों ने मॉल में आग लगने की भी कोशिश की जिसमें नाकाम रहे। एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि चोरों द्वारा चरान खड्ड के समीप अमरटेक्स मॉल में चोरी के वारदात को अंजाम दिया है । पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौका से साक्ष्य जुटाए हैं। मॉल के मैनेजर से चोरी हुए सामान के संबंध में जानकारी मांगी गई है। मॉल के मैनेजर पारस ने बताया कि जब सुबह मॉल का स्टाफ पहुंचा तो पाया कि शटर के दोनों ताले टूटे हुए थे और शटर लगभग दो फिट ऊपर था । उन्होंने बताया कि इस बात की जानकारी उन्होंने तुरंत पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर आ कर मॉल को सील कर दिया । उन्होंने बताया कि चोरों द्वारा मॉल के गल्ले को भी तोड़ा गया जिसमें लगभग 2500 रुपये नकद थे इसके साथ चोरों ने जरनेटर से पेट्रोल निकालकर मॉल में जगह जगह आग भी लगा दी थी। उन्होंने बताया कि चोर मॉल से जाते समय डीवीआर भी अपने साथ ले गए ताकि मॉल में लगे सीसीटीवी कमरों को देखा न जा सके।

प्राकृतिक खेती को अपनाने पर दिया जोर

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत कांगड़ा जिले के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 और 16 अक्टूबर, 2025 को जैविक कृषि और प्राकृतिक खेती विभाग, चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में आयोजित किए गए। इन एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कांगड़ा जिले के तीन कृषक समूहों अंद्रेटा, पडियारखर और सगूर के 218 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसके पालमपुर के जैविक एवं प्राकृतिक खेती विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. जनार्दन सिंह ने की। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों और पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। डॉ. सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन और पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक खेती पूरी तरह से गाय और स्थानीय रूप से उपलब्ध कृषि संसाधनों पर आधारित है और पूरी तरह से रसायन मुक्त है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती के अंतर्गत उगाए गए मक्का, गेहूं और हल्दी की खरीद के लिए न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) तय किया है। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान जैविक कृषि और प्राकृतिक खेती विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रामेश्वर कुमार और डॉ. गोपाल कतना ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती के महत्व, लाभ, तकनीकी पहलुओं जैसे बीज उत्पादन, गोबर आधारित खाद के साथ-साथ मल्चिंग और फसल विविधीकरण और संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग के बारे में प्रेरित और प्रशिक्षित किया। जबकि, डॉ. राकेश कुमार ने प्राकृतिक कृषि प्रणाली के अंतर्गत पौध संरक्षण की विभिन्न तकनीकों, व्यावहारिक तैयारी तकनीकों और जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, दरेकास्त्र, दशपर्णी आदि विभिन्न सामग्रियों के उपयोग पर जानकारी प्रदान की।

गुस्सा रैली निकाल सरकार को चेताया, मांगें न मानी तो नवंबर माह में होगा उग्र आंदोलन

हकों के लिए सड़कों पर उतरे पेंशनर्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला में अपने हकों के लिए पेंशनर्स सड़कों पर उतरे। विभिन्न 18 विभागों के सैंकड़ों पेंशनर्स ने धर्मशाला शहीद स्मारक के पास एकत्रित होकर कचहरी चौक तक रैली निकाली।

इसके साथ ही पेंशनर्स ने सरकार को चेताया है कि मांगें नहीं मानी गई तो नवंबर के पहले सप्ताह से आंदोलन उग्र किया जाएगा। विभिन्न विभागों के पेंशनर्स द्वारा अपनी मांगों को सरकार के समक्ष पहुंचाने के लिए गठित संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले निकाली गई रैली में एचआरटीसी पेंशनर्स भी शामिल थे, जिनका कहना था कि कुछ पेंशनर्स को दो माह से पेंशन न मिलने के चलते इस बार उनकी दिवाली काली होगी। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में निकाली गई रैली में सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इसके बाद जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया। जिसमें चेताया कि अगर अब भी पेंशनर्स की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो नवंबर माह के पहले सप्ताह में उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेवार होगी।

इस संबंध में इसी माह के अंत में समिति बैठक कर रणनीति बनाएगी। रैली को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि पेंशनर्स अपना हक लेकर रहेंगे। इसके लिए चाहे उन्हें किसी भी तरह का आंदोलन क्यों न करना पड़े।

धर्मशाला में सैकड़ों पेंशनर्स रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

ये हैं मांगें

पेंशनर्स की मांगों में पहली जनवरी, 2016 से 31 जनवरी, 2022 के मध्य सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के वित्तीय लाभों में ग्रैज्युटी, कम्युटेशन, लीव एनकाशमेंट, 16 प्रतिशत महंगाई भता, 111 माह का महंगाई का एरियर, एचआरटीसी की अगस्त और सितंबर माह की पेंशन, 50,000 रुपये की एरियर की अदायगी, पेंशन का स्थायी समाधान, बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को ओपीएस प्रणाली को अपनाना, नगर निकाय के पेंशनरों को पहली जनवरी, 2016 के स्केल से पेंशन देना और कार्पोरेट सेक्टर के पेंशनरों को 1999 की अधिसूचना के आधार पर स्थायी पेंशन देना इत्यादि शामिल है।

विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन-आपदा न्यूनीकरण पर किया गहन मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन

सीयूएचपी, डीडीएमए और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की संयुक्त पहल सराहनीय

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी) के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में होटल एबोड चोला, धर्मशाला में जलवायु परिवर्तन, आपदा की रोकथाम एवं युक्तियां- प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के जोखिम से नैदानिक तक की तैयारियों का सशक्तीकरण विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडी

पारंपरिक व्यंजनों, पोषक अनाजों की वाहवाही

दाड़ी में ग्रामीण स्वाद महोत्सव का भव्य आयोजन, उपायुक्त ने महिला सशक्तिकरण की सराहना की

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

- स्थानीय उत्पादों के प्रति बढ़ी लोगों की जागरूकता
- जय गौरा स्वयं सहायता समूह को प्रथम पुरस्कार

जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा दाड़ी मेला ग्राउंड में ग्रामीण स्वाद महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल पारंपरिक व पोषणयुक्त व्यंजनों का उत्सव रहा, बल्कि ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ एडीसी विनय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जबकि समापन सत्र में उपायुक्त हेमराज बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागियों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की धरती जितनी प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है, उतनी ही समृद्ध इसकी पारंपरिक पाक कला, पोषण संस्कृति और महिला शक्ति भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वाद महोत्सव प्रशासन, समुदाय और स्वयं सहायता समूहों के बीच सहयोग और

दाड़ी में ग्रामीण स्वाद महोत्सव के दौरान उपायुक्त सम्मानित करते हुए।

सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय खाद्य विविधता के संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होते हैं। उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और व्यापक रूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि स्वयं सहायता समूहों को स्थायी बाजार और प्रशिक्षण के अधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी से यह महोत्सव एक प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरा है। उन्होंने आयोजक टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। एडीसी विनय कुमार ने कहा कि ग्रामीण स्वाद महोत्सव केवल व्यंजनों का आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की आत्मा, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का उत्सव है। इस आयोजन में भाग लेने वाली महिलाओं ने न केवल स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए हैं, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि ग्रामीण भारत में कौशल, परिश्रम और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है।

पारंपरिक स्वाद की दिखी झलक

महोत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वयं सहायता समूहों ने पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों का सुंदर प्रदर्शन किया। मंडुआ (रागी), कांगणी, कुट्टू जैसे पोषक अनाजों से बने व्यंजनों ने स्वाद, स्वास्थ्य और परंपरा का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। महिलाओं ने स्वयं व्यंजनों की तैयारी, प्रस्तुति और बिक्री की जिम्मेदारी संभाली। आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की और इससे लोगों में स्थानीय उत्पादों के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ी।

रेसिपी स्पर्धा आकर्षण का केंद्र

महोत्सव में आयोजित रेसिपी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक व्यंजनों की विविधता को मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी सविता ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, तथा तकनीकी सहायक सतिंद्र शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जय गौरा स्वयं सहायता समूह नगरोटा बगवां को द्वितीय पुरस्कार अकांक्षा स्वयं सहायता समूह धर्मशाला को जबकि तृतीय पुरस्कार जय दुर्गा एसएचजी, धर्मशाला को मिला।

परमानेंट किया जाए ओबीसी का प्रमाण पत्र

पवन डोगरा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। हिमाचल में छात्रों द्वारा बनाया जाने वाले ओबीसी प्रमाण पत्र एक साल के लिए किया जाना भी एक निराशाजनक है क्योंकि कोई भी लड़का या लड़की ओबीसी का प्रमाण पत्र बनवाता है तो वह एक साल के लिए बनाया जाता है। इसमें यह समझ नहीं आता है कि एक साल बाद उन विद्यार्थियों की जात यानी कास्ट बदल जाती है। इसमें सरकार को चाहिए कि इस प्रमाण पत्र को भी बोनाफाइड की तरह परमानेंट किया जाए। कई ऐसे गरीब बच्चे भी हैं जिनके पास पैसे की कमी होती है परंतु एक साल बाद उन्हें भी नया प्रमाण पत्र बनाना पड़ता है। अगर कोई लड़की शादी के बाद ओबीसी का सर्टीफिकेट बनाती है तो उस लड़की की जात नहीं बदली जाती है। अगर वह लड़की जिस जाति की होती है तो वह ससुराल में जाकर भी उसकी जाति नहीं बदलती है। चाहे वह किसी भी जाति की हो उसकी जाति वही रहती है। उसके बाद उसके बच्चों की जाति अपने पिता की जाति के अनुसार बनती है। तो फिर यह ओबीसी का हर साल बनाने का क्या औचित्य है। इसके लिए सरकार को भी सोचना चाहिए कि हिमाचल के गरीब विद्यार्थियों के साथ ऐसा अन्याय न करें। हिमाचल में हर विद्यार्थी अमीर नहीं है। कुछ बच्चों के पास इन फार्मों को बार-बार बनवाने के लिए पैसे तक नहीं होते हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे फार्मों को परमानेंट किया जाए। ताकि गरीब बच्चों को इसका लाभ मिल सके और बार-बार के खर्चे से बच सकें।

दुबई में आईटीवी ट्रेलर ड्राइवर की रिक्तियों के लिए साक्षात्कार 27 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

- शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, 24 से 41 वर्ष होनी चाहिए उम्र

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने जानकारी दी है कि विदेशों में रोजगार के इच्छुक युवाओं को हिमाचल प्रदेश सरकार के उपक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) द्वारा दुबई जेबल अलीपोर्ट में आईटीवी ट्रेलर ड्राइवर की रिक्तियों हेतु (मेसर्स जालंधर कौशल विकास निगम) के माध्यम से भर्तियां की जा रही हैं। इन पदों के लिए मासिक वेतन 2,250 संयुक्त अरब अमीरात दिरहम जोकि लगभग 52 हजार रुपए है के साथ ही ओवरटाइम और आवास भत्ता दिया जाएगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास रखी गई है, उम्मीदवार को बेसिक अंग्रेजी आनी चाहिये और आयु सीमा 24 से 41 वर्ष रखी गयी है व आवेदक के पास वैध पासपोर्ट और भारतीय भारी मोटर वाहन लाइसेंस होना जरूरी है। इच्छुक आवेदक 27 अक्तूबर, 2025 को कौशल विकास केंद्र, पालकवाह तहसील हरोली, ज़िला ऊना में सुबह 9:00 बजे अपने मूल दस्तावेजों, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज़ फोटो व दस्तावेजों की प्रतिलिपियों के साथ पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। संबंधित आवेदक लिंक पर पर अपना पंजीकरण करना सुनिचित करें, जोकि अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित तीस हजार रुपए और इस पर जीएसटी का शुल्क देना होगा। वैध पासपोर्ट व एचएमवी लाइसेंस न रखने वाले उम्मीदवारों को भर्ती में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01905-235508 पर संपर्क भी कर सकते हैं। इस साक्षात्कार के सम्बन्ध में यात्रा व अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

न्यूज ब्रीफ

प्रतिभागी छात्रों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पीएसआर राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने आईएचबीटी पालमपुर में आयोजित दो दिवसीय साइंस एंड कम्युनिकेशन कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रियांका चौधरी को वैज्ञानिकों के समक्ष अपने सीखने के अनुभव को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करने के लिए विशेष प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल, डॉ. स्वाति महाजन, प्रो. वासुधा भारद्वाज, डॉ. रुचि चौहान, डॉ. केवल किशन एवं रितु देवी ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

शगुन कबड्डी स्पर्धा में मचा रही है धमाल

अनंत ज्ञान, गगल। राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराह की छात्रा शगुन राज्य स्तरीय में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता शिमला के चौपाल में अपना दम दिखा रही है। जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर मधु मोदगिल व शारीरिक अध्यापक रामपाल ने बताया की शगुन जो इस समय शिमला के चौपाल में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता में जलवे दिखा रही है जो की कांगड़ा जिला के लिए एक मिसाल बनी हुई है । स्कूल के प्राध्यापक अजय चौधरी ने बताया की शगुन शुरू से ही कबड्डी में रुचि रखने वाली लडक़ी है जिसने खंड स्तरीय ब जिला स्तरीय में अपना कबड्डी में दम दिखाया है इसी के चलते उसकी राज्य स्तरीय के लिए शिमला के चौपाल में राज्य स्तरीय कबड्डी में चयन हुआ था और वहां शिमला में चल रही 14 अक्तूबर से कबड्डी प्रतियोगिता में खूब जलवे दिखा रही है जिसे देखकर सराह स्कूल में खुशी का माहौल बना हुआ है।

आदर्श मिस्टर, महक को चुना मिस फेयरवेल

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित डाइट संस्थान में शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें डाइट प्रिंसिपल राकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान आदर्श को मिस्टर फेयरवेल और महक को मिस फेयरवेल चुना गया। विजेताओं को डाइट प्रिंसिपल राकेश शर्मा और वाइस प्रिंसिपल अंबिका जोशी ने सम्मानित किया।

भिक्षावृत्ति की रोकथाम बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 के माध्यम से लगातार मिल रही शिकायतों मे कॉलर ने बताया कि कुछ बच्चे एवं महिलायें आए दिन भीख मांगने पालमपुर बस स्टैन्ड, बाजार व बसों मे भीख मांगते नजर आ रहे हैं और आने जाने वालो कों भीख मांग कर तंग कर रहे है। चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी मनमोहन चौधरी ने दूरभाष के माध्यम से पुलिस स्टेशन पालमपुर के सब इन्स्पेक्टर इन्द्र सिंह से संपर्क साधा और पालमपुर बाजार और बस स्टैन्ड मे हो रही भिक्षावृति की सूचना दी । चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से पर्यवेक्षक डिम्पल व केस वर्कर अनिता मौक़े पर गए व पुलिस विभाग से सब इन्स्पेक्टर इन्द्र सिंह अपने साथियों सहित पालमपुर बाजार व बस स्टैन्ड गए, परंतु उन्हे मौके पर कोई भी बच्चा भीख मांगते नहीं मिला । जब इस मामले मे बस स्टैन्ड कर्मचारियों व स्थानीए दुकानदारों से बात की तो उन्होंने बताया कि आज कोई भी बच्चा भीख मांगने नहीं आया है । स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि ये बच्चे कालू दी हट्टी व बाइपास राजपुर से लगते स्लम एरिया से आते हैं आप उनको बहीं जाकर समझाए ताकि बाल भिक्षावृति रुक सके। पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा स्थानीय दुकानदारों व बस अड्डा कर्मचारियों से आग्रह किया कि अगर पुन: यह बच्चे भीख मांगने इधर आए तो तुरंत इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें ।

स्लोगनों से दिया आपदा प्रबंधन का संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में समर्थ 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन, सुरक्षा उपायों तथा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू रानी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाएं अनियंत्रित जरूर हैं, लेकिन जागरूकता, तत्परता और सही प्रबंधन से उनके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे समाज में भी आपदा जोखिम न्यूनीकरण का संदेश प्रसारित करें। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक और प्रभावशाली स्लोगन के माध्यम से आपदा प्रबंधन, बचाव एवं पुनर्वास से जुड़े विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। स्लोगन जैसे आपदा से बचाव ही सच्चा उपाय और सतर्क नागरिक, सुरक्षित समाज ने सबका ध्यान आकर्षित किया।

कर्मचारियों और पेंशनर्स को नहीं मिल रहे उनके हक : काली दास

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर के कार्यकर्ता काली दास ने सरकार द्वारा मंत्रिमंडल व विधायकों के 24 प्रतिशत वेतन बढ़ाने का कड़ा विरोध किया है। काली दास ने कहा की इन्होंने अपना वेतन तो 24 फीसदी बढ़ा लिया, जबकि कर्मचारियों और पेंशन धारकों को उनके हक नहीं दिए जा रहे हैं सभी लोग अब अपने हक के लिए सडक़ों पर उतर रहे हैं और कुछ उतरने के लिए तैयार हैं। अपने वेतन भत्ते तो लाखों में बढ़ा लिए लेकिन बेरोजगार बच्चों को कभी बन मित्र, पशु मित्र, बिजली मित्र आदि बना कर किसी को 5000 तो किसी को 4000 मासिक वेतन देकर पढ़े लिखे युवाओं से मजाक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितना मासिक वेतन पढ़े-लिखे बेरोजगारों को मित्र बना कर दिया जा रहा है, उतना इनके कार्यालय का रोज का चाय का बिल बन जाता होगा। इन्होंने अपने खर्चे कम नहीं किए लेकिन स्कूल बंद जा रहे हैं, हॉस्पिटलों का दर्जा घटाकर उनके पद खाली रखे जा रहे हैं। बहुत से पद जो, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग या अन्य सभी विभागों में खाली चल रहे हैं। जिनको भरा नहीं जा रहा है। काली दास ने आम जनता, बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों से आह्वान किया कि सरकार की नीतियों का विरोध करने के लिए आप के साथ आएं। सरकार ने एक

एहसान किया 3 फीसदी की डीए की घोषणा कर्मचारी और पेंशनरों के लिए की। उन्होंने यह नहीं बताया है कि इनका बकाया कितना था। 16 प्रतिशत बकाया था, उसमें से 3 फीसदी दिया है । उसका भी न तो एरियर का पता और अभी भी 13 फीसदी बकाया है। उसके एरिया की कोई खबर नहीं है कब मिलेगा कब नहीं मिलेगा और कर्मचारी और पेंशनर्स इस दुविधा में है कि मिलेगा भी की नहीं। घोषणा पहले भी कई बार हो चुकी है। जो अधिकारी या नीति निर्माता है या जो इसकी घोषणा कर रहे हैं उनको जान लेना चाहिए की पहली किस्त जो है 4 फीसदी बनती है।

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दर्शन को उमड़ेगी भीड़

अनंत ज्ञान, गगल। हर वर्ष की तरह इस बार भी 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक चलने वाला निरंकारी समागम समालखा में 78वां समागम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है । कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ और प्रेस प्रभारी स्वरूप कुमार,कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉक्टर केसी धीमान ने बताया कि इस संत निरंकारी समागम में हिमाचल से हजारों साद संगत सतगुरु माता का आशीर्वाद लेने समालखा में जाएगी । उन्होंने कहा है कि इस समागम में भारतवर्ष से ही नहीं विभिन्न विभिन्न देशों की साद संगत हर वर्ष सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचती है। महात्मा ने कहा कि यह सतगुरु माता अक्षर अपने विचारों में यही समझाते हैं की तन मन धन से की गई सेवा सदैव ही सर्वोत्तम कहलाती है जिससे हमारा सर्वत्र रूप में कल्याण होता है। समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की उपस्थिति में भक्तों को दर्शन और आशीर्वाद दिया जाता है।

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल का छात्र चमका

स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में आरव ने झटका गोल्ड, अब नेशनल में दिखाएगा दम

- प्रधानाचार्य व कमेटी सदस्यों ने बच्चों को उपलब्धि पर दी बधाई और प्रेरणा

स्प्रिंग डेल स्कूल के पदक विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ी पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

अनंत ज्ञान, ज्वाली

राजकीय उत्तम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड़ (मंडी) में 15 व 16 अक्तूबर को अंडर-14 स्टेट लेवल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्वाली के चार बच्चों आरव, हर्षिता, दिव्यांश तथा सूर्य प्रताप का चयन हुआ था।

स्टेट लेवल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में आरव ने स्वर्ण पदक, हर्षिता ने रजत पदक तथा सूर्य प्रताप और दिव्यांश ने कांस्य पदक हासिल किया। इस स्टेट लेवल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में आरव का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में हुआ है, जो कि नागालैंड में होने जा रही है। यह ज्वाली सिटी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है कि स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल का छात्र अपने स्कूल के साथ-साथ अपने जिला तथा अपने राज्य का नाम भी रोशन कर रहा है।

बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी स्कूल के मैनेजमेंट, स्कूल के प्रधानाचार्य तथा अपने कोच भानु प्रताप को दिया जिन्होंने स्कूल में ताइक्वांडो खेल के प्रति जागरूक किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने यह बताया कि इन छात्र-छात्राओं ने स्कूल का प्रतिनिधित्व कर इस खेल के प्रति अपनी प्रतिभा दिखाई तथा आगे राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भी बढ़ चढक़र अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। स्कूल वापिस आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने बच्चों को इस उपलब्धि पर मुबारकबाद दी तथा बाकी बच्चों को भी इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें बताया कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतिक्रियाओं में भी भाग लेना चाहिए।

रंगोली के माध्यम से सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

शिवनगर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

डरोह। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सबसे पहले रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोलियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया। उसके बाद आयुर्वेदिक चिकित्सक ने सभी विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ सचेत कर नशे से होने वाले नुकसान को बताया। पोषण माह का समापन करते हुए संयोजक प्रो. शिखा ने पोषण मैगज़ीन का उद्घाटन किया और

युवाओं में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया।

नुट्रिशयन क्वीन के रूप में चयनित हुए देवांशी, सुहानी, सोनाक्षी, पल्लवी और तम्मना को प्राचार्या महोदया ने सम्मानित किया। अंत में दिवाली मनाते हुए विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई और दीया बनाने कि प्रतियोगिता हुई, जिसमें विभिन्न प्रकार के दीए बनाए गए। इन सभी कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

बैंकों की तरफ से मैसेज न आने से पेंशनर्स खफा

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जब भी विभाग की तरफ से पेंशनर्स के खातों में पेंशन व अन्य राशि डाली जाती है तो बहुत से पेंशनर्स ने रोष है कि उनको बैंकों की तरफ से कोई भी मैसेज नहीं मिलता है, जिसके चलते पेंशनर्स असमंजस में पड़ जाते हैं। पेंशनर्स की इस शिकायत के मद्देनजर प्रधान ने सभी बैंक प्रबंधकों से मांग की है कि प्रत्येक पेंशनर्स के खाते में जब पेंशन आती है उसको मैसेज भेजा जाए ताकि उनको इसके बारे पता लग जाए।

निर्धारित स्थलों पर करें पटाखों की बिक्री

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। कार्यकारी उपमंडलाधिकारी बैजनाथ रमन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित स्थलों पर ही की जा सकेगी। जनसुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केवल ग्रीन पटाखों की ही अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि पटाखों की बिक्री कैफे भैरव के समीप, रेलवे ओवरब्रिज गणेश बाजार के पास (रेलवे स्टेशन की ओर एवं जल शक्ति डिवीजन कार्यालय के पास), नया पार्किंग क्षेत्र पपरोला (अंद्रेटा रोड), शिव मंदिर बैजनाथ की पार्किंग नंबर-1 व नंबर-2 तथा पंचायत भवन, रामलीला ग्राउंड और मेला ग्राउंड के समीप खुले क्षेत्रों में ही की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि पटाखों की बिक्री का समय प्रात: 8 बजे से सायं 8 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर बिक्री करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं दिवाली के उपलक्ष्य पर बैजनाथ व पपरोला दोनों मुख्य बाजार खुले रहेंगे ।

प्रियदर्शिनी स्कूल के खिलाड़ियों का एक बार फिर शानदार प्रदर्शन

प्रियदर्शिनी स्कूल की छात्रा आंचल शर्मा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

अनंत ज्ञान, पालमपुर

प्रियदर्शिनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टी की वाणिज्य संकाय की छात्रा आंचल शर्मा ने राजकीय विद्यालय अंडर-19 मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई।

विद्यालय के अध्यक्ष राजेश रॉकी ने आंचल को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में जहां विद्यार्थी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, वहीं खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उनका प्रदर्शन सदैव शानदार रहता है। आंचल की यह सफलता मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। विद्यालय में आंचल शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। सभी अध्यापकों और सहपाठियों ने उसकी इस उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि ऐसी प्रतिभाएं आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा बनती हैं और विद्यालय को गौरवान्वित करती हैं।

रोवर्स ने निपुण परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया धर्मशाला कॉलेज का मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

धर्मशाला कॉलेज के रोवर्स ने अपनी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय निपुण परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह परीक्षा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ट्रेनिंग सेंटर, रिवालसर में 8 से 14 अक्तूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप के दौरान संपन्न हुई।

कॉलेज के सात रोवर्स ने इस कैंप में भाग लेकर न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि नेतृत्व, टीम भावना, अनुशासन और समाज सेवा जैसे मूल्यों को भी अपने व्यवहार में उतारा। इस उपलब्धि ने कॉलेज का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया और रोवर्स लीडर डॉ. अजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा के क्षेत्र में भी नई मिसालें कायम कर रहे हैं। रोवर्स लीडर डॉ. अजय ने बताया कि इस कैंप में विद्यार्थियों ने व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी, आपदा प्रबंधन और आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

सहायता आंखों में उजाला, जीवन में उम्मीद, संजय पराशर का अनूठा स्वास्थ्य संकल्प

पराशर ने करवाए मोतियाबिंद 16 के ऑपरेशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

सेवा की भावना जब संकल्प बन जाए, तो शब्द नहीं, जीवन बदलने का माध्यम बन जाती है। कैप्टन संजय पराशर का जसवां-परागपुर को मोतियाबिंद मुक्त करपे का महाअभियान इसी सेवा भाव का उदाहरण बन चुका है। यह कोई साधारण प्रयास नहीं, अपितु एक सतत मिशन है, जो बुजुर्गों की आंखों में फिर से रोशनी और जीवन में उम्मीद की किरण जगा रहा है।

पहले चरण में कैप्टन पराशर ने क्षेत्र की हर पंचायत में एक सौ दस से अधिक निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किए थे। उन शिविरों में हजारों लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और मोतियाबिंद के निशुल्क आपरेशन करवाए। अब यह अभियान और व्यापक रूप ले चुका है। हाल ही में कूहना में आयोजित शिविर के बाद मोतियाबिंद से ग्रस्त 16 मरीजों के आपरेशन पराशर द्वारा जांलधर के निजी अस्पताल में अपने संसाधनों से करवाए गए। यह

सेवा के अध्याय के अंर्तगत संजय पराशर ने मोतियाबिंद के 16 ऑपरेशन करवाए।

चिकित्सीय सहायता के साथ संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त उदाहरण है। पराशर ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जिन लोगों की किसी कारणवश पहले जांच नहीं हो पाई थी, वे भविष्य में आयोजित होने वाले शिविरों में निशुल्क जांच और उपचार का लाभ ले सकें। कूहना के अमर सिंह, सावित्री देवी, यशपाल, नत्थू राम, सुषमा रानी, रोशन लाल और अन्य मरीजों ने बताया कि उनके मोतियाबिंद के सफल आपरेशन हुए हैं। उनके जीवन में पराशर का यह अभियान किसी वरदान से कम नहीं है।

उन्होंने कहा कि पहले भी कैप्टन संजय पराशर ने मेडिकल कैंपों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंदों की भरपूर सेवा की है और अब पुन: आंखों के आपरेशन करवाकर उन्होंने मानवता की मिसाल कायम की है। स्थानीय निवासी अशोक, सतीश, अंजना देवी और देसराज ने भी भावुक स्वर में कहा कि पूर्व में वे स्वास्थ्य शिविर में नहीं पहुंच पाए थे, लेकिन अब पुन: जांच का अवसर देकर पराशर ने उनके प्रति जो संवेदनशीलता दिखाई है, वह अविस्मरणीय है।

जांच के बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां और चश्मे भी प्रदान किए गए। कैप्टन संजय पराशर का कहना है कि उनका लक्ष्य केवल अस्थायी राहत नहीं, जसवां-परागपुर को स्थायी रूप से मोतियाबिंद मुक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में जसवां-परागपुर सहित सात विधानसभा क्षेत्रों के लगभग पचास हजार लोगों ने इन स्वास्थ्य शिविरों से लाभ प्राप्त किया। अब भी यह सेवा यात्रा फिर से लोगों तक पहुंच रही है। पराशर का मानना है कि स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज का आधार है। आंखों में उजाला लौटाना किसी की जिंदगी में नई सुबह लाने के समान है। पराशर का यह संकल्प जसवां-परागपुर ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों में में सेवा और मानवता का एक प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

द विंटेज हॉल के बच्चों नें सुनीं लोककथाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से द विंटेज हॉल स्कूल लखनपुर में 'कथा-वाचन' कार्यक्रम कर करवाया गया। इसमें जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल तथा भाषा विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही। सबसे पहले दीप प्रज्जवलन किया गया तथा जिला भाषा अधिकारी ने विद्यालय के प्रबंध निदेशक को आनंद दुबे के स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके बाद कथा वाचक साहित्यकार नरेंद्र दत्त में बच्चों को बिलासपुर की लोकगाथाएं 'मोहणा' तथा 'धर्म' सुनाई। बच्चों में कार्यक्रम का पूरा आनंद उठाया अंत में विद्यालय की प्राचार्या प्रीति अरोड़ा दुबे ने विभाग का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का मंच संचालन 'गायत्री शर्मा' ने किया। जिला भाषा अधिकारी ने कथा वाचक 'नरेंद्र दत्त को भी सम्मानित किया।
इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी तथा बच्चे मौजूद रहे।

रंगोली और दीयों से जगमगाया मिहाड़ा स्कूल

अनंत ज्ञान, स्वारघाट। राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा में दीपावली पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्यापक और विद्यार्थियों ने मिलकर पूरे परिसर की साफ-सफाई की तथा रंग-बिरंगी रंगोलियों और दीयों से विद्यालय को सजाया। अध्यापक खूब सिंह ठाकुर ने बच्चों को दीपावली पर्व के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश और स्नेह का पर्व है, जो अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने की खुशी में यह पर्व मनाया जाता है। दीपावली हमें स्वच्छता, प्रेम, भाईचारे और सकारात्मकता का संदेश देती है। इस अवसर पर बच्चों ने अध्यापकों के मार्गदर्शन में आकर्षक रंगोली बनाई, दीए जलाए, और फूलझड़ियों से उत्सव का आनंद लिया।

प्राकृतिक आपदाओं के बचाव के सिखाए तरीके

अनंत ज्ञान, झंडूता। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से विकास खंड नैना देवी में सरकार द्वारा चलाई जा रही आपदा प्रबंधन के बारे लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर जन चेतना कला मंच झंडूता के अध्यक्ष मच्छेंद्र भारती के नेतृत्व में ग्राम पंचायत टाली व मझेड़ में गीत संगीत नुक्कड़ नाटक व समूह गीत के माध्यम से उपस्थित गांववासियों को जागरूक किया। प्रस्तुत कार्यक्रम में कलाकारों ने प्राकृतिक आपदाओं के बचाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर टाली पंचायत प्रधान, नीलम देवी उपप्रधान रूप लाल, सचिव मेहर चंद व मझेड़ में भी सचिव मेहर चंद उपस्थित रहे।

सहकारी बैंक ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

अनंत ज्ञान, नम्होल। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक नम्होल शाखा द्वारा ग्राम पंचायत घ्याल में वित्तीय साक्षरता शिविर (एफएलसी) का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना रहा है। शिविर में ग्रामीणों को बचत और ऋण योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ई-केवाईसी करवाने की प्रक्रिया और आवश्यकता के बारे में स्कूल के बच्चों ओर ग्रामीण लोगों को अवगत कराया गया। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित ग्राहकों से शीघ्रता से ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया।

नम्होल में कांग्रेस 23 को करेगी धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, नम्होल। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्राला की बैठक शुक्रवार को रेस्ट हाउस नम्होल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर और पूर्व महासचिव विकास ठाकुर ने की। बैठक में आगामी धरना-प्रदर्शन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि 23 अक्तूबर को कांग्रेस कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगे।इस दौरान विकास ठाकुर ने कहा कि आरएसएस देश में मनुवादी विचारधारा फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है और भाजपा इस विचारधारा को संरक्षण दे रही है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के भाई पर लगे रेप केस का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि भाजपा नेता इस पर चुप क्यों हैं। विकास ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट पर जूता फेंकने की घटना यह दर्शाती है कि जनता में आक्रोश चरम पर है और यह सब केंद्र सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है।

राष्ट्र स्तर पर कुश्ती में दमखम दिखाएगा नमन

अनंत ज्ञान, बरठीं। झंडूता उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं के छात्रों ने खेलों के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल के दो छात्रों ने हाल ही में कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किए हैं, जबकि छात्र नमन ठाकुर राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में खेलों का दौर चल रहा है और इसमें उनके स्कूल के विद्यार्थी चमक रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे स्कूल के छात्र अमन शर्मा, रियान मोहम्मद और ध्रुव ने कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर सबको गौरवान्वित किया है। इसके अलावा दो अन्य छात्रों ने कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। नमन ठाकुर अब राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेंगे, जो हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है।'

ज्योति स्कूल में ब्लू हाउस ओवरऑल चैंपियन

अनंत ज्ञान, बरठीं। ज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। रेड, ब्लू, येलो और ग्रीन हाउस के बीच हुए मुकाबलों में छात्रों ने कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिंटन सहित कई खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ब्लू हाउस को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि प्रदान की तथा छात्रों के उत्साह की सराहना की। प्रधानाचार्य ममता शर्मा ने सभी प्रतिभागियों व स्टाफ को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करते हैं।

शिक्षा के साथ तकनीकी कौशल भी जरूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल तथा निंबस एकेडमी चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। उन्होंने शिक्षा के साथ तकनीकी कौशल के विकास पर भी बल दिया और कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए करियर काउंसलिंग सेल की संयोजक डॉ. नम्रता और उनकी टीम को बधाई दी। कार्यशाला में निंबस अकादमी के सीनियर फैकल्टी श्री दिनेश वर्मा ने विद्यार्थियों को जनरल स्टडीज, हिमाचल सामान्य ज्ञान और एसएसबी से संबंधित जानकारी दी, जबकि जीवेश ने इतिहास और कस्ट अफेयर्स पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।

छात्राओं को दिए तनाव से निपटने के टिप्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के पूर्व छात्र संघ तथा अर्थशास्त्र और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेंटल हेल्थ एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट ऑफ अडोल्सेंट गर्ल्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के पूर्व छात्र और वर्तमान प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शालिनी शर्मा रहीं, जिन्होंने छात्राओं को तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने बताया कि मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए आत्म-जागरूकता, संवाद और सकारात्मक सोच का होना जरूरी है।

बेटियों से करें समानता का व्यवहार : राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने हीरापुर में नवनिर्मित पार्क का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि बेटियों के प्रति न केवल समाज को अपनी सोच बदलनी होगी, बल्कि समानता का भी व्यवहार करना होगा। राजेश धर्माणी शुक्रवार को झंडूता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हीरापुर में बालिका गौरव पुरस्कार योजना के अंतर्गत नवनिर्मित पार्क का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर झंडुता विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक कुमार भी विशेषतौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भले ही आज का यह कार्यक्रम छोटा है, लेकिन इसका संदेश बहुत बड़ा है। यहां नवनिर्मित यह पार्क हमारी बेटियों के नाम पर समर्पित हुआ है। सरकारों ने समय-समय पर बेटियों के प्रति सामाजिक एवं लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए अनेकों योजनाओं की शुरुआत की

हीरापुर में मुख्यातिथि मंत्री राजेश धर्माणी को सम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक।

है। एक समय था जब बेटियों को पैदा होने से पहले ही मार दिया जाता था तथा उनके ऊपर कई तरह के अत्याचार होते रहे हैं, लेकिन अब समय बदला है तथा बेटियों के प्रति भी सामाजिक सोच में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। आज उन्हें समाज में न केवल सम्मान रूप से देखा जा रहा है बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर भी प्रदान किये जा रहे हैं। बावजूद इसके अभी भी हमें बेटियों के प्रति सामाजिक व्यवहार में व्यापक बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज महिलाओं के प्रति पहले से बेहतर हुआ है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब महिलाओं को संपति तक का अधिकार प्राप्त नहीं होता था, लेकिन देश में आजादी के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में न केवल महिलाओं को भी वोट का अधिकार प्रदान किया, बल्कि उन्हें विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत समानता का भी अधिकार प्रदान किया गया। पंडित नेहरू ने आजादी के बाद महिला अधिकारों के लिए

सरकार ने चलाई इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना

राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विधवा एवं एकल नारियों के बच्चों को शिक्षित करने के लिए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार उनके बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण खर्च वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे समाज के बिना विकास अधूरा है। उन्होंने स्थानीय पंचायत की विभिन्न मांगों को लेकर कहा कि पंचायत विभिन्न विकास कार्यों का प्राक्कलन बनाकर भेजे तथा विकास कार्यों के लिए समुचित धनराशि मुहैया करवाई जाएगी। हीरापुर पंचायत प्रधान प्रताप ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पंचायत की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया।

बड़ा काम करते हुए अनेक प्रभावी कदम उठाए। इस अवसर पर एसडीएम झंडुता अर्शिया शर्मा, बीडीओ संजीव पूरी, उपप्रधान वासुदेव, बीडीसी सदस्य राजेश चंदेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राज्यस्तरीय अंडर-19 छात्रा खेल प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमें की सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल एक-दूसरे को जानने का अवसर मिलता है, बल्कि एक-दूसरे क्षेत्रों की संस्कृति को समझने का माध्यम बनती है। राजेश धर्माणी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्रा मेजर खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 11 जिलों एवं दो स्पोर्ट्स हॉस्टल की कुल 647 छात्राओं ने फुटबॉल, हॉकी, हैंडबॉल तथा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने सभी विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया और बधाई दी तथा सभी प्रतिभागी छात्राओं की खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना भी सशक्त होती है।

हैंडबॉल में बिलासपुर जिला बना विजेता

बास्केटबॉल में मंडी जिला विजेता रहा, जबकि बिलासपुर उपविजेता रहा। हॉकी में सिरमौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और ऊना उपविजेता रहा। फुटबॉल में सोलन जिला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि शिमला उपविजेता रहा। हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी बिलासपुर जिला विजेता रहा और सिरमौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मार्च पास्ट में बिलासपुर की टीम ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। बास्केटबॉल स्टेट चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट ने विजेता का खिताब जीता, जबकि हॉकी स्टेट चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स हॉस्टल माजरा विजेता रहा।

सरकारी अनदेखी, विभागीय मनमानी से टूट रहा औद्योगिक ढांचा : तेज प्रताप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास की रफ्तार थमने लगी है और कई उद्योगपति प्रदेश छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इसका सीधा कारण सरकार की नीतिगत अनदेखी, नेताओं की दखलअंदाजी, विभागीय भ्रष्टाचार और कोर्ट में वर्षों से लटके मामले बताए जा रहे हैं। विश्व मानव कल्याण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के असफल होने के पीछे कई गंभीर कारण हैं, जिन पर सरकारें अब तक आंखें मूंदे बैठी हैं।

उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग के प्रबंधक मनमर्जी से काम कर रहे हैं और नीतियां इस तरह बनाई जा रही हैं, जिनसे उद्यमियों का भरोसा डगमगा गया है। बिलासपुर में उद्योग विभाग द्वारा बनाए गए औद्योगिक शेड्स की आयु 60 वर्ष निर्धारित है, लेकिन विभाग ने सिर्फ 45 साल बाद ही 10 प्रतिशत कॉस्ट बढ़ाकर उन्हें दोबारा लीज पर देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारें जब भी बदलती हैं, कैबिनेट में तानाशाही ढंग से प्रस्ताव पारित कर उद्योग क्षेत्र से जुड़े फैसले ले लिए जाते हैं, जिनका प्रभाव जमीनी स्तर पर नकारात्मक पड़ता है। विश्व मानव कल्याण संस्थान ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस विषय में गंभीर संज्ञान लिया जाए और एक उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। डॉ. पांडेय ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश में उद्योगों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण को बचाना है तो नीयत और नीति दोनों को सुधारना होगा।

बिलासपुर को नहीं सताएगी सीवरेज की चिंता

78.73 करोड़ से बिछाई जाएगी नई सीवरेज लाइन, दो आधुनिक एसटीपी होंगे स्थापित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर नगर में 78.73 करोड़ की लागत से बिछ रही नई सीवरेज लाइन एवं व्यवस्था को लेकर जिला परिषद बिलासपुर सभागार में एक जागरूकता शिविर का आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष कमल कुमार गौतम की अध्यक्षता में किया गया।

शिविर में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार वैद्य ने कहा कि साठ के दशक में चंडीगढ़ की तरज पर बसे बिलासपुर शहर की सीवरेज व्यवस्था पर समयानुसार बहुत ज्यादा बोझ बढ़ा है, इससे कई स्थानों पर दिक्कतें भी आती रही हैं। विभागीय प्रयासों से लंबे समय से इस सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद चल रही थी। अब सरकार की मंजूरी के बाद बिलासपुर नगर में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नए सिरे से काम शुरू होगा। शहर के साथ लगते चिन्हित स्थानों पर दो एसटीपी यानी सीवरेज

जागरूकता शिविर में जानकारी देते बिलासपुर नगर परिषद अध्यक्ष कमल कुमार गौतम।

ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे। ये दोनों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आधुनिक तकनीक से बनाए जाएंगे, ताकि इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की आयु लंबी हो तथा जनता को इसका लाभ दशकों तक मिले। बिलासपुरवासियों को आधुनिक एवं बेहतर सीवरेज व्यवस्था मिलने से शहर की परेशानियां दूर होंगी। इस जागरूकता शिविर नप उपाध्यक्ष सोनिया, पार्षद वीना पंडित, नरेश कुमारी, ज्योति, अजय कुमार, संतोष जोशी, नीतू शर्मा, नवीन वर्मा, मनीश शर्मा, वीना राणा व वर्षा, एसडीओ अजय शर्मा, जेई मोहित, पूर्व पार्षद सरदार रच्छपाल सिंह, हुसैन अली,

मिलेंगे दीर्घकालीन लाभ

नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने बताया कि इस योजना से लोगों को दीर्घकालीन लाभ होने की आशा है। शिविर में लोगों से आपत्तियां एवं सुझाव भी मांगे गए। कई शंकाओं का कंपनी प्रतिनिधियों ने सकारात्मक जवाब देकर लोगों की जिज्ञासा को दूर किया। उन्होंने नगरवासियों से सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि यदि सर्वे को लेकर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें।

एकॉम कंपनी से पर्यावरण पर्यवेक्षक अश्वनी देशमाने, एलआर चौधरी आदि मौजूद थे।

एम्स बिलासपुर में पुलिस कर्मियों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

एम्स बिलासपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित 'सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सप्ताह 2025' का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन दिवस पर पुलिस लाइन लखनपुर में पुलिस कर्मियों के लिए विशेष सीपीआर और एईडी (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण एम्स बिलासपुर के ट्रॉमा एवं आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न रैंकों के लगभग 30 पुलिस कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हृदय गति रुकने की स्थिति की पहचान, प्रभावी छाती दबाव (चेस्ट कम्प्रेशन) करने की तकनीक तथा एईडी के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों को बताया गया कि दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में वे अक्सर सबसे पहले मौके पर पहुंचते हैं, इसलिए प्रारंभिक सीपीआर देना जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बिलासपुर में पेंशनर्स ने रैली निकाल प्रदेश सरकार से मांगे लंबित लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने अपनी मांगों को लेकर बिलासपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला संयोजक चेत राम वर्मा के नेतृत्व में पेंशनर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से रैली के रूप में नारे लगाते हुए शहीदी पार्क पहुंचे और धरना दिया। धरने में विभिन्न पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें जय कृष्ण शर्मा, अमर नाथ धीमान, डॉ. सदा राम शर्मा, देव राज शर्मा, होशियार सिंह चंदेल, तिलक राज शर्मा सहित अन्य शामिल रहे। पेंशनरों ने आरोप लगाया कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट, कम्युटेशन जैसी वित्तीय देनदारियां अब तक नहीं दी गई हैं। साथ ही महंगाई भत्ते की दो किस्तों (जुलाई 2022 और जनवरी 2023) का एरियर भी बकाया है। उन्होंने सरकार से सभी लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग की। धरने के अंत में समिति ने जिलाधीश राहुल कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिलाधीश ने आश्वासन दिया कि पेंशनरों की मांगें सरकार के ध्यान में पहुंचाई जाएंगी।

मजारी स्कूल में शहीद सरदार मुल्तान सिंह को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

राजकीय वरिष्ठ मध्यामिक पाठशाला मजारी के पूर्व छात्र शहीद सरदार मुल्तान सिंह को उनके शहीदी दिवस पर विद्यालय के सभी अध्यापकों, विद्यार्थियों, एसएमसी सदस्यों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में शहीद सरदार मुल्तान सिंह की शाहदत की कहानी प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने बच्चों को सुनाई बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि आज के ही दिन सन् 2004 को हवलदार मुल्तान सिंह एक सैनिक ऑपरेशन के दौरान मणिपुर जिला की राजधानी इंफाल के पश्चिम भाग के छोटा बेकरा इलाके मे आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहादत को प्राप्त हुए, शहीद ने घने जंगलों मे छिपे आतंक वादियों के एक ग्रुप पर सैन्य कर्यावही करते हुए अपनी यूनिट की सैन्य टुकड़ी के साथ मिलकर कई आंतकवादियों को ढ़ेर कर दिया इसी दौरान तीन गोलीयां इस वीर सपूत को लग गई फिर भी इस सपूत ने आदम्य साहस से उनका अंतिम सांस तक मुकाबला किया और देश को सुरक्षित रखते हुए अपनी प्राण छोड़ दिए। वे पाठशाला का होनहार छात्र थे और विद्यार्थी जीवन से ही अनुशासन व सेवा परायणता के गुण उनके व्यक्तित्व मे थे, अपनी यूनिट मे सदैव नेतृत्व कर कठिन कार्यों को पूर्ण कर सबकी प्रशंसा बटोरते थे, सभी साथी उन्हें शेर कहते थे। इस विद्यालय व स्थानीय समाज के लिए वह हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे। देश सेवा के इस उत्कृष्ट योगदान के लिए उनकी प्रतिमा पर सभी बच्चों, अध्यापकों सहित स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। विद्यालय परिवार की ओर से इस अवसर पर उनकी पत्नी उषा देवी को स्मृति चिन्ह व माता की चुनरी भेंट की गई, अध्यापिका रेणु शर्मा ने देश भक्ति का गीत गाकर सबकी आंखों को नम कर दिया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान गुरमेल सिंह पूर्व अध्यक्ष सोहन सिंह, स्कूल अडाप्शन समिति के सदस्य सरदार गुरचैन सिंह, हरदयाल सिंह, उप प्रधानाचार्य राजेश शर्मा प्रवक्ता नीलम धीमान, राजेश शर्मा, अनुराधा शर्मा, अमिता देवी, हरप्रीत कौर, रेखा अत्री , रेणु शर्मा, सतनाम कौर, दलजीत सिंह, प्रमोद ठाकुर, शैली, गुरदीप सिंह, बलबीर सिंह, कश्मीर सिंह, कुलदीप सहित सभी विधार्थी उपस्थित रहे।

दिवाली की रात्रि केवल दो घंटे होगी आतिशबाजी : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

दिवाली पर्व के दौरान पटाखों के उपयोग एवं बिक्री को विनियमित करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला बिलासपुर की सीमा के भीतर पटाखों के उपयोग को शर्तों एवं नियमों के तहत प्रतिबंधित किया है।

ये आदेश माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण जिला में आगामी 21 अक्तूबर तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के तहत जिला दंडाधिकारी ने बताया कि अत्यधिक शोर पैदा करने वाले पटाखों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही आदेश जारी किए हैं कि निर्धारित 125 डीबी (एआइ) अथवा 145 डीबी (सी) पीके की सीमा से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखे प्रतिबंधित हैं। इसके अलावा श्रृंखलाबद्ध (लड़ी) पटाखों की स्थिति में शोर सीमा में 5 एलओजी 10 (एन) डीबी की कटौती अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन 20 अक्तूबर को पटाखे जलाने की अनुमति केवल रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही होगी। शांत क्षेत्रों जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थान, न्यायालय एवं धार्मिक स्थलों के 100 मीटर क्षेत्र के दायरे में पटाखों का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा घनी आबादी एवं अग्नि संभावित क्षेत्रों में भी आतिशबाजी पर रोक लगाई गई है। राहुल कुमार ने जारी आदेशों के तहत बताया कि जिला में बिना लाइसेंस के कोई भी व्यक्ति पटाखों का भंडारण या बिक्री नहीं करेगा। सभी उपमंडलाधिकारी को अपने क्षेत्रों में पटाखा बिक्री के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान कर अग्रिम सूचना सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वह नियमों का पालन करते हुए दीपावली को सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

बिना लाइसेंस के कोई भी व्यक्ति पटाखे नहीं बेचेगा

हिम सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने मनमोहक रंगोलियों से सजाया कैंपस

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

दिवाली पर्व के अवसर पर हिम सर्वोदय स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण रंगों की छटाओं और बच्चों की रचनात्मकता से सरोबार हो उठा। पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने पारंपरिक और आधुनिक दोनों अंदाज में सुंदर रंगोलियां बनाकर पूरे परिसर को सजाया।

कई रंगोलियों में दीये, भगवान गणेश-लक्ष्मी की आकृतियां, फूलों की डिजाइन और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक संदेशों को भी शानदार ढंग से प्रदर्शित किया गया। इन मनमोहक कलाकृतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों व अभिभावकों का दिल जीत लिया। स्कूल प्रबंधन नीलम महाजन ने बताया कि हर वर्ष विद्यालय में दीवाली पर्व को पारंपरिक अंदाज में मनाया जाता है और विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा, 'हमारे स्कूल के बच्चे हर बार अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित करते हैं। इस बार भी उन्होंने अद्भुत समर्पण और सृजनशीलता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विजेताओं के चयन के लिए निर्णायक समिति ने रंगों का सामंजस्य, डिजाइन की सुंदरता और रचनात्मकता को प्रमुख आधार माना। विजेता बच्चों को स्कूल के आगामी वार्षिक समारोह में पुरस्कार देकर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय परिसर पूरे दिन उल्लासमय वातावरण से गूंजता रहा। प्रतिभागी बच्चों की उनकी भागीदारी की सराहना की गई। इस विशेष आयोजन ने बच्चों में कला के प्रति रुचि और भारतीय परंपराओं के प्रति गर्व की भावना को और मजबूत किया।

मॉक ड्रिल जिलेभर में आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का किया पूर्वाभ्यास, छात्रों को सिखाए बचाव के तरीके

ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में लगे भूकंप के झटके, 17 छात्रों का रेस्क्यू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला मुख्यालय बिलासपुर में शुक्रवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आगजनी और भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक परिस्थितियों में तैयारी और समन्वय का मूल्यांकन करना था। मॉक ड्रिल के लिए दो स्थानों को निर्धारित किया गया था।

साइट-1 के रूप में बिलासपुर कॉलेज और साइट-2 के रूप में ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर को चुना गया। इन दोनों स्थानों पर आपदा की काल्पनिक घटनाओं को दर्शाते हुए बचाव दलों की तत्परता, प्रतिक्रिया समय और राहत समन्वय की जांच की गई। साइट-1 पर बिलासपुर कॉलेज के बीबीए ब्लॉक में

ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में भूकंप के समय राहत बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास करते पुलिसकर्मी।

आग लगने की घटना को दर्शाया गया। जैसे ही आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, शहर में सायरन बजा दिया गया। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल, दमकल विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत बोर्ड, जलशक्ति विभाग, होमगार्ड और रेडक्रॉस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। होमगार्ड जवानों ने मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए। इस मॉक ड्रिल में कुल 53 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जिनमें 20 छात्र, 30 छात्राएं और तीन बच्चे शामिल थे। अग्निकांड की इस काल्पनिक घटना में पांच छात्र और तीन छात्राएं गंभीर रूप से घायल दर्शाए गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के ल

लापता महिला और बच्ची को सकुशल किया बरामद

गुमशुदा सुफिया व उसकी दो वर्षीय पुत्री डमटाल के मैरा गांव में मिली

अनंत ज्ञान, चंबा

मुखबिर की सूचना पर चंबा पुलिस की त्वरित कार्रवाई लाई रंग

चंबा थाना सदर में दर्ज गुमशुदगी के एक मामले में पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए 12 दिन से लापता महिला सुफिया और उसकी दो वर्षीय पुत्री रेश्मा को सकुशल बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद सुफिया को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि उपनिरीक्षक धर्म सिंह की अगुवाई में टीम सुफिया की तलाश में उसके रिश्तेदारों के साथ पठानकोट क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान खास मुखबिर से सूचना मिली कि गुमशुदा महिला अपने बच्चे सहित डमटाल थाना क्षेत्र के गांव मैरा (जिला कांगड़ा) में देखी गई है। सूचना मिलते ही चंबा पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट व्हाट्सऐप के माध्यम से थाना डमटाल को भेजी और महिला को सुरक्षित डिटेन करने का आग्रह किया। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर सुफिया को उसकी पुत्री रेश्मा और रिश्तेदारों के साथ बरामद किया।

थाना डमटाल में महिला उपनिरीक्षक मनीषा की उपस्थिति में पूछताछ के दौरान सुफिया ने बताया कि वह 4 अक्तूबर को अपने घर से अपनी इच्छा से निकली थी। वह पैदल चमीणू तक गई और वहां से बस द्वारा चंबा होते हुए पठानकोट पहुंची। वहां उसका परिचित कासम दीन निवासी अहमदगढ़ मंडी (संगरूर, पंजाब) मिला, जिसके साथ वह स्वेच्छा से रह रही थी। बाद में वह अपने दूसरे परिचित लाल हुसैन निवासी मैरा, डमटाल के घर रहने लगी।

सुफिया ने पुलिस के समक्ष स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह सुरक्षित है, किसी के दबाव में नहीं है, और अब अपनी इच्छा से अपने रिश्तेदार अब्दुल गफूर पुत्र कासम दीन निवासी पल्यूर, जिला चम्बा के साथ घर लौटना चाहती है। पूरी पूछताछ और शिनाख्त प्रक्रिया की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी की गई। थाना डमटाल पुलिस की मौजूदगी में सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद सुफिया और उसकी पुत्री को उनके रिश्तेदारों के सुपुर्द कर दिया गया।

चंबा में केवल हरित पटाखों की अनुमति तय समय पर ही होगी आतिशबाजी

अनंत ज्ञान, चंबा

प्रशासन सख्तः दीपावली नववर्ष और क्रिसमस पर ही फोड़ सकेंगे पटाखे

अवहेलना पर होगी सख्त कार्रवाईः एडीएम अमित

त्योहारी मौसम के दौरान बढ़ते वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए चंबा जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) चंबा अमित मेहरा (हिमाचल प्रशासनिक सेवा) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) तथा राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में निर्णय लिया है कि अब जिले में केवल हरित पटाखों (ग्रीन क्रैकर्स की बिक्री और उपयोग की अनुमति होगी।

यह आदेश पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव** के कार्यालय पत्र संख्या एस.टी.ई.-ई(3)-14/2020 दिनांक 13 नवम्बर 2025 तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 09 नवम्बर 2020 (मूल आवेदन संख्या 249/2020) के अनुपालन में जारी किया गया है। एडीएम अमित मेहरा ने बताया कि हरित अधिकरण के निर्देशों के अनुसार, जिन शहरों या कस्बों में वायु गुणवत्ता मध्यम या उससे नीचे है, वहां केवल हरित पटाखों की ही बिक्री एवं उपयोग की अनुमति होगी। साथ ही, पटाखे फोड़ने का समय भी सीमित किया गया है।

निर्धारित समय इस प्रकार हैं दीवाली एवं गुरुपर्व: रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक, क्रिसमस की पूर्व संध्या (25-26 दिसंबर 2025): प्रात: 4:00 बजे से 5:00 बजे तक तथा रात्रि 9:00 बजे से 10:00 बजे तक, नववर्ष की पूर्व संध्या (31 दिसंबर 2025 एवं 1 जनवरी 2026): रात्रि 11:55 बजे से 12:30 बजे तक।

अमित मेहरा ने कहा कि यह कदम वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को आदेश की कड़ाई से निगरानी एवं अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

वाइल्ड फ्लावर हॉल पर सुक्खू सरकार की ऐतिहासिक जीत : मनीष सरीन

अनंत ज्ञान, चंबा

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन ने वाइल्डफ्लावर हॉल प्रकरण में हिमाचल प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक जीत को राज्य की पर्यटन और धरोहर नीति में मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व और पारदर्शी प्रशासन ने यह साबित कर दिया है कि जब नीयत जनता के हित में हो, तो न्याय और सत्य की जीत अवश्य होती है।

सरीन ने कहा कि वाइल्डफ्लावर हॉल मामले में मिली सफलता केवल संपत्ति पुन: प्राप्त करने तक सीमित नहीं, बल्कि यह राज्य की आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक पुनर्स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के दृढ़ नेतृत्व में सरकार ने न केवल राज्य की स्वामित्व अधिकार की पुनर्स्थापना की, बल्कि 401 करोड़ की बड़ी आर्थिक उपलब्धि भी हासिल की है। यह जीत हर हिमाचली की जीत है। उन्होंने बताया कि इस फैसले के तहत राज्य सरकार को कुल 401 करोड़ का लाभ हुआ है, जिसमें 320 करोड़ बैंक खातों से, 25 करोड़ मध्यस्थता पुरस्कार से, 13 करोड़ शेयर ट्रांसफर से और 68 करोड़ पूंजी समायोजन से प्राप्त हुए। सरीन ने कहा कि यह उपलब्धि सरकार की जनता-केन्द्रित नीति और जवाबदेह शासन शैली की झलक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह दिखाया है कि सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा केवल स्वामित्व का विषय नहीं, बल्कि दूरदृष्टि और ईमानदार शासन का प्रतीक है।

उन्होंने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आरएस बाली के नेतृत्व में हिमाचल का पर्यटन अब सतत विकास, जिम्मेदार आतिथ्य और हेरिटेज पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरीन ने वाइल्डफ्लावर हॉल को हिमाचल की पहचान बताया और कहा कि यह भवन सिर्फ एक होटल नहीं बल्कि शिमला की ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है।

न्यूज ब्रीफ

प्राकृतिक जल स्रोतों की देखभाल जरूरी

अनंत ज्ञान, धरवाला। प्राकृतिक जल स्रोत जैसे कुएं, झीलें, नदियां और तालाब न केवल मनुष्यों बल्कि सभी जीव-जंतुओं के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हाल की आपदा में जब पेयजल संकट गहराया, तब यही स्रोत जीवन रक्षक बने। परंतु ग्लोबल वार्मिंग और जलविद्युत परियोजनाओं के कारण ये स्रोत सूखते जा रहे हैं। भूगर्भीय सुरंगें और बढ़ता तापमान प्राकृतिक जल चक्र को बाधित कर रहे हैं। इन जल स्रोतों का पानी सर्दियों में गर्म और गर्मियों में ठंडा रहता है, जो इनके प्राकृतिक संतुलन को दर्शाता है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम इनकी नियमित सफाई करें, संरक्षण करें और जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें। पानी के बिना जीवन असंभव है इसलिए जल स्रोतों की रक्षा, जीवन की रक्षा है।

बेरियां में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

अनंत ज्ञान, ककीरा। राज्य सहकारी बैंक शाखा ककीरा द्वारा ग्राम बेरियां (तारागढ़) में शुक्रवार को नाबार्ड प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक अनिक की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और रू ङ्क योजना के लाभों को विस्तार से समझाया। साथ ही, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों पर भी चर्चा की गई। शिविर के अंत में प्रतिभागियों को जलपान कराया गया। ग्रामीणों ने बैंक की पहल की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

3 दिन बंद रहेगा मां बगलामुखी रोपवे का संचालन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी जिला में पंडोह कैंची मोड़ से माता बगलामुखी मंदिर के लिए स्थापित रोपवे का संचालन तीन दिनों के लिए स्थगित किया जा रहा है। रोपवे एंड रेपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम इक्वल्पमेंट कॉर्पोरेशन के उप महाप्रबंधक मुनीष साहनी ने आज यहां बताया कि तिमाही मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते इस रोपवे का संचालन 22 से 24 अक्टूबर तक बंद रहेगा। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की है।

बीएमओ ने तंबाकू के दुष्प्रभावों बारे बताया

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सिविल अस्पताल बलद्वाड़ा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार की अध्यक्षता में तंबाकू मुक्त अभियान 3.0 और सीपीआर अवेयरनेस वीक मनाया गया। इसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ने तंबाकू से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों के बारे में बताया। तंबाकू के सेवन से बहुत सारे मौखिक रोग जैसे मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर और हृदय रोग आदि होते हैं। सीपीआर जागरूकता सप्ताह पर डॉक्टर कुशल ने सीपीआर के बारे मैं विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने कोटपा 2003 अधिनियम के बारे मैं बताया। तंबाकू मुक्त युवा अभियान में प्रतिज्ञा ली गई। इस कार्यक्रम में बीपीएम स्वास्थ्य प्रवेक्षक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा शामिल थी।

राम-हनुमान मंदिर में कल लगेगा भंडारा

अनंत ज्ञान, महादेव। धनोटू- बग्गी मार्ग स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौक के नजदीक दूर-दूर तक मशहूर राम-हनुमान मंदिर में 19 अक्तूबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा वहीं पूर्व संध्या और अगले दिन-रात पवनसुत हनुमान की चालीसा पाठ एवं भजन आदि गाए जाएंगे। वीर हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर लगाए जाने वाले इस भंडारे को लेकर प्रमुख सेवा कर्ता राणा महेंद्र ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वह इस धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करें और संकट मोचन वीर हनुमान के समक्ष नतमस्तक होकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाएं।

अंडर ट्रायल कैदी की मौत, सुबह से छाती में दर्द के कारण था परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला कारागार में अंडर ट्रायल चल रहे आरोपी तिब्बती युवक की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार धर्मशाला के अन्तर्गत लाला लाजपत राय कारागार एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला में आरोपी दोरजे पुत्र सोनम दोरजे निवासी हाउस नंबर 60 डेग्गी डिवीजन बीड़ तहसील बैजनाथ, अंडर ट्रायल था।

शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे छाती में दर्द की शिकायत पर उसे जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया था। जहां उपचार के बाद वह वापिस जेल लौट आया था। इसके बाद पुन: उसे दर्द हुआ, जिस पर वह जेल परिसर स्थित डिस्पेंसरी में पहुंचा और वहां दर्द तेज होने के चलते लेट गया। जिस पर जेल स्टाफ ने उसे जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उक्त आरोपी पुलिस थाना मैकलोडगंज में हत्या मामले में आईपीसी की धारा 307, 323, 341, 504, 506 में अंडर ट्रायल था। जेल अधीक्षक विकास भटनागर ने पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त कैदी को छाती में दर्द था। इसका समय-समय पर जोनल अस्पताल में भी चेकअप करवाया गया था, तीन बार इसकी ईसीजी भी हो चुकी थी, लेकिन कुछ नहीं आया था। शुक्रवार को भी उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां से आकर कैदी बैरक में चला गया था, लेकिन फिर दर्द होने पर उसे अस्पताल ले जाना पड़ा, इस दौरान उसकी मौत हो गई।

कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से आपदा न्यूनीकरण के बारे में लोग किए जागरूक

अनंत ज्ञान, चबा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध आर्ट एंड कल्चर ग्रुप सराहन ने भरमौर चौरासी और खड़ामुख में, चम्बा रंग दर्शन समूह चम्बा पक्काटाला ने भलेई और ब्रंगाल में जबकि जागृति कला मंच के कलाकारों द्वारा बाथरी और द्रड्डा में नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत प्रस्तुत कर लोगों को आपदा न्यूनीकरण के प्रति जागरूक किया।

कलाकारों ने अपने नाटकों के माध्यम से संदेश दिया कि भवन निर्माण हो या कोई भी निर्माण कार्य — सभी कार्य आपदा सुरक्षा को ध्यान में रखकर किए जाने चाहिए ताकि भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से जान-माल की हानि से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

कलाकारों ने बताया कि ऐसे भवनों का निर्माण किया जाना चाहिए जो आपदा के समय सुरक्षित रहें और संभावित नुकसान को न्यून करने में सक्षम हों। उन्होंने लोगों से अपने आस-पास के खतरों की पहचान करने और उनके प्रभाव को कम करने के लिए सतर्क एवं जागरूक रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कलाकारों ने 'समर्थ-2025' अभियान को आपदा जागरूकता की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को एक आपातकालीन किट तैयार रखनी चाहिए, जिसमें सूखा भोजन, दवाएं, टॉर्च, पीने का पानी जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल हों, ताकि आपदा की स्थिति में न्यूनतम तैयारी बनी रहे।

लोगों को बताया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में अधिक जानकारी और सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही, भवन निर्माण से पूर्व इंजीनियर से परामर्श अवश्य लेने की सलाह दी गई, ताकि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 से 31 अक्तूबर तक 'समर्थ-2025' अभियान चलाया जा रहा है।

बागवानों की उपज का उचित मूल्य करें सुनिश्चित : नेगी

राजस्व एवं बागवानी मंत्री बोले-आढ़ती संगठनों से बैठक कर किसानों के हितों की करें रक्षा

अनंत ज्ञान, चंबा

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बागवानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कृषि उपज विपणन समिति तथा उद्यान विभाग के अधिकारी आढ़ती संगठनों के साथ बैठक कर जिला के सेब एवं अन्य फल उत्पादकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करें।

जगत सिंह नेगी विधानसभा क्षेत्र चुराह के अंतर्गत विश्राम गृह तीसा में उद्यान विभाग के तत्वावधान आयोजित जागरूकता शिविर की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बागवानों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़कर उनसे लाभ उठाएं। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत बागवानों को उपलब्ध करवाए जाने वाले पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ये भी कहा कि उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता जांच के पश्चात ही बागवानों को पौधे उपलब्ध करवाएं। जगत सिंह नेगी ने बागवानों को सघन बागवानी तकनीक अपनाने का परामर्श देते हुए उद्यान विभाग को पौधों की मांग सूची उपलब्ध करवाने को कहा।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नियमित अंतराल के भीतर जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से वन अधिकार अधिनियम का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा इससे संबंधित विभागीय प्रक्रिया की भी जानकारी प्रदान की। इस दौरान राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री का स्थानीय कांग्रेस नेता यशवंत सिंह खन्ना ने स्वागत करते हुए विधानसभा चुराह क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने नागरिक चिकित्सालय तीसा में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों तथा राजस्व विभाग में विभिन्न रिक्त पदों को भरने का भी आग्रह किया।

इससे पहले उपनिदेशक उद्यान डॉ.प्रमोद शाह ने विभिन्न विभागीय योजनाओं सहित बागवानी की नव उन्नत तकनीक की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाग सिंह ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, दिलदार अली बट्ट, एसडीएम अंकुर ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी, अधिशाषी अभियंता परवेश ठाकुर,जोगिंदर ठाकुर, केवल शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

चंबा मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा, सीपीआर दिवस और रोड सेफ्टी सप्ताह का आयोजन

प्राचार्य ने ट्रॉमा से बचाव व सड़क सुरक्षा पर दिया संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

चंबा मेडिकल कॉलेज में सीपीआर जागरूकता की दिलाई शपथ, 120 प्रशिक्षु डॉक्टरों ने भाग लिया ।

पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा में शुक्रवार को ट्रॉमा दिवस, सीपीआर दिवस और रोड सेफ्टी सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष 17 अक्तूबर को वर्ल्ड ट्रॉमा डे मनाने का उद्देश्य ट्रॉमा पीड़ितों को समय पर उचित चिकित्सा उपलब्ध करवाना और सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा के अधिकतर मामले सड़क दुर्घटनाओं के कारण सामने आते हैं, जिनसे बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना, नशे में ड्राइविंग से बचना और सड़क संकेतों का पालन करना जरूरी है। दोपहिया वाहन पर हेलमेट और प्राथमिक चिकित्सा किट रखना भी अनिवार्य होना चाहिए। थके या नशे में वाहन चलाना दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता है। कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस प्रशिक्षु डॉक्टरों ने ट्रॉमा, सीपीआर और सड़क सुरक्षा पर पोस्टर बनाकर जनजागरूकता फैलाई। सीपीआर की जानकारी को लेकर प्रशिक्षुओं को शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर एमबीबीएस बैच 2025 के 120 प्रशिक्षु डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ. संजीव ठकराल, शारीरिक शिक्षक इमरान खान, छायाकार बोधराज सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता के माध्यम से दुर्घटनाओं की रोकथाम और त्वरित प्राथमिक चिकित्सा के महत्व को उजागर करना था।

चंबा में पेंशनर्स का शांतिपूर्ण प्रदर्शन मुख्यमंत्री को सौंपा 15 सूत्री मांगपत्र

राहुल सहगल, अनंत ज्ञान

पेंशन, एरियर, डीए और मेडिकल बिलों को लेकर उठाई अहम मांगें

एक सप्ताह में मांगें न मानीं तो किया जाएगा राज्यव्यापी आंदोलन

चंबा। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त कार्रवाई समिति ने शुक्रवार को चंबा में एक शांतिपूर्ण रैली निकालकर मुख्यमंत्री को 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। यह मांगपत्र उपायुक्त चंबा के माध्यम से भेजा गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और महासचिव भूप राम वर्मा ने बताया कि सरकार को 16 सितंबर को नोटिस देकर एक माह का समय दिया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मुख्य मांगों में वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित वेतन और पेंशन लाभ देने, 16% महंगाई भत्ता और 111 महीनों का एरियर जारी करने, लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान हेतु विशेष बजट आवंटन, और एचआरटीसी पेंशनरों की बकाया पेंशन जारी करने की मांग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एचपीएसईबीएल शहरी निकायों और पूर्व-2016 पेंशन मामलों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बकायों को भी शीघ्र निपटाने की बात कही गई है। संयुक्त कार्रवाई समिति ने स्पष्ट कहा है कि यदि सरकार ने इन मांगों पर एक सप्ताह के भीतर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो पेंशनरों को राज्यव्यापी शांतिपूर्ण आंदोलन के दूसरे चरण की शुरुआत करने के लिए विवश होना पड़ेगा। समिति ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों से अपने वैध अधिकारों के लिए इंतजार कर रहे हैं और अब यह धैर्य टूटने की कगार पर है। संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए समिति ने कहा कि सरकार यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय लेती है तो इससे न केवल पेंशनरों को राहत मिलेगी बल्कि सरकार और कर्मचारियों के बीच विश्वास भी सुदृढ़ होगा।

दीपावली पर सतर्क हुई जोगिंद्रनगर पुलिस, गश्त व चैकिंग अभियान तेज

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात पुलिस, हर संदिग्ध वाहन की हो रही जांच

दीपावली पर्व को लेकर जोगिंद्रनगर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। त्यौहारों के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष गश्त और चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के चलते जोगिंद्रनगर, बस्सी, चौंतड़ा और लडभड़ोल क्षेत्रों में पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। सभी प्रमुख स्थानों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस कर्मी नियमित रूप से गश्त कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि दीपावली सीजन में बाहर से आने-जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस ने बाहरी राज्यों और जिलों से आने वाले वाहनों की कड़ी जांच शुरू कर दी है। हर संदिग्ध वाहन की बारीकी से तलाशी ली जा रही है ताकि नशे से संबंधित मामलों या अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस टीम को भी मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में तैनात कर दिया गया है। जोगिंद्रनगर बाजार में त्योहारों के दौरान बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्रबंधन योजना लागू की गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं और हेलमेट न पहनने, ओवरलोडिंग व गलत पार्किंग जैसी लापरवाहियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।सकीनी कपूर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे दीपावली के दौरान सावधानी बरतें, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तत्पर है ताकि सभी लोग त्योहार को शांति और सौहार्द के वातावरण में मना सकें।

कला उत्सव में भरमौर स्कूल का दबदबा

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा में आयोजित जिला स्तरीय -19 (बाल) प्रतियोगिता में राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर ने शानदार प्रदर्शन किया। पारंपरिक नृत्य में प्रथम स्थान के साथ-साथ एकल गान में द्वितीय एवं समूह गान में तृतीय स्थान हासिल किया। कला उत्सव में पारंपरिक समूह गान में भरमौर विद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 2ष्ठ पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रा एंजेल ने प्रथम स्थान हासिल किया। पारंपरिक समूह नृत्य में भी विद्यालय ने तृतीय स्थान पर जगह बनाई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा चम्बा में आयोजित 2025 कार्यक्रम में राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर ने मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाचार्य अरुणा ने प्रतिभागियों का सम्मान किया और अध्यापकों अनामिका ठाकुर, परवीन कुमारी, गोवर्धन चौहान, अनामिका शर्मा, विवेक शर्मा, कृष्ण पखरेटिया, पूनम रानी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

बैडमिंटन में पवन विजेता व उमेश उपविजेता

गोहर में भीमा ईको ने आयोजित करवाई खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

गोहर में भीमा ईको की और से आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

गोहर। खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत गोहर में भीमा ईको द्वारा तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इसमें पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम चेलचौक में करवाई गई। बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन चैलचौक की प्रधान इंदिरा देवी द्वारा किया गया, जिसमें पवन विजेता और उमेश उपविजेता रहे। दूसरे और तीसरे दिन वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकस्सी और 400 मीटर दौड़ करवाई गई। जिसका उद्घाटन गौरा ज्वेलर्स के ऑनर यतीश चंदेल द्वारा किया गया और प्रतियोगिता का समापन चैलचौक व्यापार मंडल के प्रधान राजकुमार द्वारा किया गया। वॉलीबॉल में स्यांज की टीम विजेता कोटली उप विजेता, कबड्डी में गोहर की टीम विजेता चैलचौक उप विजेता, 400 मीटर दौड़ में यदोपती विजेता हेमंत उप विजेता और रस्साकसी में जागृति महिला मंडल चच्योट विजेता बनी।

मित्रता बहुत सावधानीपूर्ण करें, पर जब कर लीजिए तो उसे पूरी ईमानदारी और दृढ़ता के साथ निभाइए। **-सुकरात**

संपादकीय

शांत वादियों में हुड़दंगबाजी

देवभूमि हिमाचल अपनी सादगी और सुकून के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि अब इन शांत वादियों में भी हुड़दंगबाजी का शोर-शराबा घुलने लगा है। यह वह हिमाचल नहीं रह गया जहां पर्यटक सिर्फ प्रकृति के सानिध्य में खुद को निखारने आते थे, बल्कि अब कुछ ऐसे लोग भी आने लगे हैं जो यहां का माहौल बिगाड़ने में जुटे हैं। देहरा में हुई घटना इसका ताजा उदाहरण है, जहां उत्तर प्रदेश से आए चार पर्यटकों ने शराब के नशे में धुत होकर हिमाचल पथ परिवहन निगम की वोल्वो बस को बीच सड़क पर रोक लिया और ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट कर डाली। रात के अंधेरे में यह गुंडागर्दी इस कदर बढ़ गई कि बस में सवार यात्री दहशत में आ गए, सड़क पर लंबा जाम लग गया और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

यह घटना सिर्फ एक मारपीट नहीं, बल्कि हिमाचल की शांति के खिलाफ एक अपराध है। कहा जा सकता है कि गलती चाहे किसी की भी रही हो, लेकिन जिस तरीके से शराब के नशे में चूर होकर बाहरी पर्यटकों ने बीच सड़क गुंडागर्दी की, वह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पहाड़ों की संकरी और घुमावदार सड़कों पर नशे की हालत में वाहन चलाना खुद के साथ-साथ दूसरों की जान को भी जोखिम में डालता है। ऐसे पर्यटक न केवल अपनी जान से खेलते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी मुसीबत खड़ी कर देते हैं। यही कारण है कि पहाड़ी राज्य जैसे हिमाचल में शराब पीकर गाड़ी चलाने को कड़ी सजा देने के प्रावधान हैं, लेकिन कुछ लोग कानून को ताक पर रखकर अपनी मनमर्जी पर उतर आते हैं।

यह पहली बार नहीं है जब बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों ने हिमाचल की मर्यादाओं को तोड़ा हो। कुछ समय पहले पंजाब से आए श्रद्धालुओं के एक समूह ने नंगी तलवारों, रिवॉलवरों, हॉकी और डंडों के साथ स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने का काम किया था। यह सोचने वाली बात है कि क्या हिमाचल की अतिथि सत्कार की परंपरा को इन लोगों ने कमजोरी समझ लिया है? यहां के लोगों ने हमेशा पर्यटकों को 'अतिथि देवो भव' की भावना से सम्मान दिया है, उन्हें अपना मानकर स्वागत किया है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि अतिथि बनकर कोई मनमानी करने लगे। अतिथि का अर्थ है मर्यादा, विनम्रता और अनुशासन, न कि उद्दंडता और शोर-शराबा। हिमाचल की खूबसूरती उसकी शांति और सरलता में है। यहां की वादियों में सुकून ढूंढने आने वाले पर्यटक जब नशे में धुत होकर सड़क पर हंगामा करते हैं, तो वे न केवल कानून तोड़ते हैं, बल्कि उस भावनात्मक बंधन को भी तोड़ते हैं जो हिमाचल के लोगों ने वर्षों से बाहरी मेहमानों के साथ बनाया है। किसी भी सभ्य समाज में अनुशासन ही उसकी पहचान होती है। अगर पर्यटक यहां आकर स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और कानूनों का सम्मान नहीं करेंगे, तो फिर पर्यटन का असली अर्थ ही खो जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने पर्यटकों के स्वागत के लिए कई रियायतें दी हैं। सड़कें सुधारी जा रही हैं, सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं और पर्यटन स्थलों को और आकर्षक बनाया जा रहा है, ताकि लोग हिमाचल आएं, यहां की संस्कृति से रू-ब-रू हों और शांति का अनुभव करें, लेकिन अगर इन्हीं सुविधाओं का दुरुपयोग कर कुछ लोग कानून व्यवस्था को चुनौती देने लगें, तो यह प्रशासन और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। आखिर यह प्रदेश किसी की गुंडागर्दी दिखाने का मंच नहीं है।

इस तरह की घटनाएं न केवल स्थानीय लोगों में असुरक्षा का भाव पैदा करती हैं, बल्कि हिमाचल की छवि को भी धूमिल करती हैं। यहां के लोग आज भी सरल, सहयोगी और शांत हैं। वे हर आने वाले का स्वागत मुस्कान से करते हैं, लेकिन जब उनके धैर्य की परीक्षा ली जाती है, तो वह समाज के सौम्य संतुलन को बिगाड़ देता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि कानून सख्ती से अपना काम करे। जो लोग यहां आकर गुंडागर्दी करते हैं, उन्हें सजा मिले, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति हिमाचल की पवित्र भूमि पर इस तरह का दुस्साहस न कर सके। हिमाचल आने वाले पर्यटकों को यह याद रखना चाहिए कि यह प्रदेश पर्वतों, नदियों और देवताओं की भूमि है। यहां हर घाटी, हर झरना, हर मंदिर शांति का प्रतीक है। यहां की हवा में आक्रोश नहीं, अपनापन घुला है। इसलिए जब कोई बाहरी व्यक्ति यहां आता है तो उससे अपेक्षा की जाती है कि वह इस शांति को महसूस करे, न कि इसे बिगाड़े। शराब के नशे में झूमना, सड़कें रोकना, स्थानीय लोगों से बदतमीजी करना या पुलिस से उलझना यह सब हिमाचल की आत्मा को ठेस पहुंचाता है। ■

गाजा में हमास की क्रूरता के बीच 'रहम' की अपील का औचित्य क्या ?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसराइल और गाजा के बीच संघर्ष विराम (सीजफायर) की घोषणा के बावजूद हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। दुनियाभर में शांति और राहत की अपीलें जारी हैं, पर गाजा से आई एक भयावह घटना ने फिर से पूरी मानवता को झकझोर दिया है। 14 अक्तूबर 2025 का एक वीडियो सामने आया, जिसमें हमास के लड़ाके आठ लोगों को आंखों पर पट्टी बांधकर, घुटनों के बल बिठाकर गोलियों से भून देते हैं। चारों ओर से मजहबी नारे गूंजते हैं और यह दृश्य किसी भी संवेदनशील और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखने वाले व्यक्ति के दिल को हिला देता है।

विडंबना यह है कि यह घटना उसी दिन हुई जब अमेरिका, तुर्की, मिस्र और कतर की मध्यस्थता में गाजा के लिए शांति प्रस्ताव पारित किया गया था। सवाल उठता है, जब सीजफायर लागू था, तब यह निर्मम हिंसा क्यों? और क्या 'गाजा के लिए शांति' की अपील करने वालों को यह नहीं देखना चाहिए कि स्वयं गाजा में हमास किस तरह का आतंक फैला रहा है? अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्टें इस बात की पुष्टि करती हैं कि हाल के दिनों में हमास ने अपने ही क्षेत्र के कई लोगों को 'इसराइल से सहयोग' के शक में सार्वजनिक रूप से मौत के घाट उतार दिया। इन लोगों को बिना किसी न्यायिक प्रक्रिया के गोली मार दी गई। न अदालत, न सुनवाई, न बचाव का अधिकार। शवों पर बंधे हाथों और पट्टी बंधी आंखों के निशान यह साबित करते हैं कि यह सब योजनाबद्ध था। युद्धविराम के बाद जब आम नागरिक राहत की उम्मीद कर रहे थे, तब हमास के हथियारबंद दस्ते सड़कों पर उतरे और अपने विरोधियों या संदिग्धों को पकड़कर सरेआम दंडित करने लगे। यह दहशत का शासन है, जहां सवाल उठाना गुनाह और असहमति देशद्रोह बन जाती है। क्या यह सही है? भारत समेत पूरी दुनिया में गाजा के समर्थन में आवाजें उठती हैं। सड़कों पर इंसाफ, इंसानियत के नारे गूंजते हैं, लेकिन जब 'रहम' या 'शांति' की बात की जा रही है, तो हमास जैसे सशस्त्र आतंकी समूह लोगों पर अत्याचार करते, हिंसा करते और उन्हें मौत के घाट उतारते हुए नजर आ रहे हैं?

इन क्रूरता भरे दृश्यों को देखकर तो यही लग रहा है कि शांति की अपील तभी सार्थक है जब वह न्याय के साथ खड़ी हो। हमास जैसे संगठन, जो अपने ही नागरिकों को घुटनों पर बैठाकर गोली मारते हैं, उनके प्रति 'रहम' की अपील वस्तुत: मानवता के साथ अन्याय है। अंतरराष्ट्रीय कानून विशेष रूप से जिनेवा संधियां यह स्पष्ट करती हैं कि किसी भी संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना मुकदमे के हत्या, सार्वजनिक निष्पादन और यातना सीधे-सीधे



युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर हमास द्वारा किए गए ये सार्वजनिक निष्पादन अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय को इन पर स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

हमास को कुछ लोग 'प्रतिरोध संगठन' कहते हैं, लेकिन उसकी कार्यशैली किसी भी आधुनिक राजनीतिक आंदोलन से अधिक क्रूर और सत्तालोलुप है। उसका ढांचा इस्लामिक महजब की कट्टर व्याख्या और भय के शासन पर आधारित है। हथियार उसके लिए केवल रक्षा का साधन नहीं, सत्ता का प्रतीक हैं। स्थानीय पत्रकारों की रिपोर्टें बताती हैं कि सीजफायर के बाद भी हमास के लड़ाके गश्त पर हैं और जो कोई भी बाहरी संपर्क या आलोचना की कोशिश करता है, उसे 'देशद्रोही' कहकर गायब कर दिया जाता है।

वस्तुत: आज ये सभी को समझना होगा कि जो संगठन इस्लामिक मजहब के नाम पर आतंक और सार्वजनिक निष्पादन को वैध ठहराते हैं, उन पर रहम नहीं, जवाबदेही आवश्यक है। भारत में गाजा के समर्थन में उठती आवाजें यह दर्शाती हैं कि यहां के लोग संवेदनशील हैं और विश्व-मानवता के प्रति सहानुभूति रखते हैं, लेकिन संवेदना और यथार्थ के बीच की रेखा को समझना भी जरूरी है। यदि कोई वास्तव में गाजा के नागरिकों की चिंता करता है, तो उन्हें यह भी कहना चाहिए कि 'हमास को हथियार डालने चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया बहाल होनी चाहिए और असहमति का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए।' यही सच्चा मानवीय दृष्टिकोण होगा। हालांकि, सोशल मीडिया के इस दौर में गाजा या इसराइल से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सेकेंडों में वायरल हो जाते हैं, पर हर दृश्य सत्य नहीं होता। कई वीडियो पुराने या संपादित होते हैं। इसीलिए हर जानकारी को आंख मूंदकर स्वीकार करना खतरनाक है। तथ्यों की जांच और सत्यापन आवश्यक है। फिर भी, जिन घटनाओं की पुष्टि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने की है, जैसे हमास द्वारा किए गए सार्वजनिक निष्पादन; उन्हें किसी प्रचार से नकारा नहीं जा सकता। जब किसी को घुटनों पर बिठाकर सिर में गोली मारी जाती है और भीड़ मजहबी नारे लगाती है, तो यह सीधे- सीधे इस्लामिक मजहबी हिंसा नजर आती है। यह निर्मम हत्याएं हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं।

सोचा जाए तो गाजा का संकट आज युद्ध से कहीं अधिक मानवता के दोहरे मापदंडों का भी दर्पण है। एक ओर दुनिया हिंसा रोकने की अपील करती है, दूसरी ओर वही दुनिया अक्सर उन संगठनों को अनदेखा कर देती है जो मजहब की आड़ में निर्दोषों का खून बहाते हैं। यही कारण है कि आज सवाल यह नहीं कि शांति चाहिए या नहीं; बल्कि यह है कि शांति किसके लिए चाहिए? निर्दोष नागरिकों के लिए या हथियारबंद आतंकी गिरोहों के लिए?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

योजनाओं का घुटा दम, अस्पतालों में फैली अव्यवस्था और जनता बेसहारा

सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों हालात कुछ ऐसे बन गए हैं कि आम जनता और जरूरतमंद वर्ग के बीच सरकार के प्रति गहरा असंतोष पनपने लगा है। प्राकृतिक आपदाएं आए दिन किसी न किसी जिले को प्रभावित कर रही हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

ऐसे में पंचायत चुनाव स्थगित करने की बात कही जा रही है, जो लोकतंत्र की जड़ यानी पंचायत प्रणाली पर सीधा प्रहार है। वहीं दूसरी ओर जब प्रदेश गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, उस समय सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमति से माननीयों के वेतन और भत्तों में भारी वृद्धि करना प्रदेशवासियों को विचलित कर रहा है।

इससे साफ संकेत मिलता है कि नेता वर्ग जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं की तुलना में अपनी सुख-सुविधाओं को कहीं ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई सहारा योजना, जो गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को राहत देने के उद्देश्य से चलाई गई थी, आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। मौजूदा कांग्रेस सरकार की सुखाश्रय योजना को तो हर मंच पर प्रचारित किया जा रहा है, लेकिन सहारा योजना के लाभार्थियों को बीते तीन महीनों से पेंशन नहीं मिल रही है।

सवाल यह है कि क्या सिर्फ इसलिए कि योजना पिछली सरकार की है, उसका नुकसान अब बीमार और असहाय लोगों को भुगतना पड़ेगा? प्रदेश में कई ऐसे लोग हैं जो 100 प्रतिशत अपंग हैं या जीवनघातक बीमारियों से ग्रसित हैं, उन्होंने समय रहते सभी औपचारिकताएं पूरी कीं, फिर भी सरकार की लापरवाही के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। सरकारी मशीनरी की संवेदनहीनता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अपंग व्यक्तियों को हर छह महीने बाद 'जिंदा होने' का प्रमाण

पत्र स्वास्थ्य विभाग से लेकर जमा करवाना पड़ रहा है, यह व्यवस्था न केवल अमानवीय है बल्कि अपमानजनक भी।

सत्ता पक्ष का दावा है कि वे सत्ता सुख भोगने नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन लाने आए हैं, लेकिन जिस तरह से निगमों, बोर्डों और अन्य राजनीतिक पदों पर बैठे लोगों के वेतन-भत्ते बढ़ाए गए हैं, उससे साफ हो जाता है कि परिवर्तन केवल चुनिंदा लोगों के जीवन स्तर में लाने का प्रयास हो रहा है, न कि आम जनता की परिस्थितियों में। स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल बेहद चिंताजनक है। हिमकेयर जैसी योजनाएं भी अब केवल नाम की रह गई हैं, जिनका लाभ कछ ही सरकारी अस्पतालों तक सीमित है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च गरीब लोगों के बस से बाहर है और हिमकेयर कार्ड वहां स्वीकार नहीं किए जाते।,

ई-केवाईसी की बार-बार की बाध्यता भी पेंशनभोगियों के लिए एक नई परेशानी बन चुकी है। यह सब उस राज्य में हो रहा है जहां पंचायत, जिला परिषद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर मौजूद हैं, जिनका काम है आमजन तक योजनाओं और सुविधाओं को पहुंचाना, मगर मौजूदा हालात देखकर लगता है कि ये तंत्र भी पूरी तरह निष्ि य हो चुका है। चिंता की बात यह भी है कि प्रदेश के अस्पतालों से आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जो न केवल संवेदनहीनता को दर्शाती हैं, बल्कि प्रदेश की छवि भी धूमिल कर रही हैं। राजधानी शिमला के नामी अस्पतालों में इलाज में लापरवाही के चलते दो मरीजों की मौत और जिला चंबा में एक डॉक्टर द्वारा बच्ची के लिए की गई अपमानजनक टिप्पणी जैसी घटनाएं चिकित्सा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करती हैं।

महीनों से अस्पतालों में लिफ्ट, एक्सरे मशीनें, दवाइयां, एंबुलेंस और यहां तक कि स्ट्रेचर तक की कमी बनी हुई है। जहां ये समस्याएं अपेक्षाकृत सुलझाई जा सकती थीं, वहीं इस तरह की प्रशासनिक और नीतिगत विफलताएं चिंताजनक हैं और यह संकेत देती हैं कि अगर यही हाल रहा तो आम जनता का लोकतंत्र से भरोसा टूटना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

दीपों की रोशनी से मन की उन्नति तक : दीपावली का सच्चा संदेश

श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हमारी प्राचीन प्रथाओं व अनुष्ठानों में गहन ज्ञान और अंतर्दृष्टि छिपी है। हम कार्तिक माह में प्रकाश का पर्व दिवाली मनाते हैं। कार्तिक माह में लोग अपने घरों के सामने प्रतिदिन दीपक जलाते हैं। इसका एक कारण यह है कि इस गोलार्ध में कार्तिक वर्ष के सबसे अंधेरे महीनों में से एक है। यह दक्षिणायन के अंत का प्रतीक है, जब सूर्य दक्षिण की ओर बढ़ता है और रोशनी कम होती जाती है।

दीपक जलाने के पीछे एक और प्रतीक है। भगवान बुद्ध ने कहा है - 'अप्प दीपो भव'-स्वयं के लिए प्रकाश बनो; किंतु अंधकार दूर करने के लिए मात्र एक दीपक पर्याप्त नहीं है। जगत में हर किसी को चमकना चाहिए। भगवान बुद्ध ने संघ क्यों बनाया था? उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि वह जानते थे कि सभी व्यक्तियों में ज्ञान जगाने की आवश्यकता है। जब अधिक से अधिक लोग जागृत होंगे, तभी एक खुशहाल समाज का निर्माण होगा। जब वह कहते हैं, अपने लिए व अपने आस-पास के सभी लोगों के लिए प्रकाश बनो, तो उसका अर्थ है ज्ञान में रहो, व उस जागृति और ज्ञान को अपने आस-पास के लोगों तक फैलाओ।

देश के कई भागों में दिवाली को काली चौदस के रूप में भी मनाया जाता है। देवी काली की पूजा को समर्पित यह त्योहार रात्रि की भव्यता और महिमा की सुंदर स्मृति दिलाता है। यदि रात न होती, अंधकार न होता, तो हम कभी भी अपने ब्रह्मांड की विशालता को नहीं जान पाते। हम कभी नहीं जान पाते कि सृष्टि में अन्य ग्रह भी हैं। ऐसा प्रतीत हो सकता है कि हम दिन में अधिक देखते हैं, और रात में कम, लेकिन जो हम रात में देखते हैं, वह संपूर्ण ब्रह्मांड है, ब्रह्मांड का अनंत विस्तार है। जब हम तुच्छ वस्तुओं के लिए अपनी आंखें बंद कर लेते हैं, तो हम उन्हें

किसी महान वस्तु के लिए खोल देते हैं। यदि आप ध्यान दें, तो आपकी आंखों की पुतलियां कृष्ण रंग की हैं, इन्हें काली भी कहा जाता है। अगर हमारी आंखों में काली पुतलियां न हों तो हम कुछ भी नहीं देख पाएंगे।

काली ज्ञान का प्रतीक है। वह ज्ञान की माता है। वह कोई ऐसी देवी नहीं है जो अपनी जिह्वा बाहर निकालकर आपको डराने का प्रयत्न कर रही हो। वे सभी मात्र चित्रण हैं। वह एक ऐसी ऊर्जा है जिसका वर्णन हम अपनी बुद्धि से नहीं कर सकते या समझ नहीं सकते। इसे केवल अनुभव किया जा सकता है।

काली भगवान शिव के ऊपर भी खड़ी हैं। इसका क्या अर्थ है? शिव का अर्थ है अनंत मौन। जब हम शिव के अद्वैत गहन मौन का अनुभव करते हैं, तो हम समझते हैं कि यह हमारा अपना स्वरूप है। वहां हम काली की ऊर्जा का अनुभव करते हैं, जहां हम स्वयं को उच्च ज्ञान के लिए खोलते हैं। हम दिवाली पर धन की देवी, देवी लक्ष्मी का आह्वान करते हैं और उनका आशीर्वाद मांगते हैं। वह अपने साथ साहस व रोमांच की भावना लेकर आती हैं। आप जानते हैं, धन प्राप्त करने का विचार कई लोगों में रोमांच पैदा करता है। इसलिए धन की देवी का दूसरा संकेत रोमांच की भावना है। देवी लक्ष्मी का तीसरा लक्षण है सौंदर्य और प्रकाश। वह एकांगी भक्ति पसंद करती हैं। इसे दर्शाती हुई एक सुंदर कहानी है।

जब आदि शंकराचार्य 8 वर्ष के थे, तब उन्होंने कनकधारा स्तोत्र की रचना की थी, जो एक बहुत ही लयबद्ध, शक्तिशाली और अर्थपूर्ण छंद है। कहानी यह है कि एक दिन आदि शंकराचार्य भिक्षा मांगने के लिए एक घर के बाहर खड़े थे। घर की महिला इतनी गरीब थी कि उसके पास चढ़ाने के लिए केवल एक करौंदा था। उसने उसे उनके कटोरे में रख दिया। ऐसा कहा जाता है कि उसकी भक्ति से प्रभावित होकर आदि शंकराचार्य ने लक्ष्मी देवी की स्तुति में कनकधारा स्तोत्र गाया और देवी ने घर में सुनहरे आंवलों की वर्षा कर दी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारतीय सिनेमा का सच्चा नायक

ओम पुरी
जन्म : 18 अक्तूबर,1950
निधन : 6 जनवरी, 2017

ओम पुरी का जन्म 18 अक्तूबर 1950 को अंबाला, पंजाब में हुआ था। उनका बचपन बेहद संघर्षपूर्ण था। पिता रेलवे में कार्यरत थे, लेकिन आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। ओम पुरी को ट्रेनों से बेहद लगाव था और बचपन में वे रेलवे ड्राइवर बनने का सपना देखा करते थे। पारिवारिक तनाव के कारण उनकी मां उन्हें लेकर सन्नौर (पटियाला) चली गईं, जहां उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। परिवार की मदद के लिए उन्होंने ढाबे पर काम भी किया, लेकिन एक झूठे आरोप के चलते नौकरी से निकाल दिए गए।

सन्नौर में ही उनका रुझान नाटकों की ओर हुआ। उन्होंने खालसा कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ एक वकील के पास मुंशी का काम किया और बाद में हरपाल और नीना टिवाना के सहयोग से पंजाब कला मंच से जुड़े। अभिनय की गंभीर शिक्षा के लिए उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे और फिर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, दिल्ली से प्रशिक्षण लिया। यहीं उनकी मुलाकात नसीरुद्दीन शाह से हुई। ओम पुरी ने 1976 में 'घासीराम कोतवाल' से अपने करियर की शुरुआत की और 'आक्रोश', 'अर्धसत्य', 'मंडी', 'स्पर्श' जैसी फिल्मों से पहचान बनाई। उन्होंने 'हेरा फेरी', 'चाची 420' जैसी हास्य फिल्मों से भी दर्शकों का दिल जीता। हॉलीवुड फिल्मों में भी उन्होंने 'ईस्ट इज ईस्ट', 'सिटी ऑफ ज्वॉय' और 'चार्ली विल्सन वॉर' जैसी फिल्मों में काम किया।

ओम पुरी का जीवन साधारण परिवार से निकलकर महानता तक पहुंचने की प्रेरक कहानी है। उन्होंने अपने अभिनय से आम आदमी की आवाज को पर्दे पर जीवंत किया और भारतीय सिनेमा को एक नई पहचान दी। ओम पुरी 6 जनवरी 2017 को अपने घर में दिल का दौरा पड़ने से अचानक दुनिया से चले गए। ■

धनतेरस : समृद्धि का अर्थ सोने-चांदी से नहीं, संतोष व सद्भाव से तय हो

डॉ. सत्यभान सौरभ
स्तंभकार, भिवानी (हरियाणा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

धनतेरस का नाम लेते ही आंखों के सामने दीपों की उजास, सोने-चांदी की झिलमिलाहट, बाजारों का रौनकभरा शोर और पूजा की तैयारियों में जुटे घर-घर के दृश्य उभर आते हैं। यह दिन न केवल खरीदारी का त्योहार है, बल्कि भारतीय संस्कृति के गहरे दर्शन का प्रतीक भी है। यह वह दिन है जब लोग मानते हैं कि लक्ष्मी माता घर आएंगी, समृद्धि का आशीर्वाद देंगी और दुर्भाग्य के अंधकार को मिटा देंगी, परंतु अगर हम इस पर्व के पीछे के दर्शन को गहराई से देखें, तो पाएंगे कि धनतेरस का अर्थ केवल सोना-चांदी खरीदना नहीं, बल्कि 'धन' की सही परिभाषा को समझना है।

'धन' शब्द संस्कृत के 'धना' से बना है, जिसका अर्थ केवल संपत्ति या पैसा नहीं बल्कि समृद्धि, सुख और संतोष का संगम है। प्राचीन ग्रंथों में धनतेरस को 'धनत्रयोदशी' कहा गया है-अर्थात धन और स्वास्थ्य दोनों की कामना का दिन। इसी दिन समुद्र मंथन से धनवंतरि देवता अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, जिन्होंने मानवता को स्वास्थ्य का वरदान दिया। यही कारण है कि इस दिन को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। जब दुनिया धन को केवल भौतिक संपत्ति के रूप में देखती है, तब भारतीय दर्शन इसे शरीर, मन और आत्मा की समृद्धि के रूप में देखता है।

आज के समय में धनतेरस का रूप काफी बदल गया है। पहले जहां यह दिन दीप जलाने, घर साफ करने और देवी-देवताओं की पूजा का होता था, अब यह दिन शॉपिंग मॉल और ऑनलाइन सेल का प्रतीक बन गया है। धनतेरस आते ही लोग सोना, चांदी, कार, बाइक, फ्रिज, टीवी, मोबाइल-सब कुछ खरीदने की होड़ में लग जाते हैं, लेकिन क्या यही असली 'धन' है? क्या केवल महंगी वस्तुएं खरीदकर हम सच में समृद्ध हो जाते हैं? शायद नहीं। असली समृद्धि तो उस मन में है जो संतोष जानता है, उस घर में है जहां प्रेम की दीवारें मजबूत हैं और उस समाज



में है जहां सभी के पास रोटी, कपड़ा और सम्मान हो। धनतेरस हमें यह भी सिखाता है कि धन का उपयोग कैसा हो। जब धन भगवान धनवंतरि से जुड़ा हुआ है, तो इसका अर्थ यह भी है कि धन स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए होना चाहिए, न कि दिखावे और व्यर्थ विलासिता के लिए, लेकिन आज की हकीकत यह है कि लोग धनतेरस पर नई चीजें खरीदने के लिए कर्ज तक ले लेते हैं। सोशल मीडिया पर कौन कितना खरीद रहा है, किसने कौन-सी गाड़ी ली—यह तुलना हमें भीतर से खोखला कर देती है। असली पूजा तो तब है जब हम अपने जीवन में संतुलन और संयम को जगह दें। एक समय था जब धनतेरस के अवसर पर लोग मिट्टी के दीप, तांबे या पीतल के बर्तन खरीदते थे। यह परंपरा केवल प्रतीकात्मक नहीं थी, बल्कि वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण थी। मिट्टी के दीप अंधकार मिटाने का प्रतीक हैं और धातु के बर्तन स्वास्थ्य व सकारात्मक ऊर्जा का, लेकिन अब इन बर्तनों की जगह चमकदार चाइनीज लाइट्स और प्लास्टिक के सजावटी सामान ने ले ली है। पहले जहां घरों में 'शुभ-लाभ' लिखकर दीवारें सजी होती थीं, अब 'डिस्काउंट' और 'कैशबैक' के बोर्ड झिलमिला रहे हैं। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं, बल्कि हमारे भीतर के मूल्यबोध में भी आया है। धनतेरस का एक और गहरा संदेश है—'धन' और 'धर्म' के संतुलन का। यदि धन अधर्म के मार्ग से अर्जित किया गया है, तो वह कभी सुख नहीं दे सकता।

समृद्धि केवल धनवान बनने में नहीं, बल्कि मनवान बनने में है। जब हम अपने कर्मों से दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाते हैं, जब हम अपनी कमाई से किसी का अंधकार मिटाते हैं-तभी सच्चे अर्थों में 'धनतेरस' होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आखिर कब

परिधि शर्मा, जिला कांगड़ा, छात्रा, दिल्ली यूनिवर्सिटी

विष्णु कुछ खोए खोए से हैं, पर ब्रह्मा से कहते हैं कि
नहीं पहचानता खुद को, नहीं पहचानता अपनी ताकत
मगर विष्णु को मालूम नहीं कि ब्रह्मा देख रहे हैं क्योंकि
विष्णु कुछ खोए खोए से हैं, जाने क्यों नहीं हम अपनी मर्यादा
अपनी शक्ति क्यों नहीं जानते पहचानते हैं
आखिर कब ..... ?

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

आखिरी सांस तक चीन से लोहा लेते रहे थे भारतीय बहादुर सैनिक

22 व 23 अक्तूबर 1962 को चीन ने लद्दाख व नेफा की चौकियों पर किया था आक्रमण, 11 माह तक चले युद्ध में 3000 से अधिक सैनिक हो गए थे शहीद

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

मंडी। भारत चीन युद्ध की शुरुआत वर्ष 1962 में 21 अक्तूबर को हुई थी और इस युद्ध में चीन ने भारत के बहुत बड़े इलाकों को हथिया लिया था। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा ने इस संवाददाता के साथ युद्ध की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1962 भारत-चीन युद्ध के संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि चीन भारत युद्ध की शुरुआत 21 अक्तूबर 1962 को सुबह 5:15 बजे हुई थी तथा 22 व 23 अक्तूबर को चीन ने भारत की लद्दाख व नेफा की चौकियों पर भीषण आक्रमण कर दिया था। 21 नवंबर 1963 तक लगभग 11 माह तक चले इस युद्ध में भारतवर्ष के 3000 से भी अधिक सैनिक शहीद हो गए थे तथा 43000 वर्ग किलोमीटर जमीन से भी भारत को हाथ धोना पड़ा था। भारतीय सेना ने फिर अपने अदम्य साहस व जज्बे से चीन की बड़ी सेना का मुकाबला किया था। भारत ने उस समय भारतीय वायु सेना की भी मदद लेने में संकोच किया था। चीन के लगभग 3500 सैनिकों के मुकाबले भारत के 124 सैनिकों ने लोहा लिया और आखिरी दम तक लड़ते हुए शहीद हो गए। इस युद्ध के समय केंद्र सरकार का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के हाथ में था जो चीन पर अत्यधिक विश्वास करते थे और भारत में यह संदेश दिया जाता था कि चीन भारत पर कभी भी आक्रमण नहीं कर सकता है। इसी भरोसे सेना की तैयारी नहीं की गई थी और सड़कों की कमी, संपर्क तथा आने जाने के साधन नाम मात्र होना, खाद्य सामग्री व गोला बारूद का सैनिकों तक न पहुंचना भारत की हार का कारण बना जिसके लिए भारत की सेना नहीं बल्कि केंद्र सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार मानी गई है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में रूपा, बोमडिला आदि चौकियों पर निहत्थे भारतीय सैनिकों ने आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने काफी समय तक चीनी सैनिकों को रोक कर रखा था। वायुसेना की सहायता न मिलने पर तथा पीछे से कोई भी सहायता न मिलने के कारण सैनिक चौकियों को छोड़ने पर मजबूर हो गए थे। जिसमें हमारे कई सैनिक शहीद हो गए थे।

क्यों शुरू हुआ युद्ध

कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि इस युद्ध के शुरू होने के दो मुख्य कारण रहे थे। 1954 में भारत ने पंचशील के सिद्धांत व चीन से अच्छे संबंध बनाने के लिए चीन के शासक चोव एन लाई को स्वतंत्र देश तिब्बत को चीन का हिस्सा मानने पर सहमति दे दी थी। इसके बाद 1959 में दलाईलामा का भारत में भूतपूर्व स्वागत तथा भारत में शरण देना पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चीन को अच्छा नहीं लगा। चीन ने 1954 में हुए समझौता तथा हिंदी चीनी भाई-भाई के स्लोगन को भी तोड़ने की तरफ पहला कदम उठाकर भारत पर आरोप लगाया कि तिब्बत के टकराव के लिए भारत पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। दूसरी तरफ चीन ने 1957 में अक्साई चीन पर जबरदस्ती कब्जा करके भारत को नाराज कर दिया, क्योंकि वह भारत का हिस्सा था वह हिस्सा आज भी चीन के जिन-जियाग प्रांत से जुड़ा है तथा चीन ने वहां सड़क का निर्माण करके अपने प्रांत से जोड़ लिया है जबकि भारत इसका विरोध करता आ रहा है। लेकिन चीन इसकी अनदेखी करता आ रहा है। भारत को चीन से इस क्षेत्र को वापस लेने को महत्व देना चाहिए।

कैप्टन जगदीश वर्मा

अनंत ज्ञान स्पैशल

तवांग में निहत्थे सैनिकों की बहादुरी, आखिरी दम तक लड़े जवान

शहीद हुए सैनिकों को नमन

आज भी चीन लद्दाख व गलवान घाटी अरुणाचल प्रदेश में तवांग तथा अन्य स्थानों पर आए दिन एल ए सी पर अपना दावा करता रहता हैं जिसे उसने युद्ध उपरांत छोड़ दिया था तथा भारत चीन बॉर्डर पर तनाव की स्थिति पैदा कर देता है, लेकिन पिछले वर्षों गलवान व अन्य क्षेत्रो में हुई सैनिकों की झड़प ने चीन को दिखा दिया है कि आज का भारत 1962 के भारत से काफी भिन्न है व जवाब देने में सक्षम है। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारतवर्ष की सहस्त्र सेनाओं का पराक्रम तो पूरे संसार में आज देख लिया है। आज 1962 भारत चीन के साथ हुए युद्ध की वर्षगांठ पर हम उन शहीदों को नमन करते हैं जिन्होंने इस युद्ध में अपने प्राण देश के लिए बलिदान कर दिए थे।

भारत ने समय रहते उचित कदम उठाए होते तो नहीं होती हार

चीन ने अपने सैनिकों की संख्या में भारी वृद्धि, हथियार व गोला बारूद काफी मात्रा में जमा कर लिया था लेकिन दूसरी तरफ भारत में उस समय के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री व सेना अध्यक्ष इस बात से अनभिज्ञ थे कि चीन युद्ध करने की तैयारी कर रहा है। इस इलाके में भारत के कम सैनिकों के होने व किसी भी प्रकार की तैयारी न होने व सारा क्षेत्र पहाड़ी होने व आने जाने की सुविधा से वंचित पीछे के कमांडरों से संपर्क न होने के कारण असफलता की ओर बढ़ते रहे और हमारे सैनिक सिर्फ अपने दम पर ही लड़ते रहे अगर केंद्र सरकार की तरफ से उचित कदम उठाए होते तो भारत की सेना को इस युद्ध की हार से बचा जा सकता था। हार किसी भी प्रकार से सैनिकों की तरफ से नहीं हुई बल्कि इसके लिए पूर्ण रूप से सरकार ही हार का कारण बनी थी।

दिवाली पर जोगिंद्रनगर डिपो ने दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए चलाई विशेष बसें

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

दीपावली पर्व के अवसर पर घर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम जोगिंद्रनगर डिपो ने दिल्ली रूट के लिए दो विशेष बस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। इस कदम से स्थानीय लोगों और बाहर से आने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि दीपावली के समय दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या में हर साल काफी बढ़ोतरी होती है। इसको देखते हुए निगम ने इस बार पहले से ही दो ऑर्डिनरी स्पेशल बसें चलाने की व्यवस्था की है।उन्होंने बताया कि पहली विशेष बस शुक्रवार से जोगिंद्रनगर से शाम 5:30 बजे रवाना होगी, जो वाया मंडी होकर अगले दिन सुबह दिल्ली पहुंचेगी। वहीं दिल्ली से यह बस अगली रात 8:54 बजे रवाना होकर सरकाघाट, धर्मपुर, नेरी भडोल, बैजनाथ होते हुए जोगिंद्रनगर पहुंचेगी। दूसरी बस भी इसी रूट पर 18 अक्तूबर को चलाई जाएगी ताकि दीपावली के दौरान अधिक यात्रियों को समायोजित किया जा सके। विनोद कुमार ने बताया कि यात्रियों की मांग को देखते हुए दीपावली के बाद भी यह सेवा जारी रहेगी, जिससे नियमित रूप से दिल्ली आने-जाने वालों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि निगम ने दीपावली के चलते आज से जोगिंद्रनगर से वाया मंडी चंडीगढ़ रूट पर भी दो विशेष बस सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसके अतिरिक्त रविवार को जोगिंद्रनगर बाजार खुला रहेगा, जिसके चलते लोकल रूटों पर भी बसें नियमित रूप से चलाई जाएंगी ताकि लोगों को खरीदारी के लिए आवाजाही में कोई असुविधा न हो।

न्यूज ब्रीफ

बैंक धोखाधड़ी से बचने के बताए उपाय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा चंदेश द्वारा दि गाहर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित चंदेश में नाबार्ड के सौजन्य से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में जन साधारण को आय, व्यय, बजट, बचत, ऋण, बीमा, निवेश, पेंशन, वित्तीय योजना, डिजिटल लेनदेन, एटीएम, आरटीजीएस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक धोखाधड़ी से बचने के भी उपाय बताए गए। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं जैसे सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना की जानकारी के साथ साथ बचत एवं ऋण संबंधित योजनाएं भी बताई। इस शिविर में दि गाहर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित चंदेश के प्रधान शोभा राम शर्मा एवं सचिव जयराम शर्मा भी उपस्थित रहे। शिविर में बैंक कर्मचारियों सहित 52 लोगों ने भाग लिया।

देहरी में 115 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, महादेव। आयुष विभाग उपमंडल सुंदरनगर जिला मंडी की टीम द्वारा वृद्ध आश्रम देहरी सुंदरनगर में डॉ. विक्रम राणा की अध्यक्षता में एक बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें आश्रम आवासी वृद्धों के साथ आसपास के लगभग 115 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, रक्त अल्पता की जांच की गई तथा कपिंग थेरेपी मर्म चिकित्सा और अग्नि कर्म द्वारा मरीजों का उपचार किया गया तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। महासचिव उतम चंद शर्मा ने बताया कि न्यास के अध्यक्ष डॉ. पदम गुलेरिया ने दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि की पूजा करके शिविर की विधिवत शुरुआत की। शिविर के दौरान योग विशेषज्ञ द्वारा विशेष योग सत्र का आयोजन कर लोगों को योग करने के तौर तरीकों तथा इसके स्वास्थ्य लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त शिविर में आयुष विभाग की ओर से डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. राम कुमार, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सरिता व डॉ. लोकेश के साथ आयुर्वेदिक अधिकारी भावना, राजकुमार तथा रंजना सहित शिविर सफल बनाने के लिए अन्य आयुष स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला द्वारा पीएम श्री राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छ दिवाली हरित दिवाली अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पटाखों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और ग्रीन दिवाली थीम पर रंगोली, नारा लेखन प्रतियोगिता, मिट्टी के दीयों का वितरण व रैली आयोजित की गई। स्कूल प्रभारी केआर राव ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदूषण रहित और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने हेतु जागरूकता फैलाना रहा। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और सभी को स्वच्छ व स्वस्थ दिवाली मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

स्वच्छता अभियान में दिखा छात्रों का उत्साह

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स व रेंजर्स, इको क्लब, रेड रिबन क्लब, कैंपस ब्यूटीफिकेशन कमेटी तथा स्वच्छता कमेटी के सदस्य सहित सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता की शपथ से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने पूरे जोश और मेहनत से महाविद्यालय परिसर की सफाई की। विद्यार्थियों ने कैंपस को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर निशा वैद्य एवं सभी प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के साथ दीये जलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने सभी को स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया और छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

जोगिंद्रनगर में संडे को खुलेंगी सभी दुकानें

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। दीपावली के मद्देनज़र जोगिंद्रनगर बाजार में खरीददारी जोरों पर है। इसी को ध्यान में रखते हुए व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर ने रविवार को भी बाजार खोलने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी दुकानदार इस निर्णय पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली लोगों के लिए विशेष पर्व है और इस समय कपड़े, सजावटी सामग्री, दीये, मिठाइयां और अन्य वस्तुओं की खरीददारी चरम पर होती है। रविवार को दुकानों के बंद रहने से असुविधा होती, इसलिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने दुकानदारों से उचित मूल्य और विनम्र व्यवहार की अपील की, साथ ही आम लोगों से आग्रह किया कि वे ऑनलाइन की बजाय स्थानीय दुकानों से ही खरीदें, जिससे स्थानीय व्यापारियों के घर भी रोशन हो सकें।

प्राचार्य ने चयनित पदाधिकारियों को दिलाई गोपनीयता की शपथ

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में नवगठित छात्र केंद्रीय संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने की। प्राचार्य ने छात्र संघ के नव चयनित प्रमुख पदाधिकारियों को शॉल और ब्लेजर पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा शिवानी वर्मा (प्रथम अध्यक्ष), पल्लवी शर्मा (उपाध्यक्ष), कशिश शर्मा (मुख्य सचिव), अक्षिता (सह-सचिव) सहित कुल 26 कक्षा प्रतिनिधियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही विभिन्न गतिविधियों के प्रभारी सदस्य जैसे रोहित (राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी), कविता, ऋषि पराशर (राष्ट्रीय कैडेट कोर प्रभारी), साक्षी शर्मा, अभिनव कपूर (रोवर प्रभारी), इशू (रेंजर प्रभारी), रजत, कंगना यादव (क्रीड़ा प्रभारी), प्रिया ठाकुर, कल्पना कुमारी (सांस्कृतिक प्रभारी), अनिल कुमार तथा वंशिका शर्मा (क्लब व समाज प्रभारी) को भी दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरुण शर्मा ने किया। इस आयोजन में छात्र केंद्रीय संघ सलाहकार समिति की विशेष भूमिका रही, जिसमें संयोजक डॉ. नरेश चंदेल, डॉ. राजीव राणा, प्राध्यापक कमलेश पराशर, प्राध्यापिका रेखा, प्राध्यापक सुनील कुमार, पुष्पेंद्र, राकेश, रीता तथा वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार सम्मिलित रहे।

डीसी ने विशेष बच्चों को दिए दिवाली के उपहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने शुक्रवार को उपमंडल सुंदरनगर के विशेष बच्चों के संस्थानों में दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर बच्चों को दीपावली उपहार और मिठाइयां भेंट कीं। उपायुक्त ने साकार स्कूल डोढ़वां और विशेष योग्यता प्राप्त बच्चों के संस्थान सुंदरनगर का दौरा किया। उपहार प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक दौड़ गई और पूरे वातावरण में उल्लास का माहौल बन गया। अपूर्व देवगन ने कहा कि दीपावली की सच्ची खुशी तभी पूरी होती है जब हमारी छोटी-सी पहल किसी के जीवन में रोशनी भर दे। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि प्रेम, अपनत्व और साझा खुशियों की रोशनी फैलाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सहयोग और संवेदना की भावना को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

हत्या के प्रयास मामले में दोषी को 5 साल की सजा

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी की अदालत का फैसला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी की अदालत ने वर्ष 2019 में 10 वर्षीय बच्ची पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपी ओम प्रकाश पुत्र हरि राम, निवासी गांव बटाहन, डाकघर कोठी गेहरी, तहसील बल्ह, जिला मंडी को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

यह मामला 10 सितंबर 2019 का है, जब आरोपी ओम प्रकाश (जो भारतीय सेना में कार्यरत है) ने मक्का के खेतों में 10 साल की बच्ची ईशा का गला चाकू से रेतने की कोशिश की थी। घायल बच्ची को आरोपी की माता ने खेतों से बाहर निकाला। बच्ची ने बताया कि ओम प्रकाश ने फोन कॉल के बारे में पूछताछ करने के बाद हमला किया। पुलिस थाना बल्ह में शिकायत मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। घटनास्थल से खून के नमूने एकत्र किए गए, गवाहों के बयान दर्ज हुए और फॉरेंसिक जांच कराई गई। जिला न्यायवादी विनोद भारद्वाज ने मामले की पैरवी की। अदालत ने आरोपी को धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत 3 वर्ष कारावास और 10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने की स्थिति में 6 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास होगा। धारा 326 (खतरनाक हथियार से गंभीर चोट) के तहत 2 वर्ष कारावास और 2,000 रुपए जुर्माना लगाया गया है, जुर्माना अदा न करने पर 3 महीने की अतिरिक्त सजा होगी।



10 सितंबर 2019 का है मामला, 12 हजार का जुर्माना भी लगाया

जुर्माना अदा न करने पर दोषी को 9 माह का होगा अतिरिक्त कारावास

सरकाघाट में अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी स्थापित करने की अधिसूचना शीघ्र हो जारी : मुनीष

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट नबाही वार्ड के जिला परिषद् सदस्य मुनीष शर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से मांगपत्र भेजा। इस मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने मांग उठाई कि सरकाघाट क्षेत्र में अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी को स्थापित करने की अधिसूचना जल्दी जारी की जाए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने सरकाघाट में आयोजित राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंच से यह सौगात सरकाघाट क्षेत्र को दी थी। इस घोषणा से पूरे क्षेत्र के लोगों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र बड़े संस्थानों के अभाव के कारण विकास की दृष्टि से लगातार पिछड़ रहा है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। मुनीष शर्मा ने कहा कि बल्ह के विधायक क्षेत्रवादी सोच से ग्रसित हैं और राजनीतिक फायदे के लिए सरकाघाट का विरोध कर रहे हैं, जबकि सरकाघाट भी मंडी जिला का ही हिस्सा है। मंडी, नेरचौक और सुंदरनगर में आईआईटी, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज से लेकर हर संस्थान सरकारी क्षेत्र में हैं जबकि सरकाघाट तो एक केंद्रीय विद्यालय के लायक भी नहीं समझा गया। बल्ह में किसानों के विरोध के बावजूद भी वहां जाहू क्षेत्र को अनदेखा कर हवाई अड्डा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। सरकाघाट क्षेत्र भी शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी क्षेत्र है और इस विश्वविद्यालय के रूप में एक बड़े शिक्षण संस्थान के लिए हकदार है। मुनीष शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि वो इस अधिसूचना को शीघ्र जारी करें और अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी को सरकाघाट क्षेत्र में स्थापित करें।

एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपते हुए मुनीष शर्मा व अन्य।

सीएम से उम्मीदें बड़ी पर अधूरी घोषणाओं ने बढ़ाई निराशा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी संघ के सम्मेलन में कर्मचारियों को मुख्यमंत्री से कई बड़ी घोषणाओं की अपेक्षा थी। वे 13% महंगाई भत्ते, ओल्ड पेंशन स्कीम और छठे वेतन आयोग के लाभों की पूर्ण बहाली की उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा केवल 3% महंगाई भत्ते और कुछ आंशिक बकाया भुगतान की घोषणा से कर्मचारियों में निराशा फैल गई। कर्मचारी वर्ग का कहना है कि सरकार ने एक बार फिर उनकी मांगों को गा, गे, गी में डाल दिया है, जिसे शायद चुनावों के समय खोला जाएगा। हालांकि संघ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया, पर साथ ही यह भी कहा कि ढाई साल बाद सिर्फ 3% डीए देना कोई तोहफा नहीं, बल्कि हक है। मुख्यमंत्री ने बोर्ड की बदहाली के लिए अधिकारियों की अधिकता को जिम्मेदार ठहराया और सुधार के लिए कर्मचारियों के सहयोग की बात कही। कर्मचारी वर्ग ने मांग की कि सेवा विस्तार की बजाय स्थायी नियुक्तियां हों और प्रबंध निदेशक तकनीकी विशेषज्ञ हो, ताकि बोर्ड की कार्यक्षमता सुधरे।

टिहरा में खुद गिरवाए रेन शेल्टर को भी नहीं बनवा पा रहे हैं विधायक : भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

टिहरा में पिछले एक साल पहले गिराए रेन शेल्टर का निर्माण कार्य पिछले दिनों हिमाचल किसान सभा, टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दिए ज्ञापन व धरने के बाद विभाग ने शुरू तो दिया था, लेकिन अब ढांचा खड़ा करने के बाद फिर से काम बंद हो गया है। इस पर पूर्व जिला पार्षद भपेंद्र सिंह, प्रधान अंजू रांगड़ा व पूर्ण चंद, पूर्व प्रधान रूपचंद, यशपाल पठानिया, अरुण अत्री, सुरजीत सिंह, रूपलाल, मलकीत सिंह, जगदीश शनवाल, हरजीत सिंह, प्रवीण चौहान, रमेल चंद, युद्धवीर ठाकुर, रमेश पालसरा, प्रदीप कुमार, दीवान चंद, सुखदेव शर्मा इत्यादि ने विभाग की कड़ी निंदा की है और मांग की है कि जल्दी से इसका निर्माण कार्य पूरा किया जाए।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ये बहुत ही गैर जिम्मेदारी का कार्य लोक निर्माण विभाग का है, जिसके लिए यहां के विधायक मुख्य रूप में जिम्मेदार हैं, जिनके मौखिक आदेशों पर इस रेन शेल्टर को गत वर्ष अक्तूबर में गिरा दिया गया था और उनके ही चेहते ठेकेदार को इसे निर्मित करने का ठेका दिया गया था, जो इसे अब तक पूरा नहीं करवा पाए हैं। उन्होंने कहा कि टिहरा आने जाने वाले सैकड़ों लोगों को इससे असुविधा हो रही है, लेकिन विभाग और विधायक दोनों इसे पूरा नहीं करवा रहे हैं। जो विधायक एक रेन शेल्टर का निर्माण एक साल में नहीं करवा पा रहा है वो धर्मपुर में विकास क्या और कितना करवायेगा इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर में पिछले तीन साल से विकास के सारे काम रुक गए हैं और ये जो बना बनाया रेनशेल्टर तोड़ दिया गया है वे उसे भी नहीं बनवा पा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस रेन शेल्टर को तैयार नहीं किया, तो स्थानीय लोग व संगठन फिर से इसके लिए प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

कहा- एक साल से लोगों को सिर छुपाने के लिए नहीं है कोई जगह

सुंदरनगर की शुकदेव वाटिका में गंदगी का अंबार, बदबू से माहौल हो रहा दूषित

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

महादेव। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से सटी नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत शुकदेव वाटिका में इतनी अधिक गंदगी की भरमार है कि यहां कोई पैर नहीं डाल सकता क्योंकि जगह जगह बदबू मारता कूड़ा-कचरा पसरा पड़ा है तो रास्तों पर पेड़ उखड़े गिरे पड़े हैं। गंदे पानी से लबालब हुई शुकदेव वाटिका को सजाना संवारना तो दूर की बात यहां झाड़ियां बेतरतीब फैली बढ़ी हैं और चारों ओर जहरीली घास आदि जंगल की तर्ज पर उगी बढ़ी है। पत्थर-मिट्टी आदि के ढेर और बालकों से संबंधित कुछेक यंत्र टूटे फूटे पड़े हैं देखकर ऐसा लगता है कि शुकदेव मुनि (शुकदेव ऋषि) की तपोभूमि कहलाने वाला यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल किसी नरक के द्वार से कम नहीं है जहां है, तो बस बदबू ही बदबू और ऊंचाइयां छूता जा रहा प्रदूषण।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग एवं प्रशासन की बेरुखी के चलते रिकार्ड गंदगी में अपनी बदहाली के आंसू रोती शुकदेव वाटिका को अपने हाल पर छोड़ उदासीन रवैया अपनाया गया है जो दीपावली पर्व के निकट आने पर भी शहर के इस महत्वपूर्ण स्थल में व्यापक सफाई व्यवस्था बनाने की ओर ध्यान नहीं दे रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण इसलिए भी है, क्योंकि धर्म को याद न कर सरेआम स्वच्छता अभियान की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है। लोगों ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि शुकदेव वाटिका जहां गंदगी का साम्राज्य है की वजह से कोरोना जैसी महामारी की तर्ज पर बीमारी न फैले इसलिए इसे शीघ्र ही साफ करवाकर अनुपम ढंग से संवारा सजाया जाए।

डीसी मंडी से मांग, शुकदेव वाटिका को तुरंत साफ सफाई कर संवारा जाए

बैठक 185 करोड़ की सहायता से 8 माह में 150 करोड़ की आय अर्जित : पठानिया

सीएम की दूरदर्शी सोच का परिणाम चुल्ला हाइड्रो प्रोजेक्ट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार को जोगिंद्रनगर में चुल्ला हाइड्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया तथा प्रोजेक्ट अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, उत्पादन क्षमता एवं आर्थिक स्थिति की जानकारी ली। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जोगिंद्रनगर दौरे के उपरांत ही चुल्ला हाइड्रो प्रोजेक्ट सुचारू रूप से संचालित हो सका है।

मुख्यमंत्री ने अपने उस दौरे के दौरान प्रोजेक्ट का स्थल निरीक्षण किया था तथा इसके लिए 185 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी। इस वित्तीय सहायता के फलस्वरूप प्रोजेक्ट ने मूर्तरूप लिया और अब मात्र आठ महीनों में 300 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है, जिससे लगभग 150 करोड़ रुपए की आय का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरगामी सोच और ऊर्जा क्षेत्र में हिमाचल के हितों की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पठानिया ने बताया कि यह परियोजना वर्ष 2002 से निर्माणाधीन थी। लगभग 435 करोड़ रुपए में तैयार होने वाली इस परियोजना पर लगभग 3000 करोड़ रुपए का खर्च आया, जिसमें से लगभग 1700 करोड़ रुपए इंटरेस्ट ड्यूरिंग कंस्ट्रक्शन के रूप में केवल निर्माण में हुई देरी के कारण व्यय हुए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार राज्य हितों की प्रभावी पैरवी कर रही है। इसी का परिणाम है कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कड़छम- वांगतू जलविद्युत परियोजना से रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। इससे अब जेएसडब्ल्यू एनर्जी कंपनी को 1045 मेगावाट क्षमता वाली इस परियोजना से हिमाचल को 12 प्रतिशत के बजाय 18 प्रतिशत रॉयल्टी देनी होगी। इससे प्रदेश सरकार को लगभग 150 रुपए करोड़ की वार्षिक अतिरिक्त आय होगी। साथ ही 12 वर्ष पूर्ण कर चुकी अन्य परियोजनाओं के लिए भी यह फैसला मील पत्थर साबित होगा। इस फैसले से राज्य सरकार के खजाने में प्रति वर्ष 250 करोड़ से अधिक की आय आएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को व्यक्तिगत प्राथमिकता पर लिया और प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर राज्य के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ प्रयास किए। वाइल्ड फ्लावर हॉल की स्वामित्व मामले में भी हिमाचल को बड़ी सफलता मिली है और इस संपत्ति से प्रदेश सरकार को लगभग 401 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। यह मामला लगभग तीन दशकों से विचाराधीन था और वर्तमान प्रदेश सरकार ने इसकी पुरजोर ढंग से पैरवी की। इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने एनएसयूआई के छात्रों तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की और संगठनात्मक मुद्दों तथा क्षेत्रीय विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया।

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का स्वागत करते हुए लोग।

न्यूज ब्रीफ

नेहा बनीं भाजपा जिला महिला मोर्चा की महामंत्री

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। भाजपा जिला महिला मोर्चा में नेहा ठाकुर को महामंत्री नियुक्त किए जाने की खबर से चिंतपूर्णी क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए नेहा ठाकुर को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने नेहा ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि वे हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित रही हैं और उनके अनुभव व कर्मठता से महिला मोर्चा को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नेहा ठाकुर का जमीनी जुड़ाव संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। अपर और लोअर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी नेहा ठाकुर की नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए लाभकारी कदम बताया। अपनी नियुक्ति पर नेहा ठाकुर ने भाजपा हाईकमान, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद अनुराग ठाकुर, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास और पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे महिला मोर्चा के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समर्पित भाव से काम करेंगी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

उपायुक्त ने अंकुश को भेंट की क्रिकेट किट

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शुक्रवार को स्थानीय खिलाड़ी अंकुश को एक संपूर्ण क्रिकेट किट भेंट की। इस अवसर पर सीपीओ ऊना संजय संख्यान भी उपस्थित रहे। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि अंकुश इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे हैं, जो आगामी 3 से 9 नवंबर तक दिल्ली में आयोजित होगा। अंकुश हिमाचल प्रदेश की ओर से चयनित होकर इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि युवाओं में छिपी खेल प्रतिभा को सही दिशा, मार्गदर्शन और सहयोग देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंकुश जैसे खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने में जुटे हुए हैं। अंकुश ने क्रिकेट किट भेंट करने के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहयोग उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने संकल्प जताया कि वे पूरी लगन और समर्पण के साथ खेलेंगे ताकि जिला ऊना और हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें। अंकुश उपमंडल ऊना के संतोषगढ़ का निवासी हैं और वे दिल्ली में होने वाली डेफ राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता (3 से 9 नवंबर) में भाग लेंगे।

मां तेरे चरण दे नाल भजन की शूटिंग हुई

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। अमृतसर के पंजाबी भजन गायक विनोद ने हाल ही में मां तेरे चरण दे नाल भजन की शूटिंग माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में की। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी गगन कालिया भी उपस्थित रहे। पंजाबी भजन गायक विनोद ने कहा कि जल्द ही भजन को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने सभी दर्शकों को दिवाली और भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। विनोद ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने भजन के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया।

राम पॉल बने भाजपा जिला एसटी मोर्चा के उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान, अंब। भाजपा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा में इंजीनियर राम पॉल की उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। जैसे ही यह खबर फैली, चिंतपूर्णी क्षेत्र सहित अपर और लोअर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने इस नियुक्ति पर इं. रामपाल को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। भाजपा जिला नेतृत्व ने इंजीनियर राम पॉल को बधाई देते हुए कहा कि वे लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं। उनके अनुभव और कर्मठता से अनुसूचित जाति मोर्चे को एक नई दिशा मिलेगी। साथ ही, उनका जमीनी स्तर पर मजबूत जुड़ाव संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इंजीनियर राम पॉल की नियुक्ति को संगठन के लिए लाभकारी कदम बताया और कहा कि इससे अनुसूचित जाति समुदाय में पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। अपनी नियुक्ति पर इंजीनियर राम पॉल ने भाजपा हाईकमान, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन, सांसद अनुराग ठाकुर, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास और पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। इंजीनियर राम पॉल ने कहा कि वे अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने और पार्टी की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। नियुक्ति के बाद इंजीनियर. राम पॉल ने माता चिंतपुरनी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

रैली निकालकर नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। धलवाड़ी के राजकीय उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नशा मुक्ति के संदेशों से युक्त बैनर और पोस्टर हाथों में लेकर धलवाड़ी स्कूल से शिव मंदिर तक तथा वहां से पंजपीरी मंदिर तक रैली रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जोशीले नारे लगाए, जैसे कि जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश और घर-घर को जगाना है, नशा मुक्त भारत बनाना है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान श्री विकास भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनमानस में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दोहराना था। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक विनोद कुमार, विज्ञान अध्यापक आशीष कुमार, सुमित भारद्वाज, लालचंद तथा मित्तन कुमार सहित अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

बेहला व टकोली गांव में दो कुओं का कार्य पूर्ण, ग्रामीणों को मिला स्वच्छ पेयजल

अनंत ज्ञान, बड़ूही

उपमंडल बंगाणा की उपतहसील जोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत टकोली के गांव बेहला में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। बेहला गांव के रविंद्र सिंह व दिलबाग सिंह, निवासी टकोली (आबादी रनौत) के क्षेत्र में बनाए गए दोनों कुओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

इन कुओं को अब ग्रामीणों के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया गया है। कई वर्षों से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। गर्मियों के मौसम में पानी की कमी के कारण लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए पंचायत टकोली ने प्राथमिकता के आधार पर कुओं के निर्माण कार्य को शुरू करवाया था, अब यह दोनों कुएं पूर्ण रूप से तैयार हैं और ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध करवा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस सुविधा के लिए ग्राम पंचायत प्रधान ममता देवी सहित पूरी पंचायत टीम का धन्यवाद व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत द्वारा समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करवाकर एक बड़ी राहत प्रदान की गई है। प्रधान ममता देवी ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के सहयोग से भविष्य में भी पंचायत क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को निरंतर गति दी जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और गांव के सभी परिवारों को लाभ मिलेगा। कुओं के पूरा होने से गांव बेहला व टकोली में स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

सतीश गोगी तीसरी बार बने द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान

अनंत ज्ञान, गगरेट

द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की तीसरी बार कमान सतीश गोगी को मिली है। प्रबंधन समिति के सात वार्डों में हुए चुनाव के बाद प्रबंधन समिति के पदाधिकारी चुनने के लिए किए गए चुनाव में सात में से चार सदस्यों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से सतीश गोगी को प्रबंधन समिति का प्रधान चुन लिया गया। उपप्रधान पद पर अभिनव पुरी की ताजपोशी हुई है।

प्रबंधन समिति के सदस्यों के चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक बुलाई गई। बैठक में सतीश गोगी, बलकार सिंह, पवन कुमार व अभिनव पुरी ने भाग लिया। हालांकि, तीन सदस्य संजय कुमार, विनय शर्मा व विक्रम सिंह बैठक से नदारद रहे। बैठक का कोरम पूरा होते ही बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से सतीश गोगी को द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी का प्रधान चुन लिया, जबकि अभिनव पुरी को उपप्रधान चुना गया है। नवनिर्वाचित प्रधान सतीश गोगी ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न होने पर सोसायटी के तमाम सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सोसायटी के कार्य को तमाम सदस्यों के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। उधर, सहकारिता निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रबंधन समिति के सदस्यों के चुनाव के बाद प्रबंधन समिति के प्रधान व उपप्रधान का चुनाव समिति सदस्य करते हैं। इसके लिए चुनाव संपन्न होने के पंद्रह दिन तक का समय होता है। उन्होंने कहा कि अगर सात सदस्यीय समिति हैं, तो बैठक में चार सदस्यों का होना लाजिमी है।

सोसायटी में बड़े उलटफेर, कई दिग्गज धराशयी

अनंत ज्ञान, गगरेट

जिला ऊना की सबसे बड़ी द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की प्रबंधन समिति के हुए चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। कई हुए बड़े उलटफेरों ने समीकरण ऐसे बिगाड़े हैं कि बड़े-बड़े दिग्गज धराशयी हो गए हैं। शुक्रवार को हुए चुनाव में वार्ड नंबर एक में पवन कुमार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कुल 38 मतों में से 27 मत पवन कुमार को मिले हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश कुमार को 11 मत ही मिल पाए हैं।

वहीं, वार्ड नंबर दो में सबसे जबरदस्त टक्कर देखने को मिली है। यहां हार-जीत का अंतर महज दो वोट का रहा है। वार्ड नंबर दो से राजकुमार को 19 मत मिले हैं, जबकि यहां से विजयी घोषित किए गए। विनय शर्मा के हक में 21 वोट पड़े हैं। वार्ड नंबर तीन से कुल 44 मतों में से 18 मत राम कुमार को मिले हैं, जबकि विक्रम ठाकुर 23 मतों के साथ विजयी घोषित किए गए हैं। वार्ड नंबर पांच से कुल 36 मतों में से 34 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। इसमें संजय कुमार ने इस चुनाव की महा जीत दर्ज की है। संजय कुमार को 27 मत मिले हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंदी सुखदेव सिंह को मात्र सात मत मिले हैं।

वार्ड नंबर छह से बलकार सिंह ने जीत दर्ज की है। कुल पड़े 38 मतों में से बलकार सिंह को 21 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी शशीपाल को 17 मत मिले हैं। वार्ड नंबर छह से अभिनव पुरी ने जीत का स्वाद चखा है। अभिनव पुरी को 36 मतों में से से 21 मत मिले हैं, जबकि परमजीत सिंह को 15 मत ही मिल पाए हैं। मौजूदा समीकरणों को देखें, तो जीत दर्ज करने वाले चार सदस्यों को सतीश गोगी गुट का माना जा रहा है, जबकि संजय गुट के तीन सदस्य जीत दर्ज करके आए हैं।

तकनीकी ज्ञान व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते किसान : डॉ. गुलशन मनकोटिया

अनुदेशन व आवश्यकता मूल्यांकन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन।

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) चरण-2 के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा उप परियोजना लोअर भंजाल में अनुदेशन एवं आवश्यकता मूल्यांकन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 36 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड परियोजना प्रबंधक अधिकारी डॉ. गुलशन मनकोटिया ने की।

उन्होंने किसानों के साथ संवाद करते हुए परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह परियोजना किसानों की खेती-बाड़ी, आयवृद्धि और जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। डॉ. मनकोटिया ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थायी कृषि विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और किसानों के सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को किसानों की स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानों को रबी सीजन के लिए किचन गार्डन किट भी वितरित की गई। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करना और ज़हरमुक्त खेती के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कृषक विकास संघ के प्रधान बालकृष्ण सहित उपस्थित किसानों ने परियोजना टीम का आभार जताया और किचन गार्डनिंग को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ मनीष शर्मा एवं कनिष्ठ अभियंता सुनील भी उपस्थित रहे।

भूस्खलन व सुरक्षित निर्माण पर साझा किए सुझाव

अनंत ज्ञान, ऊना

आपदा न्यूनीकरण दिवस और समर्थ अभियान पर गगरेट में मौजूद लोग।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, शिमला के दिशा-निर्देशानुसार शुक्रवार को गगरेट स्थित होटल हेवन हाइट्स में अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस एवं जन जागरूकता अभियान समर्थ 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन जिला इंटर एजेंसी ग्रुप एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता तहसीलदार एवं कार्यकारी दंडाधिकारी गगरेट कुलताज सिंह ने की। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में बढ़ती जलभराव की समस्या, इसके संभावित समाधान, नीतिगत हस्तक्षेप और अन्य आपदाओं पर विचार-विमर्श करना है। साथ ही भूस्खलन, सुरक्षित निर्माण अभ्यास और जंगल की आग जैसी आपदाओं की रोकथाम पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 और 2025 के दौरान हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आपदा प्रबंधन में जागरूकता और समय पर की गई तैयारी ही जान-माल के नुकसान को कम कर सकती है। कार्यक्रम में जिला इंटर एजेंसी ग्रुप, ऊना के कन्वीनर प्रो. जसबीर सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारणों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। राजन कुमार शर्मा, प्रशिक्षण समन्वयक, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, उपायुक्त कार्यालय ऊना ने जिले की आपदा जोखिम प्रोफाइल पर विस्तृत प्रस्तुति दी। द्वितीय सत्र में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, ऊना के डॉ. प्रिंस शर्मा एवं उनकी टीम ने आपदा प्रबंधन में तकनीकी नवाचार और सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर संवाद किया। साथ ही, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, दौलतपुर चौक के कनिष्ठ अभियंता गौरव ने सुरक्षित निर्माण अभ्यास पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस कार्यशाला में तहसील कार्यालय घनारी से कानूनगो सतीश चौधरी, जिला इंटर एजेंसी ग्रुप के सदस्य, एनजीओ अंकुर, एक मौका, एक उम्मीद, तथा स्थानीय आपदा प्रबंधन स्वयंसेवक भी शामिल रहे। कार्यशाला ने आपदा न्यूनीकरण और सुरक्षित भविष्य के प्रति नागरिकों को सजग और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा।

अध्यापकों ने सीखी एआई और रोबोटिक्स तकनीक

अनंत ज्ञान, बड़ूही

प्रधानमंत्री श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुरूडू में तीन दिवसीय अटल टिंकरिंग लैब प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्टेमरोबो टीम द्वारा आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान टीम के विशेषज्ञ किशन सिंह, राहुल राणा, अभिषेक यादव और रजनीश ने प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी, तथा नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। टीम ने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में तकनीकी उपकरणों के उपयोग, बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने और व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के विभिन्न तरीकों से अवगत करवाया। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य असलम मोहम्मद ने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिला ऊना के प्रधानमंत्री श्री विद्यालयों से 20 अध्यापकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से अध्यापकों को नई तकनीकों की समझ मिलती है, जिससे वे विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन दे सकते हैं। प्रधानाचार्य ने स्टेमरोबो टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि अटल टिंकरिंग लैब जैसी पहलें विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और प्रयोगात्मक सीख को प्रोत्साहित करने में मील का पत्थर साबित होंगी।

धर्मपुर स्कूल की वॉलीबाल टीम जिला स्तर पर विजेता

अनंत ज्ञान, हरोली। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की अंडर-14 गर्ल्स वॉलीबॉल टीम ने जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की प्रमुख खिलाड़ी हिमानी, रूहानी, महिमा और गौरी रही, जिनके प्रशिक्षक डीपीई संजय कुमार हैं। हिमानी का चयन अंडर-14 राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। साथ ही स्कूल की छात्रा तानिया सैनी ने अंडर-17 राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में जगह बनाकर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों के स्कूल लौटने पर कार्यकारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सैनी, स्टाफ सदस्यों और पंचायत प्रधान सुभद्रा देवी व उपप्रधान राजीव शर्मा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उपप्रधान राजीव शर्मा ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्प्रभावों से बचने और खेलों के साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

बंगाणा की छात्राओं ने यूथ फेस्टिवल में बटोरा गौरव, वाद-विवाद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा की छात्राओं ने एक बार फिर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा नाहन में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ फेस्टिवल में वाद-विवाद प्रतियोगिता के अंतर्गत वधेहि शर्मा और तनु ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने दोनों छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे छात्रों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। डॉ. ठाकुर ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय यूथ फेस्टिवल में भी वधेहि शर्मा और तनु ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रोफेसर रेखा शर्मा, यूथ फेस्टिवल कमेटी के संयोजक प्रोफेसर अनु लखनपाल, प्रोफेसर नंदलाल, टीम मैनेजर डॉ. विनोद कुमार, मीना कुमारी और डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं की इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंडर-17 आयुवर्ग की शतरंज छात्रा खिलाड़ियों का चयन, 36 खिलाड़ियों ने की शिरकत

अंडर-19 टीम स्पर्धा में हमीरपुर विजेता, मंडी उपविजेता

अनंत ज्ञान ऊना

अंडर -19 आयुवर्ग की चयनित छात्रा शतरंज खिलाड़ी।

राज्य स्तरीय अंडर-17 सिलेक्शन स्कूली शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता 16 अक्तूबर को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना में आयोजित करवाई गई। इसमें 36 छात्रा खिलाड़ियों ने शिरकत की।

प्रतियोगिता के अंतिम चयन में कृतिका ठाकुर कांगड़ा, आरूषी ठाकुर शिमला, प्रिया मंडी, हर्षिता ठाकुर कांगडा व श्रिया गुलेरिया हमीरपुर राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं, आरक्षित वर्ग के खिलाड़ियों में वर्षा व स्नेहा देवी चंबा तथा संचिता सिरमौर शामिल हैं। वहीं, अंडर-19 छात्रा वर्ग में सनिग्धा शर्मा हमीरपुर, साक्षी राणा कांगड़ा, पलक ठाकुर हमीरपुर, शैरिल वर्मा हमीरपुर व दिव्यांशी शर्मा शिमला राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंडर-19 आरक्षित वर्ग की छात्रा खिलाड़ियों में स्नेहा देवी चंबा, कनन ठाकुर मंडी व वंदना शिमला शामिल है। 66वीं राज्यस्तरीय अंडर-19 शतरंज टीम प्रतियोगिता में हमीरपुर विजेता व मंडी की टीम उपविजेता रही। 14 से 16 अक्तूबर तक राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल ऊना में आयोजित की जा रही है। 66वीं राज्य स्तरीय स्कूल शतरंज टीम प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर ने 15 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जिला मंडी की खिलाड़ियों ने 11.5 अंक लेकर और राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। जिला कांगड़ा की टीम तृतीय व चंबा चतुर्थी स्थान पर रही। इस अवसर पर विजेता टीम के खिलाड़ियों में सनिग्धा शर्मा, पलक ठाकुर, शैरिल वर्मा, श्रिया गुलेरिया व अक्षरा शर्मा तथा उपविजेता टीम मंडी के खिलाड़ियों में प्रिया, अर्पिता, कनन, इशिता ठाकुर व नव्या शामिल रहीं। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पहली बार वोर्ड प्राइज देने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसमें बोर्ड नंबर एक पर हमीरपुर की स्निग्धा शर्मा, बोर्ड नंबर दो पर शिमला की दिव्यांशी शर्मा, बोर्ड नंबर तीन पर हमीरपुर की शैरिल वर्मा, बोर्ड नंबर चार पर मंडी की इशिता ठाकुर व वार्ड नंबर पांच पर शिमला की वंदना रही। कन्वीनर व चीफ ऑर्बिटर हंस राज ठाकुर ने बताया कि अंडर 19 छात्रों का नियमों के तहत सिलेक्शन ट्रायल लिया गया। इसमें शीर्ष पांच स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। सिलेक्शन प्रतियोगिता का शुभारंभ राजेंद्र कुमार एडीपीईओ हमीरपुर ने किया व बच्चों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में डिप्टी चीफ आर्बिटर राज कुमार शर्मा तथा आर्बिटर प्रवीण शर्मा, जगदीश शर्मा, अनिता कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन पीएनबी आरसेटी ऊना में कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क पर प्रशिक्षण कार्यशाला आरंभ

प्रथम बैच से होगी प्रशिक्षित मेसन ट्रेनरों की शुरुआत

अनंत ज्ञान, ऊना

पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी ऊना में 'कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क' विषय पर कार्यशाला।

पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी ऊना में 'कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आरंभ हुई। कार्यशाला का शुभारंभ नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने किया।

यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश के विभिन्न आरसेटी संस्थानों से आए अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की गई है। मनोज कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क प्रशिक्षण का यह पहला बैच ऊना से प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण कार्य क्षेत्र में दक्षता और गुणवत्ता को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की एक सशक्त श्रृंखला तैयार करना है। यह प्रशिक्षण डोमेन स्किल ट्रेनर एंड सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में मान्यता प्राप्त होगी, जिसके पश्चात वे प्रदेश ही नहीं, देशभर में मेसनरी क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के पात्र होंगे।

राज्य नियंत्रक आरसेटीज़, हिमाचल प्रदेश डॉ. अंबिका साहू ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों का कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट और स्किल टेस्ट विषय विशेषज्ञों द्वारा लिया जाएगा। डॉ. साहू ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में प्रदेश को कुल 1150 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 10 आरसेटी संचालित हैं, जिनमें प्रत्येक को 150 प्रशिक्षु तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। सफल प्रतिभागियों को रूरल मेसन ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में पैनल में शामिल किया जाएगा। मुख्य अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव सक्सेना ने बताया कि पीएनबी आरसेटी ऊना की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी। अब तक यहां 64 प्रकार की प्रशिक्षण योजनाओं के माध्यम से 372 बैचों में 9845 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनमें से 2694 अभ्यर्थियों ने बैंकिंग सहायता से तथा 3569 ने बिना क्रेडिट लिंक के स्वयं का व्यवसाय शुरू किया है। संस्थान लगभग 70 प्रतिशत सेटलमेंट रेशो बनाए हुए है।

उन्होंने बताया कि आरसेटी की विशेषता यह है कि प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का दो वर्षों तक फॉलो-अप किया जाता है, ताकि उन्हें अपने व्यवसाय की स्थापना में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस अवसर पर आरसेटी ऊना के निदेशक सुधीर कुमार, डीडीएम नाबार्ड ऊना सबीना राजवंशी, डीपीएम ऊना ज्योति शर्मा, एफएलसी आरबीआई ऊना आर.के. डोगरा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पीएनबी आरसेटी आकाश भारद्वाज, नगर निगम ऊना से मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रीत कौर ने राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झटका स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान, बड़ूही

उपमंडल अंब के तहत स्थित शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल हंबोली की कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा प्रीत कौर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रीत ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए बॉक्सिंग की 48 किलोग्राम वर्ग अंडर-17 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

यह प्रतियोगिता हाल ही में ऊना में आयोजित की गई थी। राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन के आधार पर प्रीत कौर का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्

अग्निशमन कर्मियों की छुट्टियां रद्द

दिवाली के मद्देनजर दोनों जिलों के सभी 10 अग्निशमन केंद्र व चौकियों में 161 कर्मी देंगे सेवाएं

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। देशभर में सोमवार को धूमधाम से दिवाली उत्सव मनाया जाएगा। कुल्लू व लाहौल में दिवाली उत्सव के दौरान आग की घटनाओं को रोकने के लिए दमकल विभाग ने कमर कस ली है। जिला कुल्लू पहले से ही आग के लिए अति संवेदनशील है। ऐसे में दिवाली में किसी तरह की घटना न हो, इसके लिए गृहरक्षा विभाग शिमला ने अलर्ट रहने के आदेश जारी किए हैं।

जिला कुल्लू व लाहौल में दो अग्निशमन केंद्र और 8 चौकियां हैं। कुल्लू, मनाली, लारजी, पतलीकूहल, अटल टनल के साउथ पोर्टल,जरी, बंजार आनी सहित केलांग व उदयपुर सभी केंद्रों में करीब 161 अग्निशमन अधिकारी व कर्मचारी हैं जिनकी छुट्टियां 13 अक्तूबर से 21 अक्तूबर तक रद्द कर दी है। इतना ही नहीं अवकाश पर गए विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी तत्काल वापिस बुलाया गया है।

कुल्लू के सरवरी स्थित अग्निशमन केंद्र।

कुल्लू में 101 व लाहौल में 24 गांव संवेदनशील

जिला कुल्लू व लाहौल में कुल 125 गांव आगजनी की दृष्टि से अति संवेदनशील हैं। जिनमें कुल्लू में 101 और लाहुल में 24 गांव अतिसंवेदनशील हैं। दोनों जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसानों की ओर से पशुओं के लिए सर्दी का चारा भंडारण किया गया है। ऐसे में आग लगने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

दमकल विभाग की ओर से दिवाली के दौरान आग को काबू करने के लिए उपकरणों की जांच और वाहनों को रात-दिन तैयार रखा जा रहा है। जिला भर में लगे जलशक्ति विभाग के हाइड्रेंट का भी निरीक्षण किया जा रहा है। अब कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाएगा। जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी स्थित फायर स्टेशन में करीब 29 कर्मचारी तैनात किया है। इसके अलावा 5 अग्निशमन वाहन यहां पर हैं। वहीं, फायर स्टेशन मनाली में 18 कर्मी और 5 वाहन होंगे,जबकि अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल स्थित फायर पोस्ट में 11 कर्मी और 2 वाहन,फायर पोस्ट पतलीकूहल में 14 कर्मी व 2 वाहन, फायर पोस्ट जरी में 15 कर्मी दो वाहन, फायर पोस्ट लारजी में 14 कर्मी दो वाहन, फायर पोस्ट बंजार में 14 कर्मी दो वाहन, फायर पोस्ट आनी में 14 कर्मी व दो वाहनों सहित पूरे जिले में कुल 129 कर्मी और 22 वाहन शामिल हैं। वहीं, सब फायर स्टेशन केलांग में 17 कर्मी व 3 वाहन और सब फायर स्टेशन उदयपुर में 15 कर्मी व 2 वाहनों सहित कुल 32 कर्मी व 05 वाहन शामिल हैं। विभाग के सभी अग्निशमन केंद्रों व चौकियों में तैनात चालकों के साथ अन्य स्टाफ को 24 घंटे सतर्क रहने को कहा गया है। उधर, सर्दी के मौसम की शुरूआत होने पर जिले में जंगलों के साथ रिहायशी इलाकों में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

दिवाली के लिए विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। कुल्लू व लाहुल में सभी वाहनों व स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है और सभी कर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है और जो छुट्टी गए हैं उन्हें बुला लिया है।
प्रेम सिंह भारद्वाज, स्टेशन फायर ऑफिसर कुल्लू व लाहौल-स्पीति।

आपदा प्रभावितों की मदद को रोटरी क्लब ने बढ़ाया हाथ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। रोटरी क्लब कुल्लू समय-समय पर गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद को आगे आता है। इसी कड़ी में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के रिलीफ मिशन टीम हम 4 ह्यूमिनिटी डिस्टिक गवर्नर रोटेरियन रोहित ओबरॉय के तत्वावधान में मणिकर्ण घाटी के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आया है।

क्लब की ओर से ग्राम पंचायत चोंग,रतोचा व शाट गांव के 20 परिवारों को खाद्य सामग्री व घर बनाने के लिए 200 शीट्स दी गईं । ताकि प्रभावितों को मदद मिल सके। रोटरी क्लब कुल्लू की अध्यक्षा रोटेरियन पूजा मलिक ने कहा कि इस बार बरसात में लोगों को बहुत नुकसान झेलना पड़ा है द्य जिसकी भरपाई करना कठिन है द्य लेकिन इस विपदा की घड़ी में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा ये राहत सामग्री वितरित की गई । उन्होंने कहा कि भविष्य में भी क्लब सामाजिक कार्यों में यथासंभव सहायता करता रहेगा। इस मौके पर रोटरी क्लब के महासचिव रोटेरियन राजीव कुमार सिंह,रोटरी आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता,फाउंडर मेम्बर रोटेरियन वी के कपूर,रोटेरियन अनुज मलिक,रोटेरियन अमनभल्ला,रोटेरियन विनोद सोनी,रोटेरियन अंशुल पराशर व संबंधित पंचायत के उपप्रधान रिंकू शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इन्फ्लुएंसर मीट के बाद सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा मनाली का पर्यटन

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली के पर्यटन को आपदा के बाद फिर से पटरी पर लाने के लिए पर्यटन खासकर होटल कारोबारियों की पहल पर तीन दिवसीय इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन किया गया । इस आयोजन में देश के विभिन्न भागों से लगभग 70 ब्लॉगर्स और इन्फ्लुएंसर मनाली पहुंचे ।

होटल कारोबारियों की पहल पर इन्फ्लुएंसर मीट के आयोजन पर मौजूद अधिकारी।

तीन दिनों तक सभी इन्फ्लुएंसर और ब्लॉगर मनाली के विभिन्न हिस्सों में गए और अपने अपने दृष्टिकोण से मनाली को देश दुनिया के सामने रखने की कोशिश की । होटल व्यवसायियों की पहल पर मनाली को आपदा के बाद फिर से लोगों के सामने प्रस्तुत करने और यहां की मौजूदा स्थिति को मनाली आने वाले पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन मनाली के रांगड़ी में हुआ। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि जो काम आपदा के बाद सरकार को करना चाहिए था । वह स्वयं मनाली के पर्यटन व्यवसायियों को इन्फ्लुएंसर और ब्लॉगर की मदद से करना पड़ रहा है।

उन्होंने इन्फ्लुएंसर मीट के आयोजकों और यहां देश भर के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे रचनाकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा के बाद मनाली की मौजूदा स्थिति को देश दुनिया तक लाना बहुत जरूरी था और उसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से नवीन जानकारी पर्यटकों तक पहुंचने की पहल सराहनीय रही । उन्होंने कहा कि जो भी लोग यहां पहुंचे हैं वे सभी सोशल मीडिया के जरिए समाज में एक प्रभाव रखते हैं जिसका लाभ आने वाले समय में मनाली को जरूर मिलेगा । इस अवसर पर आयोजक रोशन ठाकुर , पार्थ शर्मा और विम्पी बख्शी ने बताया कि पर्यटन व्यवसायियों की यह पहल सफल रही है और ब्लॉगरों और इन्फ्लुएंसर के आने से मनाली सकारात्मक दिशा में फिर से सोशल मीडिया पर ट्रोल होने लगा है। पर्यटन व्यवसायियों का कहना है कि मनाली के पर्यटन की पटरी पर लाने के लिए इस तरह के आयोजन आगे भी निरंतर करवाए जाएंगे।

न्यूज ब्रीफ

कुल्लू जिला प्रदूषण बोर्ड की ओर से स्वच्छ दिवाली, हरित दिवाली थीम पर पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी (गर्ल्स) स्कूल सुल्तानपुर में आयोजित रंगोली व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा रंगोली से बनाया गया हिमाचल प्रदेश का सुंदर नक्शा।

आपदा प्रभावितों को समर्पित रहा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। जिला कुल्लू के पतलीकूहल में मां दुर्गा कला मंच मेला ग्राउंड में आज टीम गोली एवं रक्त एकत्र संग्रहालय जिला कुल्लू के संयुक्त तत्वाधान में आपदा प्रभावितों को समर्पित एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ रक्त एकत्र संग्रहालय के इंचार्ज डॉक्टर हीरालाल बौद्ध व टीम गोली के कप्तान सनी नेगी द्वारा किया गया। जिला कुल्लू के रक्त एकत्र संग्रहालय में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन टीम गोली द्वारा किया गया। जिसमें टीम गोली के सदस्यों, पतलीकूहल पुलिस के जवान, महिलाओ और स्थानीय रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में अपना बेशकीमती योगदान दिया टीम गोली के कप्तान सनी नेगी का कहना है कि उनकी समस्त टीम सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रही है और अब तक वह साल 2018 से अब तक 20 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं और भविष्य में भी वह सामाजिक कार्यों में अपनी पूरी टीम के साथ तत्पर रहेंगे।

बच्चों को बताया 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का महत्व

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू साईंस स्कूल बाशिंग में जिला कार्यक्रम अधिकारी के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं व मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्या इंदु भारद्वाज द्वारा की गई। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से हब की सुजान शर्मा व प्रेरणा अरोड़ा द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, मासिक धर्म स्वच्छता व लिंग संवेदीकरण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस व वो दिन विषय के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग तथा सलोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग मे कनिष्का प्रथम व सलोगन मे आदित्य प्रथम रहा। जिन्हें स्कूल प्रधानाचार्य व जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कर्मचारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

मनाली में रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित

अनंत ज्ञान मनाली। हरिपुर महाविद्यालय में स्लोगन लेखन, रंगोली (बालिकाएं) और ड्रॉइंग प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन ड्रग प्रिवेंशन कमेटी के संयोजक प्रो. भूपेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में समिति के अन्य सदस्यों के सहयोग से किया गया। जिसका उद्देश्य नशा-उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिताओं में रजत, रोहिणी शर्मा, अनुज तामांग, नीलम ठाकुर, सोनिया, मेनका देवी, ऐन्ना और आर्यका सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शैफाली ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं; साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि श्रेष्ठ प्रविष्टियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

रंगोली में दिखी पारंपरिक सांस्कृतिक छटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति जिला में दीपावली के उपलक्ष्य में उपायुक्त किरण भड़ाना के निर्देशन में उपायुक्त कार्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देना और कार्यस्थल पर रचनात्मकता व सामूहिक भावना को सुदृढ़ करना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला कर्मचारियों की विशेष भागीदारी उल्लेखनीय रही। उपायुक्त ने रंगोलियों का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। प्रतियोगिता में एनआईसी विभाग ने प्रथम, पुलिस विभाग की महिला टीम ने द्वितीय और अभिलेख एवं वितरण शाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी तिवाना विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

ग्रामीण स्वाद महोत्सव में दिखा पारंपरिक व्यंजनों का जादू

अनंत ज्ञान, केलांग। लाहौल-स्पीति जिला में हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में अटल टनल के नार्थ पोर्टल के समीप 'ग्रामीण स्वाद महोत्सव-पोषण पखवाड़ा' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अनुराधा राणा रहीं। 'स्वाद भी, पोषण भी' थीम पर आधारित इस आयोजन में छह स्वयं सहायता समूहों ने पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता समूहों को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना राशि 1100 दी गई। विधायक अनुराधा राणा ने प्रत्येक समूह को 25000 की सहायता देने की घोषणा की और सभी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यंजन स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि पोषक भी होते हैं और हमें मोटे अनाज व देसी खाद्य संस्कृति को अपनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया ने मुख्य अतिथि को टोपी व खतक पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर कुल्लू में पेंशनर्स का हल्ला बोल

वित्तीय लाभ जारी न होने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे पेंशनर्स ने अब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

शुक्रवार को हिमाचल पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला कुल्लू के बैनर तले पेंशनर्स ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से सरकार को मांगों संबंधी ज्ञापन भेजा। इस मौके पर पेंशनर्स ने कुल्लू कॉलेज गेट से। लेकर डीसी ऑफिस व ढालपुर होते हुए पुराने एसबीआई बैंक स्थित मैदान तक प्रदर्शन किया। पेंशनर्स के देय वित्तीय लाभों की अदायगी न होने से बिफरे पेंशनर्ज ने मिलकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित किया। सभी पेंशनर्स ने मांग रखी कि संशोधित वेतन, पेंशन संबंधी लाभ जैसे ग्रेच्युटी, कम्प्यूटेशन, अवकाश नकदीकरण और संशोधित पेंशन एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त सभी पेंशनरों को प्रदान की जाए। वर्तमान में ये लाभ केवल 31 जनवरी 2022 के बाद सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को ही प्रदान किए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के साथ अन्यायपूर्ण भेदभाव हो रहा है। संघर्ष समिति का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारी टीडी ठाकुर ने बताया कि एक जुलाई 2016 को संशोधित वेतनमान के अनुसार वेतन दिया जाएगा और वर्तमान के आधार पर प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान कहा गया कि प्रदेश सरकार ने चार फीसदी डीए दिए जाने की बात कही थी । लेकिन यह तीन प्रतिशत दिया गया है। इस वजह से पेंशनर्ज में रोष व्याप्त है। इस दौरान चेताया गया कि यदि प्रदेश सरकार ने पेंशनरों के लंबित वित्तीय लाभों को जारी नहीं किया तो आगामी समय में संघर्ष और तीव्र रूप धारण करेगा, जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

मांगों को लेकर ढालपुर में प्रदर्शन करते हुए पेंशनर्स।

जिला कुल्लू भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू भाजपा ओबीसी मोर्चा ने अब अपने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

जिला कुल्लू भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बलवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद के लिए विरेंद्र भारद्वाज, चुनी लाल, विजय महंत, गुलबदन महंत को नियुक्त किया गया। वहीं, महामंत्री के लिए अरुण महंत, दीवान सिंह को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद के लिए लीलामणि, सचिव पद के लिए अनिल महंत, ठाकुर दास वर्मा, चमन नायर, सुनील कुमार, राधा देवी को नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह ने बताया कि कार्यालय सचिव के लिए दिनेश कुमार, प्रवक्ता के लिए छबील दास, आईटी प्रभारी के लिए सूर्याश, सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भारद्वाज, को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में विजय कुमार, राजेश कुमार, रविंद्र सिंह, डाबे राम, इंद्र देव, हरी सिंह, बिहारी लाल, सूनी चंद को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला कुल्लू के विभिन्न मंडलों में अध्यक्ष की भी तैनाती की गई है। इसमें नग्गर मंडल से चमन महंत, मनाली से हर्ष नायर, कुल्लू से भुवन कांत, भुंतर से निरत नायर, पार्वती से जगत राम, बजौरा से ज्ञान दास, सैंज से महेंद्र सिंह, मंगलौर से हेम राज, बंजार से डोला राम, आनी से के वर्मा, दलाश से रमेश वर्मा की नियुक्ति की गई हैं। वहीं, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित सूद, आनी के विधायक लोकेंद्र, नरोतम ठाकुर,बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भीमसेन शर्मा, दानवेंद्र सिंह ने पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी।

गोशालाओं में पल रहे पशुओं को उपलब्ध करवाएगा घास

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने गोशालाओं में पल रहे बेसहारा पशुओं को इस वर्ष भी घास उपलब्ध कराकर सहयोग देने का निर्णय लिया है। यह फैसला मंडल की मासिक बैठक में लिया गया, जिसका आयोजन बागवान भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने की और इसमें 42 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र में बेसहारा घूम रहे पशुओं को गौशालाओं में रखने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। मंडल के महामंत्री ने सदस्यों को सूचित किया कि इस वर्ष आई विनाशकारी बाढ़ के कारण कटराईं और रायसन गोशालाओं को भारी क्षति पहुंची थी। महामंत्री ने बताया कि इन गौशालाओं की मुरम्मत का कार्य मंडल द्वारा युद्धस्तर पर किया जा रहा है और सर्दी का मौसम शुरू होने से पहले ही इन्हें बेसहारा पशुओं के लिए पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा।

किसानों को बीज व उच्च गुणवत्ता वाले सेब के पौधे करवाए जाएंगे उपलब्ध : अनुराधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पंचायत गोंधला में आत्मा परियोजना के तहत किसान संगोष्ठी आयोजित

आत्मा परियोजना के तहत कृषि विभाग लाहौल द्वारा विकास खंड लाहौल के अंतर्गत गोंधला में एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा उपस्थित रहीं।

संगोष्ठी में प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक अनुराधा राणा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। पहले गोभी की फसलों को नुकसान हुआ और अब असामयिक बर्फबारी से सेब व आलू की फसलों को भी हानि पहुंची है। उन्होंने कहा कि किसानों के इस दर्द को वह भली-भांति समझती हैं और विभागों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि हर किसान के नुकसान का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को भेजी जाए, ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवज़ा मिल सके। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि जो किसान आर्थिक रूप से कृषि और बागवानी पर निर्भर हैं, उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर भी हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को बीज और उच्च गुणवत्ता वाले सेब के पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य निर्मला,प्रधान सूरज, उपप्रधान अनिल, प्रधान कोकसर सचिन निरूपा जिला अध्यक्ष ज्ञालछन, अमीर, रमेश, मंगल व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

सड़क बहाली के लिए जारी की साढ़े 22 लाख की सहायता

अनंत ज्ञान, बंजार। वर्ष 2025 के मानसून सीजन में बंजार क्षेत्र को भारी नुकसान झेलना पड़ा था, जिसके बाद प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पुनर्स्थापना कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब सैंज बाजार सड़क की बहाली के लिए बड़ी राहत मिली है। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बताया कि मानसून के दौरान बंजार क्षेत्र में हुए नुकसान के पश्चात प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पुनर्स्थापना के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासन के अथक प्रयासों से एनएचपीसी के सौजन्य से कॉरपोरेट सामाजिक एवं पर्यावरणीय वित्तपोषण घटक के अंतर्गत सैंज बाजार सड़क की बहाली के लिए 22 लाख 50 हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है। पंकज शर्मा ने बताया कि इस सहयोग से सड़क की मरम्मत एवं यातायात बहाली के कार्य को गति मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस समय न केवल सरकारी स्तर पर बल्कि कई गैर सरकारी संगठनों तथा समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से भी बंजार उपमंडल में राहत और पुनर्स्थापना के कार्य निरंतर रूप से किए जा रहे हैं।

मनाली में हुआ ड्रिफ्ट किंग ऑफ इंडिया सनम सेखों का शोकेस इवेंट

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

मनाली। जेके टायर मोटरस्पोर्ट की ओर से शुक्रवार को मनाली इन्फ्लुएंसर मीटअप के तहत एक विशेष शोकेस इवेंट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मशहूर ऑटो ड्रिफ्टर ड्रिफ्ट किंग ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर सनम सेखों के नेतृत्व में हुआ।

सनम सेखों गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक हैं, जिन्होंने हाल ही में लद्दाख के उमलिंग ला पास में दुनिया की सबसे ऊंचाई पर कार ड्रिफ्ट कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। वे कार कंट्रोल, प्रिसीजन ड्रिफ्टिंग और हैंडलिंग जैसी तकनीकों में अपनी अद्भुत दक्षता के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम में सनम ने उसी कार से ड्रिफ्टिंग का प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने विश्व रिकॉर्ड बनाया था। जेके टायर मोटरस्पोर्ट की कॉरपोरेट कम्युनिकेशन व मोटरस्पोर्ट डीजीएम नेहा तिवारी ने बताया कि इस शोकेस का उद्देश्य पर्यटन और मोटरस्पोर्ट्स को एक नया आयाम देना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पर्यटकों व स्थानीय युवाओं ने भाग लिया।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक सनम सेखों।

चिन्हित व सुरक्षित स्थान पर ही स्टंट करें युवा

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक सनम सेखों ने युवाओं से आग्रह किया कि वह सुरक्षित स्थान पर ही स्टंट करें। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वह नशे से दूरी बनाए रखें। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रतिभाओं को निखारें व अधिक से अधिक साहसिक गतिविधियों में भाग लें। उन्होंने कहा कि वह पिछले 12 साल से साहसिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने मनाली की खूबसूरती की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनाली उनकी सबसे पसंदीदा सैरगाह है। उन्होंने देश भर के पर्यटकों को संदेश दिया कि बरसात के कारण बिगड़े हालात अब सामान्य हो गए हैं। सभी बिना किसी खौफ के मनाली घूमने आएं।

आदेश माता हिडिंबा के आदेश पर 31 अक्तूबर को 'बड़ी जगती' का आयोजन

18 साल बाद नग्गर में जुटेगी 'देव संसद'

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। कुल्लू जिला के नग्गर में 18 साल बाद देव संसद का आयोजन होने जा रहा है।

कुल्लू की आराध्य देवी माता हिडिंबा के आदेश पर यह बड़ी जगती 31 अक्तूबर को जगती पट्ट पर बुलाई गई है। इसका उद्देश्य मानव जाति पर मंडराती विपदाओं का निवारण करना है। इस महासमागम में 300 से अधिक देवी-देवताओं के देवालयों से कारकून (सेवदार) भाग लेंगे। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान होगा। बुजुर्गों और देवलुओं के अनुसार, जगती पट्ट का स्थान 18 करड़ू के रूप में विशेष महत्व रखता है। यह वह स्थल है जहां मानव पर बड़ी विपदा आने पर घाटी के सभी देवी-देवता एकत्रित होकर समस्याओं के निवारण के लिए आदेश जारी करते हैं। माता हिडिंबा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मनुष्य हठधर्मी छोड़ दे, आने वाला समय अच्छा नहीं दिख रहा है। देवलुओं का मानना है कि अधिकतर जगती महामारी या देवताओं के स्थानों से छेड़छाड़ जैसी गंभीर चिंताओं को लेकर आयोजित की जाती हैं। वर्तमान में संपूर्ण विश्व विपदाओं से घिरा हुआ है, जिसके चलते देवताओं की शरण में पहुंचकर बचाव की गुहार लगाई गई है। इसी कारण माता हिडिंबा ने इस देव संसद को बुलाने का आदेश दिया है। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में 14 जुलाई 2021 को कोरोना महामारी के दौरान भी नग्गर जगती पट्ट में देव संसद का आयोजन हुआ था। उस दौरान कोरोना महामारी के कारण सभी देव कार्यों, मेलों और अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा पर पाबन्दी थी, जिससे देव परंपराओं का पूर्ण निर्वहन नहीं हो पाया था। इस पर देवी-देवताओं में काफी रोष व्याप्त था। उस जगती में 100 से अधिक देवी-देवताओं ने अपने गुरों के माध्यम से आदेश दिया था कि वे उस वर्ष कुल्लू दशहरा के लिए प्रस्थान करेंगे। साथ ही, कोरोना महामारी को रोकने और अन्य बुरी शक्तियों के खात्मे के लिए ढालपुर मैदान में दशहरा पूर्व काहिका उत्सव होना भी अति आवश्यक बताया गया था। नग्गर में होने वाला यह आयोजन 18 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है। इससे पहले, 16 फरवरी 2006 की देव संसद में देवताओं ने एकजुट होकर हिमालयन स्की विलेज प्रोजेक्ट को स्थापित न करने का आदेश दिया था। देव आदेश के बाद कंपनी को अपना सारा सामान समेटकर वापस लौटना पड़ा था। 31 अक्तूबर को होने वाली इस बड़ी जगती में, देवी-देवताओं के गुर (देव वाणी बोलने वाले) मानव को आदेश देंगे। इन आदेशों को अमल में लाना अनिवार्य होगा, अन्यथा जो विनाश का तांडव पिछले कुछ सालों में देखने को मिल रहा है, वह निरंतर जारी रहेगा। इस देव कारज में, रघुनाथ जी के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह और कारदार दानवेंद्र सिंह सभी देव कारकूनों के समक्ष पूछ डालकर समाधान का अनुरोध करेंगे। देवी-देवता कारदार संघ कुल्लू के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने पुष्टि की है कि जगती में अधिकतर देवी-देवताओं के निशान (घोंडी धौर्च) के साथ गुर, पुजारी और देवताओं के हारियान सम्मिलित होंगे।

नग्गर जगती पट्ट का वह स्थान जहां देव संसद होगी ।

अंडर-19 सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में ब्वॉयज स्कूल ढालपुर ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

ढालपुर ब्वॉयज स्कूल के प्रतिभागियों की टीम के साथ शिक्षक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

शहीद श्री बाल कृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र (ढालपुर) कुल्लू ने इस वर्ष अंडर-19 सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में एक बार फिर गत वर्ष की भांति उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस विद्यालय के 27 विद्यार्थियों ने लोकगीत (एकल), समूह गान तथा लोकनृत्य प्रतिस्पर्धा में राजकीय पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंज में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लोकगीत एकल में पीयूष प्रथम स्थान पर रहा। इसमें देवांश ने ढोलक तथा पीयूष-2 ने हारमोनियम पर बेहतरीन प्रदर्शन किया, समूह गान में रुद्र, पीयूष, भूपिंदर अभिषेक, सक्षम, तापेंदर, अविनाश, भाल चंदर सुजल और सूरज ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उपविजेता होने का गौरव हासिल किया। इन कलाकारों को तैयार करने में जया देवी व गोपाल कृष्ण ने सहयोग किया। लोकनृत्य विधा में सुंदर श्याम और राम कृष्ण ने इन कलाकारों को तराशा। इसमें ऐशांत, खेम, आकाश, राहुल, चंदन, देवांश साहिल, मोहित, गगन, धीरज, पीयूष तथा कृष ने नर्तकों के रूप में तथा पीयूष, वी प्रकाश, शुभम, समीर, पीयूष, पीयूष- 2 ने वादक व गायन के रूप में सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय को उपविजेता बनाया तथा विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय पहुंचने पर सभी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान

न्यूज ब्रीफ

विधायक सोलंकी ने किया रोड का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने पंजहाल पंचायत के मुख्य मार्ग से कैलाश झामराड़ी तक बनने वाले लिंक रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह सड़क उस एससी बस्ती के लिए ऐतिहासिक पहल है, जहां आजादी के बाद पहली बार सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ है। विधायक अजय सोलंकी ने मौके पर स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की और कहा कि यह सड़क केवल मिट्टी और पत्थर की नहीं, बल्कि विकास और समानता की राह है। विधायक ने कहा कि मेरी प्रतिबद्धता है कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में कोई भी घर सड़क से वंचित न रहे। हर गांव, हर बस्ती तक सड़क पहुंचाना मेरा संकल्प है और इसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं। उन्होंने बताया कि इस लिंक रोड के निर्माण से न केवल ग्रामीणों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस मार्ग के बन जाने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि जनता को जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ हैं और जब तक हर गांव तक सड़क नहीं पहुंचेगी, तब तक विकास अधूरा रहेगा।

आंगनबाड़ी के 16 पदों के लिए साक्षात्कार 6 को

अनंत ज्ञान, नाहन। बाल विकास परियोजना शिलाई के अंतर्गत संचालित 16 आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त चल रहे आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों को भरा जाना है, जिसके लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार को सादे कागज पर अपना आवेदन 27 अक्तूबर तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, शिलाई में जमा करवाना होगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र गंगटोली, आंगनबाड़ी केंद्र कोटी, आंगनबाड़ी केंद्र बोबरी, आंगनबाड़ी केंद्र ऐराणा, आंगनबाड़ी केंद्र भंगाटा, आंगनबाड़ी केंद्र बावटा, आंगनबाड़ी केंद्र चैराटा, आंगनबाड़ी केंद्र मुतुई बैलाडी, आंगनबाड़ी केंद्र सियारी, आंगनबाड़ी केंद्र कियाणा-2, आंगनबाड़ी केंद्र कांडी कंडारा, आंगनबाड़ी केंद्र रिनोई, आंगनबाड़ी केंद्र कुकडेच, आंगनबाड़ी केंद्र घालाधार, आंगनबाड़ी केंद्र तालोवास, आंगनबाड़ी केंद्र रोनहाट में आंगनबाड़ी सहायिकाओं का एक-एक पद भरा जाना है। इन पदों के लिए आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 6 नवंबर को उपमंडल अधिकारी शिलाई के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

छात्रों को दिया सेवा और समर्पण का संदेश

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय, जयनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजना सूद ने की, जो इस अवसर की मुख्य अतिथि भी रहीं। समारोह में नव-निर्वाचित अध्यक्ष नीरज कुमारी, उपाध्यक्ष जया कुमारी, महासचिव पूनम देवी एवं संयुक्त सचिव जतिन कुमार ने अपने पदों की शपथ ली। इसके पश्चात कक्षा प्रतिनिधियों एवं विभिन्न क्लबों के प्रतिनिधियों ने भी कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में पारंपरिक नाटी नृत्य की प्रस्तुति ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। अपने संबोधन में अध्यक्ष नीरज कुमारी ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया तथा टीमवर्क से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

युवा संसद प्रतियोगिता में नवगांव प्रथम

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। सूरजपुर विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, वाचन और विचार प्रस्तुत करने की कला से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासन और क्षेत्रवासियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 18 अक्तूबर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 18 अक्तूबर को प्रातः 11.30 बजे सायरी व ममलीग में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास के संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे।

रोवर्स ने राज्यस्तरीय कैंप में लहराया परचम

अनंत ज्ञान, राजगढ़। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के तीन रोवर्स ने मंडी के रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। भारत स्काउट व गाइड्स राजकीय प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित प्रशिक्षण 9 से 13 अक्तू बर तक चला। इसमें राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ से बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अंतरिक्ष व पीयूष और उज्ज्वल बीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने हिस्सा लिया। पांच दिवसीय कड़े प्रशिक्षण के दौरान इन रॉवर्स ने ट्रैकिंग, हस्तकौशल, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कॉलेज के रोवर यूनिट प्रभारी डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि तीनों रोवर्स ने निपुण प्रशिक्षण को उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की।

शूलिनी का 16वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने 16वें स्थापना दिवस को उत्साह, प्रेरणा और विविध आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया। संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला ने अपने प्रेरक भाषण में छात्रों से बड़े सपने देखने और पूरी लगन से उन्हें साकार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उनकी पुस्तक 'व्हिसपर्स विद ब्लॉसम्स: ए जर्नी थ्रू नेचर्स सोल' का विमोचन हुआ, जिसमें स्वामी कृष्णानंद गिरि द्वारा खींचे गए हिमालयी फूलों के चित्र और डॉ. राधा का योगदान शामिल है। मुख्यातिथि पद्मश्री प्रो. आरसी सोबती ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान, नवाचार और स्थायित्व के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने छात्रों को प्रेम, जुनून और समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

सरकार करवा रही है वोट चोरी : शैलेंद्र

अनंत ज्ञान, सोलन। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने सोलन नगर निगम क्षेत्र की हाल ही में तैयार की गई वोटर लिस्ट और परिसीमन प्रक्रिया में सामने आई गंभीर अनियमितताओं पर कड़ा रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला लोकतंत्र की मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। 'हमारा प्रमुख आरोप यह है कि कांग्रेस सरकार सुनियोजित तरीके से वोट चोरी करवा रही है और लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन कर रही है।' वोटर लिस्ट में व्यापक गड़बड़ियां की गई हैं। अनेक ऐसे नागरिकों के नाम काट दिए गए हैं जो पाँच दशकों से अधिक समय से सोलन में स्थायी रूप से रह रहे हैं और आज भी यहीं निवासरत हैं। परिसीमन में मनमानी करते हुए पुराने वार्डों की सीमाओं को बिना किसी ठोस आधार के बदला गया है। कई इलाकों को दो वार्डों में बाँट दिया गया है, जबकि कुछ को पूरी तरह बाहर रखा गया है। बूथ स्तर पर गलत रिपोर्टिंग और राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाइयां स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं है। वोटर लिस्ट को सार्वजनिक न करना प्रशासनिक पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है और जनता में भ्रम तथा असंतोष की स्थिति उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार निकाय और पंचायती चुनावों से भयभीत है। जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी कांग्रेस अब प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

राष्ट्रनिर्माण में सहायक लेखन के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, सोलन। शुक्रवार को सोलन में 'राइट फॉर नेशन' (राष्ट्रहित में लिखें) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र कार्यवाह रोशन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लेखकों, संपादकों, पत्रकारों, साहित्यकारों, शिक्षकों और पत्रकारिता छात्रों ने भाग लिया। मुख्यातिथि रोशन ने कहा कि आज समाज में विघटनकारी ताकतें लेखन के माध्यम से युवाओं को भ्रमित कर रही हैं। विशेष रूप से जेन-जी पीढ़ी को राष्ट्रविरोधी विचारधारा की ओर मोड़ा जा रहा है। ऐसे में लेखन से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी है कि वे सकारात्मक और राष्ट्रहित में लेखन करें। कार्यक्रम में प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप समयाल, विभाग कार्यवाह कश्मीर, प्रचारक अनिल, साहित्यकार अशोक गौतम, डॉ. बृजेंद्र पंवार व यादवेंद्र चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। युवाओं को लेखन के माध्यम से राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

एनसीसी छात्राओं ने कल्पा शिविर में दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान, राजगढ़। किन्नौर जिले के कल्पा में आयोजित विलेज वाइब्रेंट प्रोग्राम शिविर में डिग्री कॉलेज राजगढ़ की छह एनसीसी छात्रा कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कैडेट्स रूपाली, दुर्गा ठाकुर, आस्था भारद्वाज, प्रकृति, कंचन और मुस्कान ने इस दस दिवसीय शिविर में भाग लिया। एनसीसी प्रभारी पूनम शर्मा ने बताया कि शिविर में ग्रामीण विकास, स्वच्छता अभियान, ट्रैकिंग, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया गया था। छात्राओं ने खेलकूद में रजत पदक तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने कठिन पर्वतीय रास्तों पर ट्रैकिंग कर साहस और टीम भावना का परिचय भी दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और देशभक्ति जैसे गुण विकसित करती हैं।

पाइनग्रोव स्कूल के वार्षिक समारोह में दिखा देशभक्ति का जज्बा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉक्टर मलिका नड्डा और विशिष्ट अतिथि के रूप में एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीआरसी, वीएसएम सदस्य, सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, मुख्यातिथि के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक साथ मार्च करते हुए 110 विद्यार्थियों द्वारा परेड़ 49 छात्र व छात्राओं द्वारा जिम्नास्टिक 33 विद्यार्थियों द्वारा ब्रास बैंड, भारतीय शास्त्रीय और पाश्चात्य संगीत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सराहनीय आयोजन किया गया। छात्र व छात्राओं द्वारा बनाई, कढ़ाई और सिलाई एवं हस्त-शिल्प कला की प्रदर्शनी देखते ही बनती थी। सिखलाई रेजिमेंट के भूतपूर्व सैनिक परविन्द्र सिंह के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं ने विद्यालय ध्वज के साथ स्कूल बैंड पर 'स्वागतम' सारे जहां से अच्छा, विजय भारत, जी करदा, कदम-कदम बढ़ाए जा, अलमोरा और हम होंगे कामयाब की धुनों पर

मिग-21 एयरक्राफ्ट की प्रदर्शनी का लोकार्पण करती मुख्यातिथि मलिका नड्डा।

उत्साह व जोश के साथ परेड की। भारतीय वेशभूषा में 80 विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह में राजस्थानी गान घूमर पर नृत्य किया।

मनराज खन्ना के नेतृत्व में ब्रास बैंड की धुन पर ड्रिल करते हुए विद्यार्थियों ने बेस ड्रम, साइड ड्रम, कर्नल बोगी की धुन और अंग्रेजी धुन सिक्स सोंग की प्रस्तुति पर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। स्कूल के छात्रों ने एक लघु नाटिका उड़ान की प्रस्तुत दी जिसमें बताया गया कि कभी-कभी यह चिंगारी पंखों में बदल जाती है वह पंख जो आसमान की ऊंचाइयों को जीतने का होंसला देते हैं। परंतु कभी-कभी नियति हमारी कल्पना से कहीं अधिक क्रूर हो जाती है और फिर एक हादसा और बिखर जाते हैं सारे सपने, एक के झटके में थम जाती है इंसान की स्वप्निल उड़ान। स्कूल में लगी मिग-21 एयरक्राफ्ट की प्रदर्शनी भी अतिथियों के आकर्षण का केंद्र बनी। पाइनग्रोव के छात्र आपके समक्ष एक ऐसी मर्मस्पर्शी कहानी लेकर उपस्थित हैं जो न सिर्फ आपके हृदय को उद्वेलित कर देगी अपितु सोचने के लिए मजबूर कर देगी। देखिए आखिर क्या है उड़ान। इस उड़ान को एंकाकी के माध्यम से दर्शाया गया। वहीं स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालय की गत वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि विद्यालय प्रतिवर्ष उन्नति की ओर अग्रसर है। रुशान मेहतानी, रयांश शर्मा, विदित बाबा, जयदित्य ठाकुर, वेदांशी बुंदेला, भारती ठाकुर, कीरत अरोड़ा, और यामिनी सिंह द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई। वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन तथा शिक्षा व खेलों में सर्वोतम प्रदर्शन का वर्णन किया गया। लघु नाटिका के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मंच पर नृत्य करके जब शिवाजी महाराज को अफ़जलखान के युद्ध की जानकारी मिली तो शिवाजी ने बड़ी सतर्कता से अफजल खान का पेट बाघनख से चीर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर मलिका नड्डा ने कहा कि विद्यालय ने अथक परिश्रम द्वारा अल्प समय में देश भर में नाम कमाया और अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ इस उत्सव की शोभा बढाते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि पाइनग्रोव स्कूल ने प्रत्येक गतिविधि पर ध्यान केंद्रित कर प्रदेश में एक विशेष संस्था के रूप में अपनी पहचान बना ली।

नन्हे कलाकारों ने नृत्य से मोह लिया सबका मन

विद्यालय के नन्हे कलाकारों ने नृत्य करके सबका मन मोह लिया। पाइनग्रोव विद्यालय के वार्षिकोत्सव अवसर पर सम्मानित इस समारोह में पाइन ग्रोव स्कूल के सहयोगी स्कूल, सैली बी. हॉवर्ड स्कूल, उत्तरी कैरोलिना, अमेरिका के शिक्षकों और छात्रों ने भी भाग लिया। संदीप अग्रवाल, सहायक निदेशक और डीन (आईटी एवं प्रशासन), अपने पांच और चार छात्रों की टीम के साथ, दोनों संस्थानों के बीच गहन शैक्षणिक सहयोग को दर्शाते हुए समारोह में शामिल हुए। इस आयोजन को गौरवान्वित करने वाले प्रमुख गणमान्य व्यक्ति त्रिलोक जम्वाल, विधायक, बिलासपुर निर्वाचन क्षेत्र. डॉ. राजीव सैजल पूर्व स्वास्थ्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश, परमजीत सिंह पम्मी -पूर्व विधायक, दून विधानसभा क्षेत्र। रशिम धर सूद, उपाध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक भारत और उपाध्यक्ष राज्य भाजपा हिमाचल प्रदेश, अरुण सेन, कुठार के राजा, चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरूषोत्तम और सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चंद्र नड्डा उपस्थित रहे।

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक समारोह

छात्रों ने दिखाए कराटे के करतब

वार्षिक समारोह के दौरान स्कूली छात्रों की प्रदर्शनी देखते मुख्यातिथि।

अनंत ज्ञान, सोलन

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने शुक्रवार को 19वां वार्षिक समारोह हर्षोल्लास से मनाया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजेश्वर गोयल(आई.ए.एस) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण गोयल, राज मोहन सिंह (सहायक नगर नियोजन अधिकारी) और पारुल गोयल भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत कराटे, पीटी, योगा और जिम्नास्टिक के हैरतंगेज़ करतबों के साथ हुई इसके साथ ही जूनियर डांस ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर एवं प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया तथा उन्हें विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस मौके पर छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, नाट्य, गीत और हिमाचली नाटी ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि गोयल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। अभिभावकों और विशिष्ट अतिथियों ने विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सुरक्षित भवन निर्माण व आपदा प्रबंधन के लिए कलाकारों ने लोगों को किया जागरूक

सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति जागरूक करते कलाकार।

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में आपदा न्यूनीकरण समर्थ-2025 विशेष जागरूकता अभियान के तहत आज उपमंडल राजगढ़ के रावमापा जदोल टपरोली व ग्राम पंचायत चंदोल के कुफरपाल, संगड़ाह की ग्राम पंचायत घंडूरी व रावमापा नोहराधार तथा कफोटा के बस स्टैंड सतौन व बस स्टैंड चांदनी में सूचना एवं जन संपर्क विभाग से अनुमोदित दलों ने फोक मीडिया कार्यक्रम आयोजित कर सुरक्षित भवन निर्माण व आपदा से पूर्व की तैयारियों तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी गीत व नाटक के माध्यम से लोगों को दी। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने बताया कि हमें भूकंप रोधी भवन निर्माण करना चाहिए, भवन निर्माण करने से पूर्व निर्माण स्थल व निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की पूर्ण जांच कर लें तथा कुशल कारीगर से ही मकान निर्माण करवाएं। उन्होंने बताया कि आपदा को टाला नहीं जा सकता, लेकिन इसे कम किया जा सकता है। यदि हम समय रहते किसी भी प्रकार की आपदा के लिए जागरूक रहें तथा आवश्यक तैयारी कर लें, तो आपदा के दौरान जानमाल के नुकसान से बचा जा सकता है।

स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देना आवश्यक

अनंत ज्ञान, सोलन। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण राहुल जैन ने कहा कि स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने में ऐसे महोत्सव अहम भूमिका निभाते हैं। राहुल जैन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सोलन द्वारा 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'ग्रामीण स्वाद महोत्सव' को संबोधित कर रहे थे। राहुल जैन ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी उम्र के लोगों के तरह-तरह के पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए, जिससे वह स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य समुदाय में कुपोषण की दर को कम करना, स्वस्थ आदतों व परंपरागत पौष्टिक व्यंजनों का समावेश करना व बच्चों में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पदम देव शर्मा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय पोषण माह के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सोलन की किरण कश्यप ने इस अवसर पर संस्थान द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षणों की जानकारी दी।

स्वस्थ मातृत्व व शिशु कार्यक्रम में पोषण विधि प्रदर्शन से बढ़ी पोषण की समझ

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना और महिला एवं बाल विकास विभाग (बाल विकास परियोजना वृत्त चंडी और दाड़लाघाट) के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ्य मातृत्व एवं शिशु कार्यक्रम के तहत पोषण विधि प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 17 सितंबर 2025 से 16 अक्तूबर 2025 तक चले 8वें पोषण माह के अंतर्गत आयोजित किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों, महिलाओं और बच्चों में पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पोषण सम्बन्धी परिणामों में सुधार लाना है।कार्यक्रम में यह बताया गया कि स्वस्थ जीवन की शुरुआत पोषण युक्त भोजन और परिपूरक आहार से होती है, जिससे शरीर में सूक्ष्म पोषण तत्वों की कमी को रोका जा सकता है। पोषण विधि प्रदर्शन में अलसी के लड्डू, मूंग दाल और भेज़ मुरमुरे का प्रदर्शनी रूप में प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट संजय शर्मा ने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से स्वस्थ मातृत्व और स्वस्थ शिशु का महत्व समझाया जा सकता है, तथा शरीर में होने वाले पोषण तत्वों की कमी को नियमित अनुपूरक आहार से पूरा किया जा सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना समन्यक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ऐसे पोषण विधि प्रदर्शन चिन्हित गांवों और ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से आयोजित करता रहेगा। वर्तमान में स्वास्थ्य परियोजना के तहत 42 से अधिक गांवों में कार्यकर्म संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम में स्वस्थ्य सखी सुनीता, अनिता, संगीता, सुमनलता, ज्ञानु, मीरा, बंटी देवी और हर्षा देवी के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित गर्भवती और धात्री माताएं, किशोर और किशोरियां शामिल हुईं।

त्योहार के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 18 से 20 अक्तूबर तक धनतेरस व दीपावली त्योहार के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117, सड़क नियमन नियम, 1999 के नियम 15 एवं 17 तथा हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 तथा 196 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार धनतेरस व दीपावली त्योहार के दृष्टिगत पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक 18 अक्तूबर से 20 अक्तूबर, 2025 तक प्रातः 11.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, सेना, आपातकालीन सेवा, कानून व व्यवस्था में प्रयुक्त वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

त्रिलोकपुर मंदिर में गरीब कन्याओं की शादी में वित्तीय सहायता फिर से देने पर विचार किया

अनंत ज्ञान, नाहन

सियासी इशारे पर महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोक में श्रद्धालुओं द्वारा मां के दरबार में चढ़ाए जाने वाले चढ़ावे से गरीब कन्याओं की शादी में वित्तीय मदद की योजना पुनः लागू करने की कवायदें पिछले कुछ अरसे से जारी हैं, लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हो सका है। यह योजना विवादों में आने के बाद मंदिर ट्रस्ट ने बंद कर दी थी, लेकिन मंदिर ट्रस्ट में बैठे सियासी नेताओं के इशारे पर इस योजना को दोबारा लागू करने के लिए जोर मारा जा रहा है।

इसी कड़ी में मंदिर ट्रस्ट की बैठक में ट्रस्ट के अस्सिटेंट कमिश्नर एंव एसडीएम नाहन की अध्यक्षता में बनी कमेटी को अपनी रिपोर्ट ट्रस्ट को सोंपनी है। मंदिर ट्रस्ट के भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार पूर्व में इस योजना में मदद लेने वालों में अन्य धर्म के लोगों की संख्या ज्यादा रही थी, जबकि राज्य में लागू मंदिर अधिनियम के अनुसार मंदिरों के

चढ़ावे से केवल श्रद्धालू व पूजा-अर्चना करने वाले लोग ही मदद के पात्र हैं। मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूर्व में शादी में मदद के लिए एक तय राशि व साजो सामान की एक किट प्रदान की जाती थी। उधर, हाल ही में हाई कोर्ट ने अपने अहम फैसले में मंदिरों के चढ़ावे को लेकर सरकार और ट्रस्टियों को आईना दिखाया है। कोर्ट से साफ कर दिया है कि मंदिरों का धन देवता का है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब त्रिलोक पुर मंदिर ट्रस्ट के फजूलखर्ची पर ब्रेक लगनी पड़ेगी। कोर्ट ने मंदिरों के धन का मनमर्जी से उपयोग रोकने के लिए राज्य की ओर से बनाई जाने वाली सड़कों, पुलों व सार्वजनिक भवनों के निर्माण के लिए मंदिर के धन इस्तेमाल नहीं होगा। व्यक्तिगत लाभ व निजी उद्योगों में इसका निवेश पर प्रतिबंध रहेगा। यहां तक कि मंदिरों में आने वाले वीआईपी को उपहार, मोमेंटो, चुनरी-प्रसाद, काजू, बादाम खरीदने पर भी हाई कोर्ट ने रोक लगाई है। त्रिलोकपुर मंदिर न्यास के अस्सिटेंट कमिश्नर व एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि ट्रस्ट की मीटिंग में पूर्व में गरीब परिवार की कन्याओं की शादी में वित्तीय मदद की बंद पड़ी योजना को पुनः शुरू करने का प्रस्ताव आया है। इस बारे में एसडीएम की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट मंदिर ट्रस्ट की मीटिंग में अभी रखनी है। एसडीएम ने कहा कि हाल ही में हाई कोर्ट ने मंदिरों के धन के प्रयोग को लेकर लगाई गई बंदिशों पर अमल होगा।

संगोष्ठी राज्यस्तरीय मधुमक्खी पालन संगोष्ठी में राष्ट्रीय मधु बोर्ड की महत्वपूर्ण बातें

स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण पर दिया जोर

अनंत ज्ञान, सोलन

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में उद्यान आयुक्त एवं राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के मिशन निदेशक डॉ. प्रभात कुमार ने राष्ट्रीय मधु बोर्ड द्वारा वित्तपोषित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मधुमक्खी पालन संगोष्ठी में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। यह संगोष्ठी डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कीट विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 250 किसान एवं मधुमक्खी पालक शामिल हुए।

डॉ. कुमार ने कहा कि विश्व में शहद के स्वास्थ्यवर्धक गुणों के प्रति जागरूकता बढ़ने के कारण मधुमक्खी कॉलोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है। भारत में शहद उत्पादन 2013-14 के 76 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्तमान में 1.52 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने बताया कि बी डेवलपमेंट कमेटी के तहत देशभर में सात शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं

राज्यस्तरीय मधुमक्खी पालन संगोष्ठी में पहुंचे प्रतिभागी।

ताकि शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। किसानों से उन्होंने अनुरोध किया कि वे अपनी मधुमक्खी कॉलोनियों का पंजीकरण मधु क्रांति पोर्टल पर अवश्य कराएं। डॉ. कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से सामूहिक रूप से शहद का विपणन किया जा रहा है और देशभर में अब तक 59 ऐसे संगठन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने मूल्य संवर्धित उत्पादों और उप-उत्पादों के विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कॉलोनी कोलैप्स डिसऑर्डर जैसी समस्याओं तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मधुमक्खियों के भोजन खोजने, दिशा पहचानने और प्रजनन क्षमता पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। मधुमक्खी पालन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उत्पादकता और ट्रेसेबिलिटी में सुधार की संभावना पर भी डॉ. कुमार ने जोर दिया। उन्होंने देश में क्वीन ब्रीडिंग (रानी मधुमक्खी प्रजनन) के क्षेत्र में उपलब्ध अपार संभावनाओं पर चर्चा की। डॉ. कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा

न्यूज ब्रीफ

मुख्य सचिव ने की चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद (आईएएस) ने शुक्रवार को चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करना, परिचालन दक्षता बढ़ाना और संस्थान में जवाबदेही को मजबूत करना था। सीएचबी द्वारा प्रस्तुति के दौरान स्वीकृत पदों की स्थिति, लंबित बकाया वसूली, और अन्य कार्य संबंधी पहलुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बोर्ड को निर्देश दिए कि वह शहर के समग्र विकास में अपने योगदान की एक स्पष्ट योजना तैयार करे। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत, उन्होंने बैंकों के सहयोग से जनजागरूकता अभियान तेज करने पर बल दिया, जिससे योजना का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच सके। उन्होंने मॉडल सोलर सिटी योजना के अंतर्गत सीएचबी फ्लैट्स की छतों पर सौर पैनल लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश भी दिया। यह कार्य सीआरईएसटी के सहयोग से किया जाएगा। बैठक में वित्त सचिव श्री दीपावा लकड़ा, सीएचबी के सीईओ श्री प्रदीप कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

हरियाणा कांग्रेस का 'हस्ताक्षर अभियान' 30 तक बढ़ा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस ने अपने राज्यव्यापी 'वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान' की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर से बढ़ाकर अब 30 अक्तूबर कर दी है। यह निर्णय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने लिया, जिन्होंने इस संबंध में पार्टी के सांसदों, विधायकों और जिला पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश और हस्ताक्षर जुटाने के लक्ष्य भी सौंपे हैं। राव नरेंद्र सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि यह अभियान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पहल पर चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करना और चुनावों में कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ जनजागरण करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सक्रिय होकर काम करें और हस्ताक्षर युक्त फॉर्म 30 अक्तूबर तक आवश्यक रूप से जमा करें। ये फॉर्म जिला कांग्रेस कमेटियों या सीधे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। अभियान के तहत प्रत्येक स्तर के नेताओं को हस्ताक्षर जुटाने का कोटा सौंपा गया है। कांग्रेस का मानना है कि यह अभियान आने वाले चुनावों से पहले संगठनात्मक मजबूती और जनता से संवाद के लिहाज से अहम साबित होगा।

गुरुग्राम : रेलवे स्टेशन पर दो टुकड़ों में मिला युवक का शव

अनंत ज्ञान, गुरुग्राम। यहां रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर शुक्रवार को दो टुकड़ों में कटा युवक का शव मिला। शव की सूचना मिलने पर प्लेटफार्म पर यात्रियों में भी हडक़ंप मच गया। सूचना पाकर जीआरपी भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस की शव की पहचान कराने में जुटी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह प्लेटफार्म नंबर-3 के ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है। शव दो टुकड़ों में कटा हुआ था। जैसे ही यात्रियों ने शव देखा तो वहां पर भीड़ एकत्रित हो गई। शव को देखकर हडक़ंप मच गया। लोगों ने जीआरपी को इसकी सूचना दी। जांच अधिकारी सूरत पाल ने बताया कि गुरुवार की आधी रात के समय उन्हें सूचना मिली थी कि प्लेटफार्म नंबर-3 के ट्रैक पर एक शव पड़ा है। प्राथमिक जांच में पता चला कि मृतक का शरीर ट्रेन की चपेट में आने से कट गया। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन कोई भी व्यक्ति उसे पहचान नहीं सका। शव को फिलहाल मॉर्च्युरी में रखवाया गया है, जहां उसकी पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यदि 72 घंटे के भीतर मृतक की पहचान नहीं हो पाती है, तो पुलिस नियमानुसार पोस्टमॉर्टम करवाएगी। घटनास्थल से कोई ऐसा सामान नहीं मिला, जिससे मृतक की पहचान हो सके।

हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चल रहा मोदी मॉडल : सीएम सैनी

कहा-प्रदेश की जनता खुश है, इसलिए मेरे चेहरे पर रहती है मुस्कान

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मोदी मॉडल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार महत्वपूर्ण संकल्पों को पूरा किया जा रहा है। विकास के पथ पर अग्रसर हरियाणा निरंतर तरक्की की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने यह बात पंचकूला के रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से सवाल जवाब के दौरान कहीं। उन्होंने बिहार दौरे के संबंध में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं बिहार प्रचार के लिए जा रहा हूं। कांग्रेस के शासन को जनता ने देखा हुआ है, बात बिहार की हो या पंजाब की, जनता विकास चाहती है। पंजाब के संबंध में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस और अब आम आदमी पार्टी ने वहां सब्जबाग दिखाएं है, झूठ बोलकर सत्ता हासिल कर ली। 2027 में वहां की जनता इन्हें जवाब देगी।

मुख्यमंत्री के चेहरे पर मुस्कान पर विपक्ष के नेताओं द्वारा सवाल उठाए जाने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, या तो वो धरने पर बैठ जाते है या फिर इस प्रकार की बाते करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता खुश है, इसलिए मेरे चेहरे पर मुस्कान रहती है। उन्होंने विपक्ष के नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि हंसना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा की तहसील धनतेरस के दिन भी खुलेगी। बकायदा वहां संबंधित कर्मचारी और अधिकारी रहेंगे तथा लोगों की रजिस्ट्री भी करेंगे। इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, विधायक शक्तिरानी शर्मा, डीजीपी ओपी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, के मकरंद पांडुरंग आदि उपस्थित रहे।

जापान की कंपनियां करना चाह रही इनवेस्ट

सैनी ने कहा कि जापान दौरे के वक्त कई कंपनियों ने हरियाणा आने की इच्छा जाहिर की है। महाभारत का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बर्बरीक को केवल सुदर्शन नजर आ रहा था, वैसे ही जापान में केवल और केवल मोदी-मोदी ही लोग कह रहे थे। जिस भी व्यक्ति से वहां बात हुई या जो भी उनसे मिला, उन्होंने पीएम मोदी और उनकी नीतियों को सराहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन के इस दौरे में 5 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू साइन हुए है।

हरियाणा सरकार ने गरीबों को दी आवास की सौगात

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के गरीब परिवारों को बड़ी राहत दी। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 8,547 प्लॉटों का आवंटन किया गया, जबकि पिंजौर शहर में 518 प्लॉट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने मंच से सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 200 रुपए की वृद्धि की घोषणा की, जो एक नवंबर 2025 से लागू होगी। इसके बाद लाभार्थियों को 3,200 रुपए प्रति माह पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि धनतेरस पर भी रजिस्ट्री के लिए तहसीलें खुली रहेंगी। पंचायतों और नगर निकायों को विकास कार्यों के लिए कुल 2,697 करोड़ रुपए की ग्रांट जारी की गई, जिसमें स्टांप ड्यूटी, पंचायत सेस और फिरनी निर्माण शामिल हैं। सीईटी परीक्षा से जुड़े दस्तावेज सुधार के लिए पोर्टल 17 से 24 अक्तूबर तक खोला गया है। समारोह का सीधा प्रसारण पूरे प्रदेश में किया गया।

पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति हरित भविष्य की जिम्मेदारी : गुर्जर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज फरीदाबाद स्थित नेशनल हाईवे की ग्रीन बेल्ट पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सघन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्वयं पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर बल दिया। उनके साथ बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने भी पौधारोपण करते हुए अभियान में सहभागिता दर्ज कराई।

'एक पेड़ मां के नाम' पर्यावरण संरक्षण की ओर एक सशक्त पहल

गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन की आधारशिला हैं, जो हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक कार्य नहीं बल्कि प्रकृति और धरती मां के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार या किसी संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार अपने आसपास एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करें, तो आने वाले समय में हमारा समाज और अधिक हरा-भरा एवं स्वच्छ बनेगा।

गुर्जर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पौधारोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और अपने परिवार और मित्रों को भी इस दिशा में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव ही हमारे जीवन को स्वस्थ, संतुलित और दीर्घकालिक बनाता है, और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। इस अवसर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

एलांटे मॉल में दिव्य रोशनी की झलक, दिवाली पर पौराणिक वाहनों की अनोखी प्रस्तुति

एजेंसी, चंडीगढ़

नेक्सस एलांटे मॉल इस दिवाली 'डिवाइन वाहनास ऑफ लाइट' थीम के तहत भारत की समृद्ध पौराणिक परंपरा को एक अनोखे अंदाज में पेश कर रहा है। मॉल परिसर को देवी-देवताओं के दिव्य वाहनों की झांकियों से सजाया गया है, जो हर आयु वर्ग के दर्शकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करते हैं।

पुष्पक विमान घर वापसी और विजय का प्रतीक है, तोता प्रेम और करुणा का, उल्लू समृद्धि का, नंदी धैर्य और शक्ति का, और मूषक बुद्धिमत्ता व विनम्रता का प्रतीक। इन सभी प्रतीकों को रौशनी, रंग और सुंदर कारीगरी के साथ जीवंत किया गया है।

मुख्य आकर्षण भगवान राम और हनुमान की रावण पर विजय को दर्शाने वाली भव्य झांकी है, जो दिव्य रोशनी से जगमगा रही है। यह झांकी दिवाली के असल संदेश धर्म की जीत और घर वापसी को दर्शाती है।

नेक्सस एलांटे मॉल सभी आगंतुकों को इस रोशनी और भक्ति के उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है, जहाँ हर कोना भारतीय संस्कृति की दिव्यता से रोशन है।

हरियाणा सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में की वृद्धि

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर प्रदेश के बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य पात्र लाभार्थियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की घोषणा की है। पेंशन राशि को 3000 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये प्रतिमाह किया गया है। यह निर्णय दीपावली के पावन पर्व पर सरकार की ओर से एक विशेष तोहफे के रूप में लिया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने इस वृद्धि को दीपावली का तोहफा बताते हुए प्रदेशवासियों, विशेषकर बुजुर्गों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार तीव्र गति से विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। पेंशन में यह वृद्धि न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं के चेहरों पर दीपावली की दोगुनी खुशी और चमक लाएगी।

यह कदम हरियाणा सरकार के जनकल्याण के प्रति समर्पण को दर्शाता है। दीपावली के इस पावन अवसर पर सरकार का यह निर्णय प्रदेश के लाखों लाभार्थियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

फर्स्ट फ्राइडे फोरम का 16वां वार्षिक व्याख्यान समारोह संपन्न

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

फर्स्ट फ्राइडे फोरम (एफएफएफ) का 16वां वार्षिक व्याख्यान सह पुरस्कार वितरण समारोह चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. एसएस भट्टी का व्याख्यान था, जिसका विषय था वन-शहरीकरण घोषणापत्र से जनादेश तक भारत का पुन: हरितीकरण। उन्होंने शहरी नियोजन में पर्यावरण और आध्यात्मिकता के समन्वय पर जोर दिया।

इस अवसर पर वास्तुकला शिक्षा और शहरी नियोजन में योगदान के लिए प्रो. वीना गरेला को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। स्थिरता में अग्रणी आर्किटेक्ट दीपिका टुटेजा, कलाकार सास्वती चौधरी और ग्राफिक डिजाइनर धरम वीर को भी सम्मानित किया गया। प्रथम शुक्रवार फोरम पुरस्कार सौंदर्य और टिकाऊ वास्तुकला के लिए एआर इंदर गुलाटी को दिया गया। विशिष्ट अतिथि सुरिंद्र बहगा ने हरियाणा की नई राजधानी परियोजना की शुरुआत का समर्थन किया। सीसीए की प्रिंसिपल डॉ. संगीता बग्गा मेहता ने इस आयोजन को उत्कृष्टता की वापसी बताया। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स और शैक्षणिक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

देश-विदेश

जेन-जेड आंदोलन से पेरू में हड़कंप एक की मौत, 100 से ज्यादा घायल

एजेंसी, लीमा

दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में युवा पीढ़ी के गुस्से ने तूफान खड़ा कर दिया है। जनरेशन-जेड (जेन-जेड) कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति जोस जेरी के इस्तीफे की मांग को लेकर शुरू हुए बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। रातोंरात भड़की यह आग कम से कम एक नागरिक की जान ले चुकी है, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। घटना के बाद देशभर में तनाव बढ़ गया है, और सरकारी जांच शुरू हो गई है। बढ़ती हिंसा को देखते हुए सरकार ने पेरू लीमा में आपातकाल की घोषणा की है।

पेरू की राजधानी लिंहा में 15 अक्तूबर को संसद के बाहर जमा हुए हजारों युवा कार्यकर्ताओं ने पेंशन सुधारों, कम मजदूरी, बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर गुस्सा जाहिर किया। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति जेरी के 10 अक्तूबर को शपथ लेने के बाद तेज हो गए, जो देश के पिछले एक दशक में सातवें राष्ट्रपति हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के सामने कार्डबोर्ड गुड़िया जलाकर अपना विरोध जताया। (अनंत ज्ञान)

दिल्ली में निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी निकली झूठी

एजेंसी, नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के एक निजी स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी मिली जो बाद में झूठी साबित हुई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि स्कूल में बम रखे जाने की सूचना अपराह्न एक बजकर 19 मिनट पर मिली। उन्होंने कहा, ''हमने स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ते सहित डीएफएस की दो टीम को घटनास्थल पर भेजा तथा जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और सूचना को अफवाह घोषित कर दिया गया।'' (अनंत ज्ञान)

ट्रंप और पुतिन की फोन पर 2 घंटे बातचीत रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने पर हुई चर्चा

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत करीब 2 घंटे तक चली। ट्रंप ने अपनी ट्रूथ सोशल पोस्ट में लिखा- पुतिन के साथ बातचीत बहुत बढ़िया थी। उन्होंने मुझे और अमेरिका को मिडिल ईस्ट में शांति लाने की बधाई दी। पुतिन ने कहा कि यह बहुत पुराना सपना था। ट्रम्प को लगता है कि मिडिल ईस्ट की कामयाबी रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में मदद करेगी।

ट्रंप ने आगे कहा कि वह मानते हैं कि मिडिल ईस्ट में मिली यह सफलता उन्हें रूस-यूक्रेन के साथ जंग खत्म करने के लिए चल रही बातचीत में मदद करेगी। यह बातचीत ऐसे समय पर हुई है जब यूक्रेन के राष्ट्रति जेलेंस्की आज अमेरिकी दौरे पर पहुंचने वालें हैं। जेलेंस्की यहां ट्रंप से एडवांस्ड हथियार मांगने वाले हैं, जिनमें लंबी दूरी के टॉमहॉक मिसाइल शामिल हैं। ट्रंप ने संकेत दिया है कि अगर पुतिन बातचीत की मेज पर नहीं आते, तो वे ये हथियार देने की इजाजत दे सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

बेंगलुरु के इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रा से रेप

एजेंसी, बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज के कैंपस में छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने रेप के आरोप में कॉलेज के ही 21 साल के इंजीनियरिंग स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छठे सेमेस्टर के छात्र जीवन गौड़ा के रूप में हुई है। पीड़ित छात्रा भी उसी कॉलेज में सातवें सेमेस्टर की स्टूडेंट है। घटना 10 अक्तूबर को दोपहर 1:30 बजे से 1:50 बजे के बीच हुई थी। उसने 5 दिन बाद यानी 15 अक्तूबर को एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़ित ने एफआईआर में बताया कि आरोपी ने कॉलेज के सातवीं मंजिल पर उसे मिलने बुलाया था। जब वह पहुंची, तो आरोपी ने जबरदस्ती चूमने की कोशिश की। छात्रा वहां से चली गई। आरोपी उसका पीछा करते हुए छठी मंजिल तक पहुंच गया। उसे पुरुषों के टॉयलेट में घसीटकर ले जाकर रेप किया। आरोपी ने बाद में छात्रा को फोन किया और पूछा- क्या तुम्हें पिल्स (गर्भनिरोधक दवा) की जरूरत है? (अनंत ज्ञान)

दुर्गापुर गैंगरेप केस: पीड़ित एक आरोपी की गर्लफ्रेंड

एजेंसी, कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एमबीबीएस स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार 6 आरोपियों में से एक पीड़ित का बॉयफ्रेंड है। दोनों रिलेशन में थे, 10 अक्तूबर को जब स्टूडेंट के साथ रेप हुआ, तो वह बॉयफ्रेंड के साथ ही कॉलेज कैंपस से बाहर गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि जिस आरोपी को सबसे आखिरी में अरेस्ट किया गया। वह पीड़ित का क्लासमेट है और वे घटना वाली रात डेट पर बाहर गए थे। दोनों के रिलेशनशिप का खुलासा उनकी वॉट्सएप चैट से भी हुआ। पुलिस के अनुसार, पीड़ित और उसके दोस्त ने बताया कि घटना वाली रात वे एक श्मशानघाट के पास जंगल में गए थे। वहां तीन बदमाशों ने उनका पीछा किया और अचानक हमला कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने रेप किया। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि पीड़ित और उसका दोस्त बार-बार अपना बयान बदल रहे हैं। ऐसा लगता है वे जानबूझकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

झारखंड में दो माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी, रांची। प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एक एरिया कमांडर समेत दो माओवादियों ने शुक्रवार को झारखंड के चतरा जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की पहचान कुणाल उर्फ कुलदीप और रोहिणी गंझू उर्फ रोहिणी सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि कुणाल, भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह टीएसपीसी का एरिया कमांडर था। बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (जोनल) सुनील भास्कर ने कहा, ''माओवादियों का आत्मसमर्पण झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' चतरा और पलामू जिलों में कुणाल के खिलाफ 16 मामले लंबित हैं और उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि रोहिणी गंझू के खिलाफ 10 से ज्यादा मामले लंबित हैं। (अनंत ज्ञान)

डोनाल्ड ट्रंप वॉशिंगटन में खुद के नाम पर बनवाएंगे विशाल दरवाजा

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप देश के 250वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजधानी वाशिंगटन डीसी में अपने नाम से एक विशाल दरवाजा बनवाएंगे। इस स्मारक को 'आर्क डी ट्रंप' नाम दिया गया है। इसका इस्तेमाल वर्जीनिया राज्य से राजधानी में प्रवेश के लिए किया जाएगा।

आर्क डी ट्रंप नाम होग, शहर में इसी रास्ते से होगी एंट्री

इसका डिजाइन पेरिस के आर्क डी ट्रायम्फ से मिलता-जुलता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में इस स्मारक के तीन अलग-अलग आकार के मॉडल्स भी दिखाए। इनमें एक सफेद आर्क, ईगल के संगमरमर के पुतले और गोल्डन लेडी लिबर्टी की मूर्ति शामिल थी। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस आर्क का आइडिया खुद ट्रंप का था। ट्रम्प इस आर्क के डिजाइन बनाने की प्रक्रिया में भी शामिल रहे। आर्क डी ट्रंप नाम का यह दरवाजा राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस से सिर्फ 4 किमी दूर बनेगा। ट्रंप के प्लान के मुताबिक यह दरवाजा पोटोमैक नदी के पार लिंकन मेमोरियल के सामने बनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

जुबिन की मौत मामले की होनी चाहिए स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच : खरगे

एजेंसी, नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गर्ग भारत की एक लोकप्रिय सांस्कृतिक हस्ती थे, जिनके निधन ने लाखों प्रशंसकों, खासकर असम के लोगों पर गहरा प्रभाव डाला है। खरगे ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी उनके परिवार और प्रशंसकों के लिए न्याय की मांग करती है। उनकी मृत्यु की जांच स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए। उनके निधन के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के अनुसार कड़ी सजा मिलनी चाहिए।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जुबिन और उनकी आवाज भारत के दिलों-दिमाग में बसी हुई है। (अनंत ज्ञान)

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

सेंसेक्स 484 अंक उछला, निफ्टी 0.49 प्रतिशत चढ़कर हुआ बंद

एजेंसी, मुंबई

प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 484 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक यानी 0.58 प्रतिशत उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक बढ़कर 84,172.24 अंक पर पहुंच गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 124.55 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,709.85 अंक पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

सोना पहली बार 1.30 लाख पार

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने ने आज (17 अक्तूबर) फिर नया ऑलटाइम हाई रिकॉर्ड बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज (17 अक्तूबर) 2,113 रुपए बढ़कर 1,29,584 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 1,30,874 का ऑलटाइम हाई बनाया था। कल ये 1,27,471 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी रही। यह 1,147 रुपए बढ़कर 1,69,230 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। कल चांदी 1,68,083 रुपए प्रति किलो थी।

पाकिस्तानी आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला; 7 सैनिकों की मौत, 13 घायल

एजेंसी, वजीरिस्तान

पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हालांकि, अधिकारियों ने दावा किया है कि उनका कोई सैनिक नहीं मारा गया।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। इसने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया।

लोकल मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने सुरक्षा के मद्देनजर हमलावर हेलिकॉप्टर तैनात कर दिए हैं। हाल के महीनों में यह उत्तर वजीरिस्तान के सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

गजब : रेलवे प्लेटफॉर्म पर वीडियो कॉल से महिला की सफल डिलीवरी

एजेंसी, मुंबई

मुंबई में एक रेलवे स्टेशन पर युवक ने वीडियो कॉल के जरिए महिला की डिलीवरी कराई। 27 साल के विकास बेद्रे पेशे से वीडियो कैमरामैन हैं। दरअसल, वीडियो कैमरामैन विकास बेद्रे 14 अक्तूबर की रात करीब 1 बजे लोकल ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन उत्तरी मुंबई के राम मंदिर स्टेशन के पास पहुंची, बगल वाले डिब्बे में एक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जब विकास ने महिला को दर्द में देखा तो उन्होंने तुरंत ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींच दी।

युवक ने चायवाले से कैंची ली, नाल काटी

प्रत्यक्षदर्शी बोले- यह है असली रैंचो

विकास ने सबसे पहले एंबुलेंस या डॉक्टर ढूंढ़ने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। फिर उन्होंने अपनी फ्रेंड डॉक्टर देविका देशमुख को फोन किया, तब तक बच्चे का सिर पहले ही बाहर निकल चुका था। विकास ने बताया कि देविका ने मुझसे कहा कि अब तुम्हें डॉक्टर बनना होगा। विकास ने वीडियो कॉल पर उनसे डिलीवरी के निर्देश लिए। विकास ने कहा, 'उन्होंने मुझे समझाया कि क्या करना है, वह जैसा कहती रहीं, मैंने वही किया। मैं प्लेटफार्म पर एक चाय की दुकान से किसी तरह एक कैंची ले आया। डिलीवरी की तैयारी में मदद के लिए कुछ चादरें भी इकट्ठा कीं। फिर बच्चे का जन्म कराया।' बच्चा और मां दोनों सुरक्षित हैं। सोशल मीडिया पर लोग विकास की फोटो पोस्ट कर उन्हें असल जिंदगी का रैंचो (3 इडियट्स का एक किरदार) बता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

बोस्टन ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची अनाहत सिंह

एजेंसी, नई दिल्ली। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अमेरिका की चार्लोट सेज को हराकर 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट बोस्टन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता अनाहत ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद अंतिम 16 दौर में स्थानीय खिलाड़ी सेज को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराया। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज दिल्ली की इस युवा खिलाड़ी के सामने अब मिस्र की आठवीं वरीयता प्राप्त यना स्वाइफी की चुनौती होगी। (अनंत ज्ञान)

फीफा ने की विश्व कप 2026 के 10 लाख से अधिक टिकट बिकने की घोषणा

एजेंसी, मियामी। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विज्ञप्ति में कहा, ''दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।''फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल' साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट बृहस्पतिवार दोपहर तक 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे। (अनंत ज्ञान)

कैथरीन झू का खूबसूरत अंदाज

कनाडा। कैथरीन झू एक अव्वल दर्जे की टेनिस खिलाड़ी है। उनका जन्म वैंकूवर, कनाडा में हुआ था। कॉलेज स्तर पर वह गोल्फ भी खेलती रही हैं। विश्वविद्यालय में उनका स्कोर औसत 76.54 रहा है। झू अपने पिता की तरह एक शौकीन टेनिस खिलाड़ी भी हैं।

पाकिस्तान महिला विश्व कप से बाहर, लेकिन खेल बिगाड़ने को तैयार

न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल राह में रोड़ा बनेगा पाक

एजेंसी, कोलंबो

अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम शनिवार को आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें विरोधी टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेरने पर टिकी होंगी। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के कारण धुल जाने के कारण गंवाए गए मौकों का मलाल होगा। पाकिस्तान ने बारिश से बाधित 31 ओवर के मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट पर 133 रन पर रोका और फिर 113 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए 6.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बारिश के कारण मैच को अंतत: रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण पाकिस्तान की जीत की संभावना खत्म हो गई और वह चार मैच में तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

वर्ष 2000 का चैंपियन न्यूजीलैंड तीन मैच में तीन अंक के साथ शीर्ष चार से बाहर है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो मैच गंवाने के

बाद न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत के साथ वापसी की। हालांकि, टीम का श्रीलंका के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

भारत और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमश: 23 और 26 अक्तूबर को होने वाले कड़े मुकाबलों को देखते हुए न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए पाकिस्तान को हराना चाहेगी।

पाकिस्तान ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें कप्तान फातिमा सना ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की। बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी दो विकेट लेकर बारिश के खलल पड़ने से पहले अपनी टीम को नियंत्रण में रखा। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम को रोकने के लिए गेंदबाजी में एक और ऑलराउंड प्रयास की जरूरत होगी।

न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। ब्रुक हॉलिडे की दमदार पारी के साथ उनकी संयमित पारी ने न्यूजीलैंड को बांग्लादेश के खिलाफ वापसी दिलाने में मदद की थी। हालांकि, शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। न्यूजीलैंड की गेंदबाजी में स्थिरता रही है। डिवाइन (54 रन पर तीन विकेट) और ब्री इलिंग (39 रन पर दो विकेट) ने अपने पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था, लेकिन दोनों टीम की बल्लेबाजों को

मैच : दोपहर 3:00 बजे से

संभावित टीमें

पाकिस्तान: फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

न्यूजीलैंड: सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मायर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

खराब मौसम के कारण अपने पिछले मुकाबलों में मैदान पर अधिक समय बिताने का मौका नहीं मिला और अगर हालात सही रहे तो वे इसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। बारिश बड़ा मुद्दा बनी हुई है। एक बार फिर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है जिससे मैच में खलल पड़ने का खतरा है। (अनंत ज्ञान)

वुमंस वर्ल्ड कप : श्रीलंका-दक्षिण अफ्रीका के मैच में बारिश का खलल

एजेंसी, कोलंबो

वुमंस वनडे वर्ल्ड कप के 18वें लीग स्टेज मुकाबले में शुक्रवार को बारिश ने खलल डाला। साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले जा रहा मैच फिलहाल, बारिश के कारण रुका हुआ था। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट पर 46 रन बना लिए हैं।

कप्तान चमारी अटापट्टू 11 रन बनाए, उन्हें मसाबाता क्लास ने पगबाधा आउट किया। वहीं, हसिनी परेरा महज 7 गेंदों में 4 रन बनाकर आउट हो गई, उन्हें भी मसाबाता क्लास ने बोल्ड किया। पावरप्ले के अंदर श्रीलंका की टॉप-3 बैटर्स पवेलियन लौट चुकी हैं। विश्मी गुणारत्ने 12 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गईं। उन्हें घुटने पर बॉल लग गई। फिजियो की सलाह पर उन्हें स्ट्रेचर के जरिए मैदान से बाहर ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, वे बैटिंग कर सकेंगी। समाचार लिखे जाने तक श्रीलंका ने 12 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 46 रन बना लिए थे। दोनों टीमें बारिश रुकने का इंतजार कर रही थीं। (अनंत ज्ञान)

हेड को 2027 वनडे विश्व कप में रोहित-कोहली के खेलने की उम्मीद

एजेंसी, पर्थ

ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को उम्मीद है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की सीमित ओवरों की महान जोड़ी 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक खेलती रहेगी।

रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं और रविवार से शुरू हो रही एकदिवसीय सीरीज में सभी की निगाहें इन दोनों स्टार भारतीय बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल के साथ मीडिया से बात करते हुए हेड ने कहा कि वह रोहित और कोहली को दो साल बाद होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहेंगे, हालांकि आगामी सीरीज ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी सीरीज होने की उम्मीद है। हेड ने कहा, ''दो स्तरीय खिलाड़ी, सफेद गेंद के दो बेहतरीन खिलाड़ी। शायद विराट सफेद गेंद का सबसे महान खिलाड़ी है। रोहित भी शायद बहुत पीछे नहीं हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो इसी प्रारूप में पारी का आगाज करता है, रोहित और उनके प्रदर्शन का बहुत सम्मान करता हूं। मुझे यकीन है कि किसी न किसी मोड़ पर उन्हें उनकी कमी खलेगी, लेकिन मुझे लगता है कि वे दोनों 37 साल के हो जाएंगे, है न?'' भारत और ऑस्ट्रेलिया विभिन्न प्रारूपों में अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं और आईपीएल की वजह से दोनों टीम के खिलाड़ी एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। हालांकि, हेड को रोहित से बल्लेबाजी के बारे में बात करने का कभी मौका नहीं मिला और वह निकट भविष्य में ऐसा करने की उम्मीद करते हैं।

हेड ने कहा, ''लेकिन हां, मैं कभी उनके संपर्क में नहीं आया। मुझे उनके साथ कहीं भी खेलने का मौका नहीं मिला। एक मौका मिल सकता है, लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि मुझे लगता है कि वह अभी थोड़ा और खेलेंगे और भारत में कुछ समय खेलने का मौका मिलेगा इसलिए वह मौका आ सकता है।'' (अनंत ज्ञान)

ओसाका चोट के कारण जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल से हटीं

एजेंसी, ओसाका। नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया। (अनंत ज्ञान)

ऑस्ट्रेलियन ऑलराउंडर ग्रीन भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली

पहला वनडे 19 अक्तूबर को पर्थ में ऑस्ट्रेलियन ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पीठ दर्द के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है। टीम इंडिया फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है, जहां उसे तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला वनडे 19 अक्तूबर को पर्थ में खेला जाएगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया, स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। उनको चोट लगी है जो लो-ग्रेड है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया उनको लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहता है, क्योंकि उसके लिए एशेज सीरीज ज्यादा अहम है। इसलिए एहतियात के तौर पर ग्रीन को बाहर किया गया है, ताकि वह एशेज के लिए तैयार रहें। हालांकि, वह 28 सितंबर से शेफील्ड शील्ड में खेलेंगे। सीए ने अपने बयान में कहा, ग्रीन कम समय के लिए रिहैब करेंगे और फिर उनकी प्रोगेस को शेफील्ड शील्ड के तीसरे राउंड में परखा जाएगा।

मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम में नहीं रखा गया था। उन्हें बाहर करने की सबसे बड़ी वजह उनका खराब प्रदर्शन रहा। उन्होंने अपनी पिछली 10 पारियों में सिर्फ 138 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 47 रन रहा है।

न्यूजीलैंड-इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 आज

एजेंसी, न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का शनिवार से आगाज होने जा रहा है। इस मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला होने की पूरी उम्मीद है। पिछले कुछ समय से इंग्लैंड की टीम का प्रदर्शन मिला-जुला ही रहा है। ऐसे में न्यूजीलैंड को उसके घर में जाकर हराना इंग्लैंड के लिए बड़ी चुनौती रहेगा, लेकिन इंग्लैंड की टीम में कई ऐसे मैच जिताऊ खिलाड़ी मौजूद है जो किसी भी वक्त मैच का पासा पलटने की ताकत रखते हैं।

इंग्लैंड की वर्तमान टीम में हैरी ब्रूक से खतरनाक बल्लेबाज शायद ही कोई दूसरा होगा। क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में उनके खेलने की शैली एक जैसी ही नजर आती हैं। पिछली सीरीज में आयरलैंड के खिलाफ उनको रेस्ट दिया गया था, लेकिन कीवी टीम के खिलाफ इस टी-20 सीरीज में वह एक बार फिर कप्तानी की भूमिका में नज़र आएंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ मिडल ऑर्डर में बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान हैरी ब्रूक के कंधों पर ही रहेगा। इंग्लैंड की तरकस में वैसे तो कई बड़े तीर हैं, लेकिन ओपनिंग जोड़ी के रूप में फिल सॉल्ट और जोस बटलर टीम की सबसे मजबूत ताकत हैं।

इन दोनों में से एक का भी बल्ला चला तो फिर मैच का परिणाम भी इंग्लैंड के पक्ष में होने की उम्मीद होगी। इनके बाद बल्लेबाजी का जिम्मा जेकब बेथेल, टॉम बेंटन और जॉर्डन कॉक्स पर रहेगा, जबकि सेम करण इस सीरीज में इंग्लैंड के मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में रहेंगे, जो गेंद और बल्ले से दोनों जगह टीम को जिताने में पूरी ताकत लगा देंगे। इंग्लैंड की टीम की बल्लेबाजी का विश्लेषण तो देख लिया, लेकिन कीवी टीम में एक से बढ़कर एक बल्लेबाज मौजूद हैं। ऐसे में इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए गेंदबाजों पर भी निर्भर रहना होगा। (अनंत ज्ञान)

लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत के लक्ष्य सेन और शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विक-चिराग तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी ने डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। जिस्के बैंक एरिना में खेले गए मुकाबले में दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्थानीय एंडर्स एंटोनसेन को 53 मिनट तक चले मैच में 21-13, 21-14 के स्कोर से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहले गेम में शुरुआती दो अंक गंवाने के बाद, लक्ष्य सेन ने जल्द ही लय पकड़ ली और अपने आक्रामक खेल का इस्तेमाल करते हुए नियंत्रण हासिल किया और पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में एंडर्स एंटोनसेन लक्ष्य सेन के साथ बराबरी बनाए रखने में कामयाब रहे। (अनंत ज्ञान)

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर निक मैडिंसन ने कैंसर से जूझने का किया खुलासा

एजेंसी, मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटर निक मैडिंसन ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में वृषण (टेस्टिकुलर) कैंसर का पता चलने के बाद उन्होंने कीमोथेरेपी करवाई थी, लेकिन अब वे अपना करियर फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट और छह एकदिवसीय मैच खेलने वाले इस 33 साल के खिलाड़ी ने बताया कि उन्हें इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसके बाद इस चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। 'क्रिकेट डॉटकॉमडॉटएयू' ने मैडिंसन के हवाले से लिखा, ''जब मुझे पता चला कि मुझे कीमोथेरेपी करवानी है, तो इससे निपटना मेरे लिए काफी मुश्किल था। यह मेरे पेट के 'लिम्फ नोड्स' और फेफड़ों के कुछ हिस्सों में फैल गया था। यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण दौर था।'' आईपीएल 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए तीन मैच खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, ''दूसरे या तीसरे सप्ताह तक मेरे सारे बाल झड़ गए। मैं अब काफी सामान्य महसूस कर रहा था। मैं इसके दुष्प्रभावों से निपटने के लिए तरह-तरह के स्टेरॉयड (दवा) ले रहा था, लेकिन इससे मैं रात भर सो नहीं पता था।''

उन्होंने कहा, ''मैं लगभग एक बजे तक सोता था, लेकिन कभी-कभी मैं सुबह छह बजे तक जागा रहता था। मुझे यह मुश्किल लग रहा था। मैं बहुत थक गया था और मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मुझे चौबीसों घंटे सोना ही है। ये नौ सप्ताह मेरे लिए काफी मुश्किल भरे रहे थे।'' कीमोथेरेपी से हालांकि मैडिन्सन को काफी फायदा हुआ और वह अपनी क्रिकेट यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

भारत-पाकिस्तान वुमंस वर्ल्ड कप मैच ने तोड़ा व्यूअरशिप रिकॉर्ड

एजेंसी, नई दिल्ली

2.84 करोड़ दर्शक, 187 करोड़ मिनट का वॉचटाइम

वुमंस इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा भारत और पाकिस्तान के बीच वुमंस वर्ल्ड कप 2025 में खेले गए मुकाबले ने व्यूअरशिप का नया रिकॉर्ड बना दिया। आईसीसी के मुताबिक 5 अक्तूबर को कोलंबो में खेले गए उस मैच को 2.84 करोड़ दर्शकों ने मिलकर 187 करोड़ मिनट तक देखा। यह मैच अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया विमेंस इंटरनेशनल मुकाबला बन गया।

आईसीसी ने कहा, दर्शकों की संख्या के लिहाज से यह मैच सबसे शानदार था, लेकिन इसके अलावा भी वर्ल्ड कप के लीग-स्टेज के पहले हाफ में डिजिटल-टीवी प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखने को मिली।

पहले 11 मैचों को टीवी पर 7.2 करोड़ दर्शकों ने देखा: भारत-पाकिस्तान मुकाबला वुमंस वर्ल्ड कप कप इतिहास में लीग स्टेज पर टीवी व्यूअरशिप के मामले में भी सबसे ऊपर रहा। श्रीलंका, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के मैचों सहित पहले 11 मैचों को कुल मिलाकर 7.2 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह 2022 वर्ल्ड कप की तुलना में 166% की वृद्धि है। इन मैचों को टोटल 630 करोड़ मिनट का वॉचटाइम मिला। (अनंत ज्ञान)

पहले 13 मैच को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिले छह करोड़ व्यूअर्स

आईसीसी और जियोहॉटस्टार की तरफ से जारी डेटा के अनुसार, टूर्नामेंट के पहले 13 मैच को 6 करोड़ व्यूअर्स मिल चुके हैं। यह 2022 एडिशन की तुलना में पांच गुना की वृद्धि है। पहले 13 मैच के दौरान कुल 700 करोड़ मिनट देखे गए। यह पिछले टूर्नामेंट की तुलना में 12 गुना ज्यादा है। आईसीसी ने बताया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्तूबर को खेले गए मुकाबले को जियोहॉटस्टार पर एक समय पर एक साथ 48 लाख लोग देख रहे थे। यह भी विमेंस क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड है।

बावुमा भारत दौरे पर आने वाली द. अफ्रीका-ए टीम में शामिल

एजेंसी, जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान तेम्बा बावुमा को इस महीने के अंत में भारत दौरे के लिए देश की 'ए' टीम में शामिल किया गया है ताकि 14 नवंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सके।

बवुमा पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं है। उन्हें पूरी तरह से उबरने के लिए समय देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज की टीम में नहीं चुना गया है। बावुमा को 'ए' टीम में शामिल करके टीम में वापसी करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्हें शुभमन गिल और उनकी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय परिस्थितियों में ढलने में मदद मिलेगी। सूत्रों के अनुसार, 'वह बेंगलुरु में खेले जाने वाले दो प्रथम श्रेणी मैचों में से दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।'' दक्षिण अफ्रीका भारत दौरे पर दो टेस्ट के अलावा तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उनका यह दौरा 19 दिसंबर तक चलेगा। बल्लेबाज मार्कस एकरमैन इन चार दिवसीय मैचों में टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में जुबैर हम्जा और बल्लेबाज प्रेनेलन सुब्रयान भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

हौसला अक्षर पटेल बोले-हम रणनीति और टाइमिंग पर कर रहे फोकस

गिल की कप्तानी में कोहली-रोहित का अनुभव बना ताकत

एजेंसी, पर्थ

बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी शुभमन गिल को एक कप्तान के तौर पर बेहतर होने में मदद करेगी। भारतीय टीम रविवार को तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।

टीम के यहां पहुंचने के बाद दूसरे अभ्यास सत्र के बाद अक्षर ने कहा कि मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत के लिए खेलने को तैयार रोहित और कोहली पहले की तरह ही चुस्त दिख रहे हैं। भारत ने रोहित की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बावजूद गिल को इस दौरे पर वनडे टीम की कमान सौंपी गयी है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ एक संयुक्त बातचीत में कहा, ''गिल के लिए यह एकदम सही है। रोहित भाई और विराट भाई मौजूद हैं और इसके साथ ही वे कप्तान भी रहे हैं। इसलिए वे अपना योगदान भी दे सकते हैं। ऐसे में कप्तान के तौर पर गिल का अच्छा विकास होगा।''

उन्होंने कहा, ''गिल की कप्तानी में अब तक जो अच्छी बात रही है, वह यह है कि उन पर दबाव हावी नहीं हुआ है।'' रोहित और कोहली को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेले हुए काफी समय हो गया है, लेकिन अक्षर ने कहा कि वह पहले की तरह ही फिट और चुस्त दिख रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''वे दोनों विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके फॉर्म (लय) के बारे में हमें शुरुआती वनडे मैच के बाद पता चलेगा। वे पेशेवर हैं, इसलिए उन्हें पता है कि क्या करना है। वे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) में अभ्यास कर चुके हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वे खेलने के लिए तैयार हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमें यहां अब ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों जैसा महसूस नहीं होता। हमें ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार रहना पड़ता है। अक्षर ने कहा, ''हम अब इस बारे में सोच रहे हैं कि हम कहां रन बना सकते हैं, इसलिए हम रणनीति और टाइमिंग पर बात कर रहे हैं। हम पिच की नहीं, बल्कि इस बारे में बात कर रहे हैं कि हम कैसे रणनीति बना सकते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

जडेजा की जगह अक्षर को निभानी होगी बड़ी जिम्मेदारी

उन्होंने कहा, ''मैं इस सीरीज को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। एशिया कप में मैंने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था। लंबे समय (2022 टी20 विश्व कप) के बाद, मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलूंगा। मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं।''